# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

रायपुर, मंगलवार 16 जून 2026

haribhoomi.com







### बीजापुर हारे, लेकिन प्रदेश की सत्ता में आए

प्रधान संपादक के इस सवाल पर कि पिछले दो चुनाव में बीजापुर में कांग्रेस का विधायक बन रहा है, यहां भाजपा हार रही है। इस पर केदार कश्यप ने कहा कि भले ही दो बार यहां हार मिली। लेकिन पूरे प्रदेश में जनता ने कांग्रेस को उखाड़ फेंका। बीजापुर में क्यों हारे, इसमें नक्सलवाद भी एक कारण है। अंदरूनी क्षेत्र में हमारे कार्यकर्ता प्रचार करने जा नहीं पाते थे। हमारे कई कार्यकर्ताओं ने अपनी जान दी है। अब पूरा जिला नक्सलमुक्त हो गया है इसलिए आने वाले चुनाव में बीजापुर में कमल खिलेगा और भाजपा का विधायक बनेगा।

जिला संवाद में डॉ. हिमांशु द्विवेदी के सवालों पर प्रभारी मंत्री ने दिए जवाब

# 'नक्सल आतंक का अंत' विकसित भारत में विकसित बीजापुर का सपना पूरा करेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

खास खबर

नक्सल आतंक और खौफ के चलते बीजापुर जिले के अंदरूनी इलाकों में समुचित रूप से विकास की किरण पहुंच नहीं रही थी। नक्सलवाद का खात्मा पूरे देश से होना हमारी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है। अब विकास के कार्यों को पूरे बीजापुर जिले के गांव- ▶▶|शेष पेज 7 पर



### कोई बाहरी जमीन नहीं हथिया रहा

केदार कश्यप ने क्षेत्र के कांग्रेसियों के इस आरोप को सिरे से खारिज कर दिया कि बाहरी लोग षडयंत्रपूर्वक यहां जमीन हथिया रहे हैं। उन्होंने दावे के साथ कहा कि साय सरकार में कोई भी गलत काम नहीं हो सकता। कांग्रेसियों द्वारा अदाणी-अंबानी के बारे में बातें कहने के जवाब में उन्होंने कहा कि पूरे देश में कांग्रेस इन्हीं का नाम ▶▶| शेष पेज 7 पर

नियामक आयोग ने जारी किया नया टैरिफ, 1 जुलाई से होगा लागू

# घर की बिजली 30 से 50 पैसा प्रति यूनिट महंगी, खेती और उद्योगों को भी झटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


प्रदेश के हर वर्ग के बिजली उपभोक्ताओं को अंततः महंगी बिजली का बड़ा झटका लग गया है। बिजली नियामक आयोग ने सोमवार को नया टैरिफ जारी किया है। इसमें घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली 30 से 50 पैसे यूनिट तक महंगी हो गई है। अन्य उपभोक्ताओं की बिजली 30 से 40 पैसे यूनिट महंगी हुई है। कृषि की बिजली में भी 40 पैसों का इजाफा किया गया है। वैसे तो स्टील उद्योगों की बिजली की महंगी हुई है, लेकिन इनको लोड फैक्टर में 25 फीसदी तक छूट के कारण बड़ा लाभ मिलेगा। 1 जुलाई से नया टैरिफ लागू होगा।

खास खबर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने नए सत्र के लिए नियामक आयोग में जो याचिका लगाई थी, उसमें 6304 करोड़ का घाटा बताते हुए बिजली के दाम करीब 24 फीसदी बढ़ाने की मांग रखी थी। आयोग ने घाटे की समीक्षा करने के बाद घाटे को 1662 करोड़ का माना और बिजली की दरों में 6.23 फीसदी का इजाफा किया है। ऐसे में हर वर्ग के उपभोक्ताओं की बिजली महंगी हो गई है। आयोग ने 32520 करोड़ के राजस्व की जरूरत को 28346 करोड़ माना।

नए टैरिफ में जहां घरेलू उपभोक्ताओं को 30 से 50 पैसे प्रति यूनिट पर ज्यादा देने होंगे, वहीं गैर घरेलू वर्ग को 20 से 40 पैसे ज्यादा देने होंगे। गैर घरेलू वर्ग में 100 यूनिट तक की खपत पर प्रति 6.30 रुपए को 6.50 रुपए किया गया है। 101 से 400 ▶▶|शेष पेज 7 पर

### कृषि की बिजली 40 पैसे, गैर घरेलू और उद्योगों की बिजली 30 पैसे यूनिट महंगी



घरेलू बिजली की दरें

| यूनिट | वर्तमान दर | नई दर |
|---|---|---|
| 0-100 | 4.10 रुपए | 4.40 रुपए |
| 101-200 | 4.20 रुपए | 4.50 रुपए |
| 201-400 | 5.50 रुपए | 6.00 रुपए |
| 401-600 | 6.60 रुपए | 7.00 रुपए |
| 601 से अधिक | 8.30 रुपए | 8.80 रुपए |

### स्टील उद्योग को लोड फैक्टर का लाभ

स्टील उद्योगों की दरों में भी वैसे तो 30 पैसे प्रति यूनिट का इजाफा किया गया है। इनकी दर को 6.10 रुपए से बढ़ाकर 6.40 रुपए कर दिया गया है। लेकिन इसी के साथ इनको लोड फैक्टर में मिलने वाली 25 फीसदी की छूट को कम नहीं किया गया है, जबकि पॉवर कंपनी ने इस छूट को कम करने का प्रस्ताव दिया है। छूट कम न होने के कारण स्टील उद्योगों को घरेलू से भी सस्ती बिजली मिलती रहेगी।

नियामक आयोग ने कहा

### लागत में वृद्धि को देखते हुए मामूली बढ़ोतरी

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग का कहना है कि पिछले वर्षों में बढ़ी महंगाई, कोयला, बिजली उत्पादन और आपूर्ति लागत तथा पूर्व वर्षों के घाटे की भरपाई को देखते हुए यह मामूली वृद्धि, जरूरी और न्यायसंगत है। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरों में औसतन 30 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। हालांकि उपभोग के अलग-अलग स्लैब के अनुसार यह बढ़ोतरी 30 से 50 पैसे प्रति यूनिट तक रहेगी। शून्य से 200 यूनिट तक खपत करने वाले उपभोक्ताओं के लिए 30 पैसे प्रति यूनिट, 201 ▶▶| शेष पेज 7 पर

16 से 27 जून तक चलेगा शाला प्रवेश उत्सव अभियान

# स्कूल चलें हम...आज से प्रवेश उत्सव सीएम ने जनप्रतिनिधियों को लिखी चिट्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रायपुर

प्रदेशभर के शैक्षणिक संस्थान मंगलवार से खुल जाएंगे। विद्यालयों में छात्रों की प्रवेश संख्या बढ़ाने और अधिक से अधिक विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने 16 जून से शाला प्रवेशोत्सव की शुरुआत कर दी जाएगी। 27 जून तक यह प्रवेशोत्सव चलेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जनप्रतिनिधियों को पत्र लिखकर शाला प्रवेश उत्सव में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया है। उन्होंने कहा, शिक्षा किसी भी समाज और राष्ट्र की प्रगति का सबसे सशक्त आधार है तथा यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि प्रदेश का कोई भी ▶▶|शेष पेज 7 पर



### इस सत्र से 150 विवेकानंद विद्यालय

वर्तमान शैक्षणिक सत्र से प्रदेश में 150 विवेकानंद विद्यालय प्रारंभ किए जा रहे हैं। ये इंग्लिश माध्यम विद्यालय होंगे। ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों को इस योजना में शामिल किया जाएगा ताकि दूरस्थ क्षेत्र के विद्यार्थी भी अंग्रेजी भाषा में दक्ष हो सकें। इसका जिक्र करते हुए सीएम ने कहा, नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप शासकीय विद्यालयों को आधुनिक, तकनीक-संपन्न और छात्र-केंद्रित संस्थानों के रूप में विकसित किया जा रहा है। विद्यार्थियों को मध्यान्ह भोजन, निःशुल्क ▶▶| शेष पेज 7 पर

अधिसूचना जारी, 5 दिन होगी बैठक

# विधानसभा का मानसून सत्र 13 से 17 जुलाई तक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र की तारीख का ऐलान विधानसभा सचिवालय ने कर दी है। 13 से 17 जुलाई तक चलने वाले सत्र में पांच बैठकें होंगी। सत्र के दौरान सरकार वित्तीय और अन्य महत्वपूर्ण शासकीय कार्य सदन में पेश ▶▶|शेष पेज 7 पर

### पक्ष और विपक्ष होंगे आमने-सामने

मानसून सत्र में विपक्ष विभिन्न जनहित, स्थानीय और वित्तीय मुद्दों को लेकर सरकार को घेरेगा। वहीं सरकार अपने महत्वपूर्ण एजेंडे और प्रस्तावों को सदन से पारित कराने की तैयारी में जुटी है। सरकार और विपक्ष के बीच तीखी बहस के साथ कई महत्वपूर्ण फैसलों पर पूरे प्रदेश की नजर रहेगी। विपक्ष खरीफ सीजन में किसानों को खाद-बीज की किल्लत, पेट्रोल-डीजल के ▶▶| शेष पेज 7 पर

15 किलो तक लगेज फ्री, इसके बाद प्रति तीन किलो 1650 रुपए शुल्क

# हवाई यात्रियों पर लगेज चार्ज का बोझ, घरेलू विमानों पर देना होगा 59 फीसदी ज्यादा शुल्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

विमानों में सफर करने वाले यात्रियों पर एक फिर लगेज चार्ज का बोझ डाला गया है। डोमेस्टिक फ्लाइट का संचालन करने वाली इंडिगो ने घरेलू विमानों में बैगेज चार्ज में 59 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। वहीं इंटरनेशनल फ्लाइट में पूर्व निर्धारित दर से तीन गुना से ज्यादा शुल्क तय किया गया है। ▶▶|शेष पेज 7 पर




घरेलू विमानों में इस तरह का शुल्क

| किलो | पहले | अब |
|---|---|---|
| 3 | 975 | 1650 |
| 5 | 1625 | 2750 |
| 10 | 3250 | 5495 |
| 20 | 6500 | 9990 |
| 25 | 8125 | 12500 |
| 30 | 9750 | 14985 |
| 40 | 13000 | 19200 |

### इंटरनेशनल फ्लाइट में 2 सौ नहीं, 625 रुपए प्रति किलो

विदेश यात्रियों को एक निर्धारित वजन का सामान अपने साथ ले जाने की छूट होती है। इसके बाद के लगेज का किलो के हिसाब से शुल्क देना होता है।पहले इसके लिए 100 प्रति किलो का लगेज शुल्क तय था। नवंबर में इसे बढ़ाकर 2 सौ रुपए किया गया था और जून में इस चार्ज को 625 रुपए प्रति किलो कर दिया गया है। 625 रुपए के हिसाब से 8 किलो तक फिर 15 से 30 किलो तक के लगेज के लिए 500 रुपए प्रति किलो के हिसाब से शुल्क तय किया गया है।




# युवा शक्ति के उन्नयन का संकल्प

**कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और रोजगार को बढ़ावा**



**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री



**श्री विष्णु देव साय**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

- छात्र स्टार्टअप एवं नवाचार नीति के लिए **5 करोड़ का प्रावधान**
- नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तकनीकी शिक्षा का विस्तार, जगरगुंडा और ओरछा में **नए आईटीआई**
- **145 शासकीय आईटीआई** में आधुनिक उपकरणों के लिए ₹25 करोड़
- **35 आईटीआई** में भवन निर्माण और मरम्मत के लिए ₹25 करोड़
- **लाईवलीहुड कॉलेज योजना** के लिए ₹33 करोड़, युवाओं को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण
- कौशल उन्नयन के लिए नवा रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का **लाईवलीहुड सेंटर** ऑफ एक्सीलेंस




हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

**सुशासन से समृद्धि की ओर**

ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

रायपुर

**मंगलवार 16 जून 2026**

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वितीया
वर्ष : 24, अंक : 326
पृष्ठ : 12+4+4+8 = 28 मूल्य : 5 .00**

**मौसम**
अधि. 39.0
न्यून. 28.5

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**यूपीएससी सिविल सेवा प्री के नतीजे घोषित**

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग ने सोमवार को सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम घोषित किए, जिसमें कुल 13,343 उम्मीदवार सफल हुए हैं। यह प्रारंभिक परीक्षा 24 मई को आयोजित की गई थी। इस वर्ष सिविल सेवा परीक्षा, 2026 के लिए अधिसूचित 1,016 रिक्तियों के मुकाबले कुल 13,343 उम्मीदवारों को सिविल सेवा (मुख्य) परीक्षा, 2026 के लिए चयनित किया गया है। पिछले वर्ष (2025) की सिविल सेवा (मुख्य) परीक्षा के लिए 1,087 रिक्तियों के मुकाबले 14,161 उम्मीदवारों को चयनित किया गया था।






# स्कूलों में झरिया का पानी पीएंगे, उसी से बना मध्यान्ह भोजन भी खाएंगे बच्चे



गोरेलाल सिन्हा ▶▶| गरियाबंद

देश कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल शिक्षा और आधुनिक भारत के सपनों को साकार करने में जुटा है, लेकिन आदिवासी बहुल गरियाबंद जिले में नए शिक्षा सत्र 2026-27 की शुरुआत ऐसे हालात में होने जा रही है जहां कई स्कूली बच्चे झरिया का पानी पीकर और उसी पानी से बने मध्यान्ह भोजन के भरोसे अपना भविष्य संवारने स्कूल पहुंचेंगे। जिले में चार ऐसे स्कूल हैं और यह सब बाकायदा शिक्षा विभाग के रिकॉर्ड में दर्ज ▶▶|शेष पेज 7 पर

हरिभूमि लगातार





**स्कूल चलें हम...**

किस्त 10

गरियाबंद

### देवभोग में खपरैल के नीचे चल रही पढ़ाई

देवभोग विकासखंड के 186 स्कूलों में 16 हजार 603 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। यहां छह स्कूल अत्यंत जर्जर स्थिति में हैं, जबकि नौ खपरैल युक्त स्कूलों की हालत बेहद खराब है। कई स्थानों पर बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों, सामुदायिक भवनों और ग्रामीणों के घरों में पढ़ाई करनी पड़ रही है। मुख्यमंत्री जतन योजना से राशि मिलने के बावजूद मरम्मत कार्य अधूरे पड़े हैं।



कार्यालय विकासखण्ड स्रोत समन्वयक समग्र शिक्षा मैनपुर जिला – गरियाबंद(छ.ग.)
प्रपत्र 04
पेयजल विहीन स्कूल की जानकारी

| यूडाईस कोड | दर्ज संख्या | पेयजल का स्रोत नलकूप/ग्राम पंचायत द्वारा प्रदत्त जल | वर्तमान स्थिति | पेयजल उपयोगी/अनुपयोगी | मध्यान्ह भोजन की उपयोगी | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 22252606501 | 15 | नही | | | झरिया के पानी से बनता है | |
| 22252620501 | 2 | नही | | | झरिया के पानी से बनता है | |
| 22252626001 | 7 | नही | | | झरिया के पानी से बनता है | |
| 22252629601 | 8 | नही | | | झरिया के पानी से बनता है | |

विकासखण्ड स्रोत समन्वयक, समग्र शिक्षा मैनपुर जिला – गरियाबंद(छ.ग.)
विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड मैनपुर जिला – गरियाबंद(छ.ग.)

**रिपोर्ट में भी झरिया के पानी के उपयोग का उल्लेख**

### छुरा ब्लाक के 67 स्कूलों में शौचालय खराब

छुरा विकासखंड के 367 स्कूलों में 20 हजार 294 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। यहां 67 स्कूलों के शौचालय जर्जर स्थिति में हैं, जबकि 22 स्कूलों में कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण मरम्मत के अभाव में बंद पड़े हैं। 16 जून को स्कूलों की घंटियां तो बज जाएंगी, लेकिन सवाल यह है कि झरिया का पानी पीकर और उसी पानी से बना भोजन खाकर पढ़ने वाले इन बच्चों के सपनों को मजबूत नींव आखिर कब मिलेगी।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1163 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### पीएम लगाएंगे पद्मासन 21 को करेंगे योगासन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव ने घोषणा की है कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 का मुख्य राष्ट्रीय कार्यक्रम 21 जून को कोलकाता में होगा। यहा प्रधानमंत्री योग समारोहों का नेतृत्व करेंगे। आयोजन योग को वैश्विक जनआंदोलन के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।



### कार-डंपर में टक्कर, एक ही परिवार के छह की मौत

**बीकानेर।** राजस्थान के बीकानेर जिले में एक सड़क दुर्घटना में तीन बच्चों समेत एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, यह हादसा श्रीडूंगरगढ़ थाना क्षेत्र के हेमासर फांटा के पास उस समय हुआ, जब एक कार की सामने से आ रहे डंपर ट्रक से टक्कर हो गई। पुलिस ने बताया कि कार में सवार लोग मुकाम स्थित जंभेश्वर मंदिर के दर्शन कर हरियाणा लौट रहे थे।

### भाई-बहन समेत तीन बच्चों की गई जान

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में सोमवार को चंद्रावल नदी में नहाने गए दो सगे भाई-बहन समेत तीन किशोरों की डूबने से मौत हो गई। हादसा जसपुरा थाना क्षेत्र के गौरी कला गांव के पास बह रही चंद्रावल नदी में हुआ। नदी में नहाने के दौरान तीनों बच्चे गहरे पानी में चले गए और डूब गए।



### एक ही परिवार के तीन सदस्य मृत पाए गए

**दुव्वरु।** आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले में एक परिवार के तीन सदस्यों ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। मृतकों की पहचान 65 वर्षीय मधुसूदन, उनकी 56 वर्षीय पत्नी रत्नावली और 26 वर्षीय बेटे साई सम्राट के रूप में हुई है। मधुसूदन और रत्नावली अपने बेटे के भविष्य को लेकर परेशान थे क्योंकि उसे स्थायी नौकरी नहीं मिल पा रही थी। उन्होंने बताया कि तीनों लोग संगम मंडल के दुव्वरु गांव स्थित अपने घर में मृत पाए गए। साई को रोजगार नहीं मिल पा रहा था।

*शांति की नई राह : ट्रंप ने किया दावा-होर्मुज से गुजरने लगे जहाज*

# अमेरिका-ईरान में समझौता, भड़का इजरायल, कहा- हम ट्रंप के गुलाम नहीं

*अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते पर अंतिम सहमति बन गई है। इस समझौते के तहत दोनों देशों ने सभी मोर्चों पर सैन्य कार्रवाइयों को तत्काल और स्थायी रूप से समाप्त करने का निर्णय लिया है। इस ऐतिहासिक समझौते पर औपचारिक हस्ताक्षर समारोह 19 जून को स्विट्जरलैंड में आयोजित किया जाएगा। इधर, इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतमार बेन ग्वीर ने समझौते पर नाराजगी जताते हुए कहा, हम अमेरिका के गुलाम नहीं है।*

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद/वाशिंगटन

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि अमेरिका और ईरान ने अपने 107 दिन लंबे युद्ध को खत्म करने के लिए सोमवार रात ट्रंप ने दावा किया कि होर्मुज से जहाज गुजरने लगे। एक समझौते को अंतिम रूप दे दिया है। इस युद्ध के कारण वैश्विक ऊर्जा संकट पैदा हो गया था। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि उनका देश स्विट्ज़रलैंड में 19 जून को अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर के लिए आयोजित किये जाने वाले समारोह की मेजबानी करेगा। शांति समझौते का विवरण हालांकि तत्काल उपलब्ध नहीं कराया गया है। ट्रंप ने रविवार शाम को ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, इस्लामिक गणराज्य ईरान के साथ समझौते को अंतिम रूप दिया जा चुका है। सभी को बधाई। इस समझौते से वैश्विक ऊर्जा ▶▶|शेष पेज 7 पर

- आधिकारिक तौर पर 19 जून को स्विट्ज़रलैंड में होंगे हस्ताक्षर

**ईरान की तीन शर्तें**

1. नौसैनिक नाकेबंदी खत्म करना
2. युद्ध और सभी सैन्य कार्रवाइयों को रोकना
3. ईरान के फ्रीज्ड फंड जारी करना



107 दिन चला युद्ध, कई दौर की बातचीत

### नेतन्याहू के मंत्री ने कहा लेबनान से पीछे नहीं हटेंगे

इजराइल ने अमेरिका और ईरान के बीच होने वाले शांति समझौते को मानने से इंकार कर दिया है। रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने भी कहा है कि, उनकी सेना दक्षिणी लेबनान से पीछे नहीं हटेगी। लेबनान, सीरिया और गाजा में बनाए गए सिक्योरिटी जोन में इजराइली सेना अनिश्चितकाल तक तैनात रहेगी। इजराइल एक आजाद देश हैं और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का यह समझौता इजराइल पर लागू नहीं होता।

### ईरान ने कहा- पहले डील फिर खुलेगा रास्ता

ईरान के उप-विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने कहा है कि डील हो गई है लेकिन शुक्रवार को हस्ताक्षर होने तक तेहरान इसे लागू करना शुरू नहीं करेगा। उन्होंने बताया कि यह समझौता तेहरान में कतर के प्रतिनिधि के साथ 14 घंटे से ज्यादा चली बातचीत के बाद हुआ है। पाकिस्तान के अलावा कतर एक और अहम मध्यस्थ है।

### ट्रंप को जन्मदिन पर तोहफा

अमेरिका और ईरान के बीच दुश्मनी खत्म करने के लिए हुए समझौते की घोषणा ने डोनाल्ड ट्रंप को उनके जन्मदिन पर एक बेहद शानदार तोहफ़ा दिया है, हालांकि यह काफ़ी अनिश्चितताओं में लिपटा हुआ है। अपनी पोस्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट कमर्शियल जहाजों के लिए खुल जाएगा।

### पीएम मोदी ने किया स्वागत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया में संघर्ष खत्म करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच बनी सहमति का स्वागत किया। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मैं पश्चिम एशिया में संघर्ष को खत्म करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच बनी सहमति का स्वागत करता हूं।

### भारतीय पोत 'दिशा' ने होर्मुज किया पार

भारतीय ध्वज वाला एलएनजी से भरा जहाज 'दिशा' तीन महीने से अधिक समय बाद युद्ध प्रभावित होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र से सुरक्षित बाहर निकलने वाला पहला जहाज बन गया है। यह जहाज 62,370 टन एलएनजी लेकर आ रहा है।



# कहीं खुले आसमान के नीचे तो कहीं झोपड़ी में पढ़ेंगे आदिवासी बच्चे

शेख हसन खान ▶▶| मैनपुर

केन्द्र व राज्य सरकार विशेष पिछडी कमार जनजाति आदिवासियों के विकास और उत्थान के लिए दर्जनों योजनाए चला रही है। लेकिन क्या धरातल में सरकार की योजनाओं का लाभ कमार जनजाति के ग्रामीणों को मिल पा रहा है या नहीं, इसे देखने वाला कोई नहीं है। आज आजादी के 79 वर्षों बाद भी गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत कुल्हाडीघाट के पहाडी गांव के ऊपर बसे कमार जनजाति आदिवासी के बच्चों को पढाई ▶▶|शेष पेज 7 पर



- 15 से 18 वर्षों बाद भी स्कूल भवन का निर्माण कार्य अधूरा
- पहाडी के ऊपर बसे होने के कारण विभाग के अफसर नहीं पहुचते गांव तक

### सरपंच ने बताया हाथियों ने तोड़ा स्कूल भवन

कुल्हाडीघाट के सरपंच बनसिंह सोरी ने बताया कि भालूडिग्गी मे एक भवन टिनशेड लगाकर बनाया गया था जिसे दो साल पहले जंगली हाथियो के दल ने तोड़ दिया। ताराझर मे स्कूल भवन का निर्माण किया जा रहा है, बाकी पहाड़ी गांव मे स्कूल भवन नहीं है।

**बिरेतरा में बुजुर्ग पति-पत्नी की संदिग्ध मौत**

# शाम को साथ किया नाश्ता सुबह दंपति का मिला शव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुद

धमतरी जिले के कुरुद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिरेतरा से एक बेहद चौंकाने वाली और दर्दनाक खबर सामने आई है। यहां एक बुजुर्ग पति-पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। दोनों के शव घर के अलग-अलग कमरों में फांसी के फंदे पर झूलते पाए गए। इस दोहरी मौत की खबर फैलते ही पूरे गांव में सनसनी फैल गई है और मातम छा गया है। सूचना मिलते ही कुरुद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया है। प्रथमदृष्टया यह मामला आत्महत्या ▶▶|शेष पेज 7 पर

### सुबह काम वाली महिला पहुंची तो उड़ गए होश

दंपति का बेटा संजू साहू रविवार दोपहर को अपने परिवार के साथ ससुराल गया हुआ था, जिसके चलते दोनों बुजुर्ग घर पर अकेले थे। सोमवार की सुबह जब गांव की एक महिला किसी घरेलू काम से उनके घर पहुंची, तो वह अंदर का नजारा देखकर चीख पड़ी। बुजुर्ग नंदकुमार साहू का शव घर के मुख्य हॉल में पंखे से लटका हुआ था। उनकी पत्नी सुशीला बाई का शव अंदर बेडरूम में पंखे के हुक से फंदे पर झूल रहा था।

### मौत की वजह सस्पेंस, जांच जारी

गांव वालों के मुताबिक नंदकुमार और सुशीलाबाई बेहद शांत स्वभाव के थे और सामान्य जीवन जी रहे थे। परिवार में किसी भी तरह के बड़े विवाद या बड़ी परेशानी की कोई बात कभी सामने नहीं आई थी। ऐसे में दोनों ने एक ही रात अलग-अलग कमरों में जाकर यह कदम क्यों उठाया, यह रहस्य बना हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों और पड़ोसियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों एंगल्स को ध्यान में रखकर गहराई से तफ्तीश कर रही है, ताकि मौत की वास्तविक वजह साफ हो सके।

**12 लाख का चेक जारी करने के एवज में मांगे थे 2 लाख**

# सरपंच के बेटे से रिश्वत लेते जपं सीईओ समेत 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

सक्ती जनपद पंचायत में एसीबी की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। जनपद सीईओ के साथ क्लर्क और भृत्य को रिश्वत लेते रंगे हांथो पकड़ा गया है। निर्माण कार्य के 12 लाख का चेक जारी करने के एवज में सरपंच के बेटे से 2 लाख रुपए की मांग की गई थी। एसीबी ने ट्रेप कर 1 लाख रुपए लेते हुए तीनों को पकड़ लिया। सक्ती जिला ▶▶|शेष पेज 7 पर



निखिल कश्यप, सीईओ | अविनाश ठाकुर बाबू | लच्छन भानु भृत्य



### बाबू ने भृत्य को रिश्वत लाने भेजा

बाबू अविनाश ठाकुर द्वारा उसे भृत्य लच्छन भानु को लेने के लिए कहा गया। जिस पर रिश्वत राशि 1 लाख रुपए को भृत्य लच्छन भानु द्वारा लिए जाने पर एसीबी बिलासपुर की टीम द्वारा सीईओ निखिल कश्यप, बाबू अविनाश ठाकुर व भृत्य लच्छन भानु को पकड़ लिया गया।

**ऐसा निलंबन कानूनन स्वतः ही समाप्त माना जाएगा**

# हाईकोर्ट ने कहा-निलंबित करने के 90 दिनों के भीतर चार्जशीट जरूरी

**बिलासपुर।** जस्टिस बीडी गुरु के सिंगल बेंच ने लोक निर्माण विभाग के एक निलंबित अधिकारी की याचिका को स्वीकार करते हुए निलंबन आदेश को निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि यदि किसी शासकीय सेवक को निलंबित करने के 90 दिनों के ▶▶|शेष पेज 7 पर



### याचिकाकर्ता की दलील

याचिकाकर्ता की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता ने कहा कि याचिकाकर्ता को निलंबित हुए 90 दिनों से अधिक का समय बीत चुका है। नियम के तहत 90 दिनों के भीतर चार्जशीट जरूरी है।

**'कुमकुम भाग्य' से मिली पहचान, 'छावा' में भी आई थीं नजर**

# संचिता ने किया सुसाइड, 22 की उम्र में दी जान, सदमे में फैंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

जानी मानी अभिनेत्री संचिता उगले ने 14 जून को मुंबई में सुसाइड कर लिया है। यह खबर जैसे ही सामने आई है, फैंस और सेलेब्स के होश उड़ गए हैं। 22 साल की संचिता ने आखिर ये कदम क्यों उठाया, इसे लेकर अभी कुछ सामने नहीं आया है। संचिता ने साजन घर, कुमकुम भाग्य, वागले की दुनिया और दिलवाली दूल्हा ले जाएगी जैसे शोज में काम किया था। संचिता ने शो कुमकुम भाग्य में दीया टंडन का रोल कर घर-घर में पहचान बनाई थी। सबसे ▶▶|शेष पेज 7 पर

### समंदर और झीलों की सैर का बहुत शौक था

उनकी तस्वीरों में किसी भी रूप में फूलों और प्रकृति का नजारा देखने को मिलेगा। वे या तो फूलों को किसी ज्वैलरी की तरह पहना करती थीं, बालों में सजाती थीं। या फिर वे फूलों से सजी-संवरी जगह में तस्वीरें क्लिक कराती थीं।



### सुशांत ने भी 14 जून को दी थी जान

संचिता की ही तरह बॉलीवुड एक्टर सुशांत सिंह राजपूत ने भी 14 जून 2020 को अपनी जान दी थी। उनकी मौत को 6 साल हो गए हैं। दोनों के डेथ डेट शेयर करने पर यूजर्स हैरान हैं। संचिता को खोकर उनका परिवार टूट गया है। किसी ने नहीं सोचा था अपने करियर के पीक पर संचिता दुनिया छोड़ देंगी।

### 'छावा' में निभाई थी ये भूमिका

टीवी शो के अलावा संचिता धीरे-धीरे बड़े परदे की तरफ अपने कदम बढ़ा रही थीं। उन्होंने साल 2025 में आई विक्की कौशल अभिनीत फिल्म 'छावा' में काम किया था। इस फिल्म में उन्हें ताराबाई की भूमिका में देखा गया था।

### सोशल मीडिया पर थी अच्छी फैन फॉलोइंग

'दंगल टीवी' के शो 'साजन घर' में भी संचिता को देखा गया था। इसमें वे पूजा के किरदार में नजर आई थीं। संचिता की सोशल मीडिया पर भी अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग थी। इंस्टाग्राम पर ही उन्हें करीब डेढ़ लाख लोग फॉलो कर रहे थे।

# अब होर्मुज में फंसे 18,000 भारतीय नाविकों को निकालने का चैलेंज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच एक राहत भरी खबर सामने आई है। अमेरिका और ईरान के बीच ऐतिहासिक शांति समझौता हुआ है, जिसके बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को खोलने की मंजूरी दे दी है। इस बीच, भारत सरकार स्ट्रेट ऑफ होर्मुज और उसके आसपास काम कर रहे भारतीय नाविकों व व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा पर लगातार नजर बनाए हुए है। एक इंटर-मिनिस्ट्रियल ब्रीफिंग के दौरान शिपिंग मिनिस्ट्री के ओपेश शर्मा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, लगभग 18,000 भारतीय नाविक अभी भी खाड़ी क्षेत्र में तैनात हैं। ओपेश शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी चिंताओं के बावजूद, अब तक भारतीय झंडे वाले 10 जहाजों और विदेशी झंडे वाले 5 जहाजों ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को पार किया है।

## नाविकों व जहाजों की सुरक्षा पर नजर बनाए हुए है भारत सरकार

भारत दुनिया के सबसे रणनीतिक रूप से संवेदनशील शिपिंग कॉरिडोर में से एक में अपने समुद्री हितों, ऊर्जा आपूर्ति मार्गों और काम कर रहे हजारों भारतीय नाविकों की सुरक्षा के लिए प्रयास जारी रखे हुए है। अधिकारियों ने बताया कि 325 भारतीय नाविक स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के पश्चिम में जहाजों पर मौजूद हैं, जबकि 200 से अधिक ओमान की खाड़ी में फंसे हुए हैं। अधिकारी उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार संपर्क और निगरानी बनाए हुए हैं। शिपिंग मिनिस्ट्री ने कहा कि भारतीय चालक दल के सदस्यों और जहाज ऑपरेटरों को हर संभव सहायता दी जा रही है। यह भी बताया गया, भारतीय जहाज 'दिशा' 62,370 टन एलएनजी कार्गो लेकर होर्मुज को सुरक्षित रूप से पार कर चुका है और इसके 18 जून को भारत पहुंचने की उम्मीद है।

**यहां फंसे हुए हैं भारतीय**



### शिपिंग मिनिस्ट्री की पुष्टि

शिपिंग मिनिस्ट्री ने उस विशेष रिपोर्ट की भी पुष्टि की, जिसमें हांगकांग के झंडे वाले तेल और रसायन टैंकर 'बोकेम मारेन्गो' का जिक्र था। इस जहाज पर 11-12 जून की रात स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरते समय एक यूएवी (अनमैन्ड एरियल व्हीकल) से हमला किया गया था। शिपिंग मिनिस्ट्री ने यह सुनिश्चित किया है कि क्षेत्र में फंसे नाविकों को जरूरी मदद और समर्थन दिया जा रहा है। साथ ही, यह भी बताया गया है कि जैसे ही स्थिति सामान्य होगी, क्षेत्र में फंसे सभी भारतीय जहाज और लोग भारत लौट सकेंगे।

## भारतीय राजदूत ने बचाए गए चालक दल के लोगों से की मुलाकात

**दुबई।** ओमान में भारत के राजदूत प्रशांत पिसे ने एमटी जलवीर के बचाये गए भारतीय चालक दल के 20 सदस्यों से सोमवार को मस्कट में मुलाकात की। यह मुलाकात चालक दल के सदस्यों की भारत वापसी से पहले हुई। 11-12 जून की घटना के बाद, ओमानी प्राधिकारियों के सहयोग से गिनी-बिसाऊ ध्वज वाले जहाज एमटी जलवीर के चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित तरीके से तट पर पहुंचाया गया था। ओमान स्थित भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'ओमान में भारत के राजदूत ने एमटी जलवीर के 20 भारतीय चालक दल सदस्यों से उनकी भारत वापसी से पहले मस्कट में मुलाकात की और उनके सुरक्षित तरीके से घर लौटने के लिए शुभकामनाएं दीं।' पिछले चार दिनों में यह ऐसी तीसरी घटना थी, जब ओमान के तट के पास भारतीय चालक दल वाले किसी वाणिज्यिक जहाज पर अमेरिकी सेना द्वारा हमला किया गया था। बुधवार को अमेरिकी बलों ने पालाऊ के झंडे वाले एक अन्य टैंकर एमटी सेटेबेलो पर हमला किया था, जिसमें सवार 24 भारतीय नाविकों में से तीन की मौत हो गई थी।

## खबर संक्षेप

### अमरनाथ यात्रा : होटल-टैक्सी सेवाओं पर 65% छूट



**श्रीनगर।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद कश्मीर में पर्यटन और अमरनाथ यात्रा को फिर से रफ्तार देने के लिए होटल, ट्रैवल और टैक्सी उद्योग ने बड़ा कदम उठाया है। कश्मीर के मुख्य पर्यटन संगठनों ने अमरनाथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को 50 से 65 प्रतिशत तक की विशेष छूट देने का ऐलान किया है। इस पहल का मकसद श्रद्धालुओं का भरोसा मजबूत करना, यात्रा को ज्यादा किफायती बनाना और घाटी में पर्यटन को फिर से बढ़ावा देना है। होटल व्यवसायियों, ट्रैवल एजेंसियों और टैक्सी ऑपरेटरों ने मिलकर ये राहत योजना शुरू की है, जो अमरनाथ यात्रा खत्म होने तक लागू रहेगी।

### नीट एग्जाम के नाम पर ठगी, दो गिरफ्तार



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद साइबर क्राइम ब्रांच ने नीट री-एग्जाम का फर्जी पेपर बेचने और नीट रिफंड का झांसा देकर छात्रों से ठगी करने वाले एक अंतरराज्यीय टेलीग्राम गैंग का भंडाफोड़ करते हुए दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपियों के पास कोई भी असली प्रश्नपत्र नहीं था, वे केवल परीक्षा के तनाव का फायदा उठाकर अभ्यर्थियों से पैसे ऐंठ रहे थे। पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों को जयपुर और कोटा से गिरफ्तार किया है। गिरोह छात्रों को दावा करता था कि वे उन्हें री-नीट का प्रश्न पत्र मुहैया करवा सकते हैं।

## व्यापक साझेदारी में तब्दील हुए भारत-स्लोवाकिया के द्विपक्षीय संबंध

# एआई का भविष्य विश्वास, जिम्मेदारी और मानव गरिमा पर आधारित होना चाहिए : पीएम मोदी

वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोमवार को ब्रातिस्लावा में स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हर मामले के अलावा साझा हितों से संबंधित अंतरराष्ट्रीय मामलों पर भी चर्चा की गई है। वार्ता के अंत में दोनों देशों के बीच कुल 11 समझौता ज्ञापनों (एमओयू), आशय पत्रों पर हस्ताक्षर के साथ उनका आदान-प्रदान किया गया। जबकि 3 अहम घोषणाएं भी की गई हैं।



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने एक बयान साझा कर बताया कि पीएम मोदी और रॉबर्ट फिको के बीच बैठक के बाद दिए संयुक्त प्रेस वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज की बातचीत में हमने दोनों देशों के सहयोग को नई गति-ऊर्जा देने के साथ ही संबंधों को व्यापक साझेदारी के स्तर तक ले जाने को लेकर सहमति जताई है। भारत, स्लोवाकिया सभी समस्याओं, विवादों का शांतिपूर्ण ढंग से समाधान निकाले जाने के पक्ष में हैं और इसे लेकर अन्य भागीदारों के साथ मिलकर आगे बढ़ते रहेंगे। दोनों यह भी मानते हैं कि अंतरराष्ट्रीय संस्थानों को 21 वीं सदी की वास्तविकताओं, चुनौतियों के हिसाब से स्वयं को पुनः तैयार करना पड़ेगा। मामले पर हम वैश्विक प्रयासों को सशक्त बनाने को लेकर काम करेंगे। उन्होंने विश्वास प्रकट करते हुए कहा कि हमारी व्यापक साझेदारी आगामी वर्षों में नए अवसरों, साझा समृद्धि और हमारे लोगों के उज्जवल भविष्य का आधार बनेगी।

### मिला स्लोवाकिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्लोवाकिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ द व्हाइट डबल क्रॉस (फर्स्ट क्लास) प्रदान किया गया है। वह यह सम्मान हासिल करने वाले पहले भारतीय भी हैं। यह सम्मान स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी ने प्रदान किया।

**ये हैं एमओयू और घोषणाएं**

मंत्रालय ने बताया कि दोनों देशों के बीच हुई 3 घोषणाओं में संबंधों को व्यापक साझेदारी के स्तर पर आगे बढ़ाने, आतंकवाद से मुकाबले को लेकर गठित किए गए संयुक्त कार्य समूह और काउंसलर संवाद का गठन मुख्य रूप से शामिल है। जबकि श्रम गतिशीलता, डिजिटल तकनीक, उच्च-शिक्षा व शोध, तकनीकी विश्वविद्यालय कोसिसे में आईसीसीआर चेयर की स्थापना, पर्यटन सहयोग, वैज्ञानिक सहयोग, क्वांटम संचार-क्रिटिकल ढांचागत सुरक्षा, छात्रों के आदान-प्रदान कार्यक्रम, छात्रवृत्तियां और शोध सहयोग के लिए आईआईटी दिल्ली व स्लोवाकिया के तकनीकी विश्वविद्यालय के बीच हुए एमओयू शामिल हैं।

### पीएम ने स्लोवाकिया की कंपनियों को दिया न्योता, भारत में बढ़ते अवसरों से उठाएं लाभ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के साथ स्लोवाकिया के व्यापार और उद्योग जगत के दिग्गज प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात की है। जिसमें रेलवे, रक्षा, आटोमोटिव, ऊर्जा, आईटी, हेल्थकेयर सहित अन्य क्षेत्र शामिल हैं। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने भारत में व्यापार को बढ़ाने और एक पारदर्शी, स्थिर व निवेशकों को आकर्षित करने वाले माहौल को बढ़ावा देने के लिए हालिया वर्षों में किए गए किए गए बड़े सुधारों तथा नीतिगत निर्णयों को रेखांकित किया। पीएम मोदी ने दोनों देशों के बीच बढ़ती हुई व्यापारिक गतिविधियों की भी सराहना की है। भारत में बढ़ती व्यापार संभावनाओं का लाभ उठाने की अपील पीएम ने स्लोवाकिया के उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से की है। जिसमें रक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर, नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल नवाचार, सेमीकंडक्टर, एआई और हेल्थकेयर जैसे क्षेत्र मुख्य हैं। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। यहां बता दें कि वर्ष 1993 में स्लोवाकिया की स्वतंत्रता के बाद की गई किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह स्लोवाकिया की पहली यात्रा है। जिसके तहत पीएम मोदी बीते रविवार को ब्रातिस्लावा पहुंचे। यहां अपने सभी तय कार्यक्रमों में भागीदारी करने के बाद वह एक बार फिर से फ्रांस जाएंगे और वहां आयोजित किए जाने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन में शिरकत करेंगे।

### सराहे गए भारत में किए गए सुधार

प्रधानमंत्री के संबोधन के बाद स्लोवाकिया के उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने विकसित भारत के मद्देनजर किए जा रहे नई दिल्ली के तमाम सुधारों की प्रशंसा की और भारत की आर्थिक गति को लेकर विश्वास भी जताया। उन्होंने भारत में अपनी उपस्थिति को बढ़ाने को लेकर पीएम के समक्ष रुचि जाहिर की है। जिसमें भारतीय कंपनियों के साथ निवेश बढ़ाने, तकनीकी साझेदारी, संयुक्त वेंचर करना मुख्य रूप से शामिल है।

## हिरासत में लिया गया आरोपी

# रैली में सीजेपी फाउंडर दीपके को मारा थप्पड़



एजेंसी ▶▶| जयपुर

कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके को जयपुर में एक शख्स ने थप्पड़ मार दिया। अभिजीत जैसे ही जयपुर के शहीद स्मारक कार्यक्रम स्थल तक आए अचानक यह शख्स आगे बढ़ा और अभिजीत को थप्पड़ जड़ दिया। इस घटना के बाद अभिजीत के कार्यक्रम में आए लोगों ने थप्पड़ मारने वाले शख्स की जमकर कुटाई भी की। फिर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और आरोपी को हिरासत में ले लिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिजीत दीपके युवाओं से जुड़े मुद्दों, बेरोजगारी और परीक्षा अनियमितताओं को लेकर जयपुर में एक प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे थे।

इसी दौरान प्रदर्शनकारियों और भीड़ का फायदा उठाकर एक युवक उनके बेहद करीब पहुंच गया। इससे पहले कि वहां मौजूद समर्थक या सुरक्षाकर्मी कुछ समझ पाते, युवक ने दीपके के गाल पर एक जोरदार तमाचा मार दिया।

### चर्चा में है 'कॉकरोच जनता पार्टी'

बता दें, अभिजीत दीपके और उनकी 'कॉकरोच जनता पार्टी' पिछले कुछ समय से इंटरनेट पर एक बड़ा डिजिटल मूवमेंट बन चुकी है। युवाओं के रोजगार, पेपर लीक (जैसे नीट और अन्य परीक्षाएं) और प्रशासनिक कमियों पर मीम्स और व्यंग्य के जरिए तंज कसने वाले इस ग्रुप ने हाल ही में दिल्ली के जंतर-मंतर पर भी एक बड़ा छात्र प्रदर्शन आयोजित किया था।

## रेप : क्राउन प्रिंस के बेटे को 4 साल की सजा

**ओस्लो।** नार्वे के क्राउन प्रिंस हाकोन के सौतेले बेटे को रेप और घरेलू हिंसा का दोषी ठहराया है। कोर्ट ने सात हफ्ते के ट्रायल के बाद सोमवार को क्राउन प्रिंस के सौतेले बेटे को चार साल की सजा सुनाई। कोर्ट के इस फैसले ने शाही परिवार की छवि को नुकसान पहुंचाया है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स की खबर के अनुसार, ओस्लो डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने अपने फैसले में 29 साल के मारियस बोर्ग होइबी को रेप के दो मामलों में दोषी ठहराया। इनमें एक घटना क्राउन प्रिंस के घर के बेसमेंट में हुई। इसके अलावा मारियस बोर्ग होइबी को दो अन्य रेप मामलों में बरी कर दिया।

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
सीला मलहम ®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देंखे ....
HMS देखकर खरीदें 94060-21769

## कोलंबो से होते हुए वापस लौटे

# एयरपोर्ट पर रोकने से भड़के बांग्ला पीएम के सलाहकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान के सलाहकार, जाहेद उर रहमान को रविवार शाम दिल्ली एयरपोर्ट पर भारतीय इमिग्रेशन अधिकारियों ने रोक लिया था। हालांकि, उच्च अधिकारियों के दखल के बाद उन्हें देश में प्रवेश की क्लियरेंस दे दी गई थी, लेकिन बांग्लादेशी प्रधानमंत्री के सहयोगी ने नाराजगी जताते हुए भारत में प्रवेश न करने का फैसला किया और कोलंबो के रास्ते वापस ढाका लौट गए।

### 2.5 घंटे रोका गया था एयरपोर्ट पर

बांग्लादेशी मीडिया आउटलेट 'द डेली स्टार' ने एक भारतीय न्यूज चैनल के हवाले से बताया कि बांग्लादेशी पीएम के सलाहकार, डिप्लोमेटिक पासपोर्ट के बजाय सार्क स्टिकर वाले एक रेगुलर ग्रीन कलर के पासपोर्ट पर यात्रा कर रहे थे। इसके बाद उन्हें करीब 2.5 घंटे एयरपोर्ट पर रोका गया। रहमान नई दिल्ली में भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से 15 और 16 जून को आयोजित हिंद महासागर रिम एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिकारियों की समिति की 28वीं बैठक में भाग लेने के लिए भारत पहुंचे थे।

## कटियार ने चंपत राय पर उठाए सवाल

# राम मंदिर में दान चोरी का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



राम मंदिर अयोध्या के चढ़ावे यानी दान की हेरा-फेरी और चोरी का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। याचिका दाखिल करके सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत से मामले में संज्ञान लेने की अपील की गई है। मामले की स्वतंत्र जांच एजेंसी से निष्पक्ष जांच कराकर सच पता लगाने की मांग की गई है। याचिका सुप्रीम कोर्ट के ही वकील अनूप अवस्थी ने दायर की है। उन्होंने चीफ जस्टिस से गुजारिश की है कि लोगों की आस्था और विश्वास के बनाए रखने के लिए मामले में एफआईआर दर्ज कराई जाए।

**बर्खास्त हो चंपत राय : कटियार :** सीनियर भाजपा नेता और राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े विनय कटियार भी विवाद में कूद गए हैं। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए राम मंदिर के ट्रस्टी चंपत राय पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कि करोड़ों राम भक्तों की आस्था के प्रतीक राम मंदिर के ट्रस्टी खुद ही इस तरह की हेरा-फेरी करेंगे तो राम मंदिर का मकसद ही खत्म हो जाएगा।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता :- 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • हाइड्रोफेशियल • कार्बन फेशियल • केमिकल पीलिंग • रेडियोफ्रिक्वेंसी • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

# सहकारी बैंक की अधिकारी रिश्वत मामले में निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की निपनिया शाखा में मृत खाताधारक के नॉमिनी से राशि भुगतान के एवज में रिश्वत मांगने के मामले में जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले के मीडिया में आने और शिकायत प्राप्त होने के बाद संवेदनशीलता दिखाते हुए कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर शाखा प्रबंधक अनिता पाण्डेय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित की निपनिया शाखा की प्रभारी शाखा प्रबंधक अनिता पाण्डेय के विरुद्ध कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत प्रस्तुत की गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि मृत खाताधारक के नॉमिनी से बैंक खाते की राशि भुगतान करने के नाम पर 10 हजार रिश्वत की मांग की गई थी। जिला प्रशासन द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी प्रारंभिक जांच नोडल अधिकारी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा से कराई गई। जांच में शाखा प्रबंधक के विरुद्ध लगाए गए आरोप प्रथम दृष्टया प्रमाणित पाए गए। इसके बाद कलेक्टर कुलदीप शर्मा के कड़े निर्देश पर बैंक प्रबंधन ने संबंधित अधिकारी के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की।

■ कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने लिया संज्ञान



### लेन-देन का वीडियो भी प्रशासन को सौंपा

गौरतलब है कि ग्राम निपनिया निवासी एक महिला ने अपने दिवंगत पति के बैंक खाते में जमा राशि निकालने के लिए शाखा प्रबंधक पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था। शिकायत के साथ कथित लेन-देन का वीडियो भी प्रशासन को सौंपा गया था। मामले को लेकर क्षेत्रीय विधायक इंद्र साव ने भी बैंक की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया था।

# छत्तीसगढ़ी रैप के जनक 'एप्पी राजा' का निधन

**रायपुर/भानुप्रतापपुर।** छत्तीसगढ़ी रैप को देश-दुनिया में एक नई और अनूठी पहचान दिलाने वाले लोकप्रिय रैपर और सिंगर 'एप्पी राजा' उर्फ चेतन चांडक (32 वर्ष) का सोमवार को निधन हो गया। वे लंबे समय से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। रायपुर के अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। पारिवारिक सूत्रों और दोस्तों से मिली जानकारी के अनुसार, करीब 6 महीने पहले एप्पी राजा की तबीयत अचानक बिगड़ी थी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एक ऑपरेशन के बाद उनके शरीर में गंभीर रूप से खून की कमी हो गई थी। लगातार हीमोग्लोबिन गिरने के कारण उन्हें अत्यधिक कमजोरी, चक्कर आने और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत थी।

■ टूरा भोको लोलो' फेम चेतन ने रायपुर में ली अंतिम सांस

### 'टूरा भोको लोलो' से रातों-रात बने सोशल मीडिया स्टार



कुछ साल पहले अपना सबसे चर्चित रैप सॉन्ग 'टूरा भोको लोलो' लिखा था। तब उनके पास इसे रिकॉर्ड करने के लिए पैसे और साधन नहीं थे। साल 2015 में लुधियाना पंजाब की एक बड़ी म्यूजिक कंपनी ने उनका टैलेंट पहचान कर उन्हें रिकॉर्डिंग का मौका दिया। पंजाब से रिलीज होते ही इस गाने ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया। उन्होंने 'आ जा रे टुरी तोला रसगुल्ला खवाहु', 'छत्तीसगढ़ एंथम' और 'चो चो हस' जैसे ब्लॉकबस्टर रैप दिए। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम और शहीद भगत सिंह पर भी रैप तैयार किए थे।

### बस्तर के छोटे से कस्बे से तय किया वैश्विक सफर

मूल रूप से बस्तर संभाग के कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर के रहने वाले एप्पी राजा का असली नाम चेतन चांडक था। नक्सल प्रभावित क्षेत्र के एक छोटे से कस्बे से निकलकर उन्होंने अपने दम पर छत्तीसगढ़ी रैप की नींव रखी। महज 13-14 साल की उम्र से ही रैप गीत लिखने वाले चेतन का जीवन भारी आर्थिक संघर्षों से गुजरा। परिवार की खराब आर्थिक स्थिति के कारण उन्हें कुछ समय के लिए गुजरात के सूरत में जाकर मजदूरी व नौकरी भी करनी पड़ी, लेकिन संगीत के प्रति उनका जुनून उन्हें वापस छत्तीसगढ़ खींच लाया।

### कसडोल सरपंच चुनाव हाईकोर्ट ने नए सिरे से गवाही कर निराकरण करने कहा

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव विवाद और चुनाव याचिकाओं के निपटारे को लेकर एक बड़ा और महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। जस्टिस एके प्रसाद की सिंगल बेंच ने बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के कसडोल ब्लॉक से जुड़े एक मामले में कहा है कि एक बार जब चुनाव न्यायाधिकरण विवाद के बिंदू तय कर लेता है, तब ऐसी स्थिति में दोनों पक्षों की गवाही दर्ज किए बगैर और बिना विस्तृत ट्रायल चलाए पूरी याचिका को मनमाने ढंग से बंद नहीं किया जा सकता। हाईकोर्ट ने कसडोल के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सह चुनाव न्यायाधिकरण द्वारा सरपंच चुनाव के खिलाफ दायर याचिका को सीधे खारिज करने वाले आदेश को कानूनन गलत मानते हुए रद्द कर दिया है। कोर्ट ने नए सिरे से गवाही दर्ज कर 60 दिनों के भीतर मामले के निराकरण का निर्देश एसडीएम को दिया है। हाईकोर्ट ने प्रकरण को वापस एसडीएम कोर्ट भेजने का निर्देश रजिस्ट्री को दिया है। मामला बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के जनपद पंचायत कसडोल के ग्राम पंचायत हसुवा का है।

## कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में बंद, प्रशासन बरत रहा सतर्कता

# वायुसेना के विशेष विमान से लाए गए नीट यूजी के प्रश्नपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नीट यूजी 2026 री-एग्जाम के पर्चे जगदलपुर एयरपोर्ट पर सोमवार को वायुसेना के विमान से पहुंचे। मां दंतेश्वरी विमानतल से कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस वाहनों के काफिले में सुरक्षित स्ट्रांग रुम तक पहुंचाए गए।

21 जून को जगदलपुर शहर के अलग अलग सेंटरों में नीट की परीक्षा ली जानी है। सोमवार की सुबह जगदलपुर के मां दंतेश्वरी विमानतल पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। विमान आने के दो घंटे पहले ही अंदर से लेकर बाहर तक सुरक्षा बल के जवानों ने पूरी तरह से एयरपोर्ट की घेराबंदी कर ली। सुरक्षा व्यवस्था इतनी सख्त थी कि पूरा माहौल किसी वीवीआईपी आगमन जैसा दिखाई दे रहा था।

मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर सुबह करीब 11:30 बजे विमान पहुंचा। जवानों ने पूरी तरह से उसे घेर लिया। वायुसेना के अंदर से बंद पेटियों में नीट परीक्षा के पर्चे निकाले गए।

### 21 जून को होगा नीट यूजी 2026 री- एग्जाम



### वीवीआईपी की तरह चला वाहनों का काफिला

आला अधिकारियों का कहना है कि इस परीक्षा के लिए सुरक्षित ठिकाने तक परीक्षा पत्र को ले जाया जा रहा है। इस प्रश्न पत्र को भी सही जगह ले जाने के लिए भी पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। जिस वाहन में पर्चे रखे गए थे। वीवीआईपी की तरह उस वाहन के आगे व पीछे भी जवानों की गाड़ियां दौड़ रही थी।

### जानकारी साझा करने की मनाही

री-नीट को नकलविहीन बनाने के लिए सेना भी शामिल हो गई है। ऐसे में एयरफोर्स की निगरानी में पेपर सुरक्षित पहुंचाए जा हैं। इस परीक्षा को संपन्न कराने के लिए इस बार हर प्रकार की सावधानी बरती जा रही है। सभी नोडल अधिकारियों को परीक्षा की गोपनीयता बरकरार रखते हुए इससे संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी साझा करने से मना किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष तीन मई को आयोजित नीट परीक्षा को पेपर लीक की पुष्टि होने के बाद 12 मई को निरस्त कर दिया गया था। अब दोबारा परीक्षा आयोजित की जा रही है, जिसके चलते सुरक्षा व्यवस्था की विशेष जिम्मेदारी प्रशासन को सौंपी गई है।

### एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं विद्यार्थी

एनटीए ने नीट यूजी 2026 री-एग्जाम के एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं, 21 जून को सुबह परीक्षा आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थी वेबसाइट पर अपने लॉगिन विवरण जैसे आवेदन संख्या और पासवर्ड का उपयोग कर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। स्टूडेंट्स को कहा गया कि एडमिट कार्ड डाउनलोड करने से पहले रिफंड के लिए अपने बैंक खाते के विवरण को भी सत्यापित कर लें।



# प्रधानमंत्री मोदी का 12 वर्षों का कार्यकाल स्वर्णिम और ऐतिहासिक काल : डॉ. विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजय शंकर मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनादेश के साथ निर्वाचित होकर लगातार 12 वर्षों से प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि 12 वर्षों का यह कार्यकाल स्वर्णिम और ऐतिहासिक काल रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी खुद को प्रधानमंत्री नहीं, प्रधान सेवक कहते हैं। 140 करोड़ भारतवासियों को अपना परिवार मानते हैं। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' को मूलमंत्र मानते है। उक्त बाते भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. मिश्रा ने गरियाबंद जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत का निर्माण हो रहा है। एक ऐसा भारत जो किसी को छेड़ता नहीं है और छेड़ने वाले को छोड़ता भी नहीं है। दुश्मनों को घर में घुसकर मारता है।

### छत्तीसगढ़ में पीएम आवास, रेलवे पर काम

डॉ. मिश्रा ने कहा छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास की अवधारणा को धरातल में उतारने की दिशा में प्रधानमंत्री श्री मोदी के संवेदनशील नेतृत्व का आभार माना। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित हो गए थे, उनको भी 2 साल में आवास देने का काम किया है। 10.60 लाख प्रधानमंत्री आवास बनाने की दिशा में काम करते हुए रोज 1600 प्रधानमंत्री आवास बन रहे हैं। छत्तीसगढ़ का रेलवे बजट भी लगातार बढ़ा है। 50 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का रेलवे का काम छत्तीसगढ़ में चल रहा है।



## चिंतन

# ट्रंप को दबाव में लेने में सफल रहा ईरान

आखिरकार 107 दिन से अधिक समय तक जारी संघर्ष के बाद अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता हो ही गया। अब उम्मीद है कि खाड़ी क्षेत्र में तनाव खत्म होगा और महंगाई से जूझ रही दुनिया को कुछ राहत मिलेगी। हालांकि समझौते की शर्तों को देखकर लगता है कि यह काफी पहले ही हो जाना चाहिए था, लेकिन दोनों देशों के अड़ियल रुख के कारण अटका हुआ था। अब ईरान आखिरकार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दबाव में लेने में सफल रहा और दोनों देश शांति समझौते पर सहमत हुए हैं। यदि 19 जून को जेनेवा में प्रस्तावित समझौते पर हस्ताक्षर हो जाते हैं तो यह केवल दो देशों के बीच युद्धविराम नहीं होगा, बल्कि वैश्विक राजनीति में शक्ति संतुलन का एक महत्वपूर्ण संकेत भी होगा। दिलचस्प बात यह है कि जिस ईरान को अमेरिका लगातार आर्थिक प्रतिबंधों, सैन्य दबाव और कूटनीतिक अलगाव के जरिए झुकाने की कोशिश कर रहा था, वही ईरान आज अपनी प्रमुख शर्तें मनवाने में सफल रहा। ट्रंप ने समझौते की घोषणा करते हुए इसे अपनी बड़ी कूटनीतिक जीत बताया है। उन्होंने होर्मुज़ जलडमरूमध्य को वाणिज्यिक जहाजों के लिए खोलने और नौसैनिक नाकेबंदी हटाने की बात कही है, लेकिन सवाल यह है कि यदि अमेरिका को अंततः यही कदम उठाने थे तो फिर 107 दिनों की तबाही, क्षेत्रीय अस्थिरता और वैश्विक आर्थिक संकट की आशंका क्यों पैदा की गई? दरअसल यह समझौता बताता है कि केवल सैन्य शक्ति के दम पर किसी राष्ट्र को हमेशा झुकाया नहीं जा सकता। ईरान की सबसे बड़ी सफलता यह रही कि उसने दबाव झेलते हुए भी अपने मूल हितों से समझौता नहीं किया। तेहरान ने स्पष्ट कर दिया कि यदि अमेरिका को स्थायी शांति चाहिए तो उसे नौसैनिक नाकेबंदी हटानी होगी, सैन्य कार्रवाई रोकनी होगी और ईरान के जमे हुए फंड जारी करने होंगे। हालांकि इस समझौते को अंतिम सफलता मान लेना जल्दबाजी होगी। स्वयं ट्रंप ने कहा है कि परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिका की संतुष्टि जरूरी होगी, अन्यथा सख्त कदम उठाए जा सकते हैं। इसका अर्थ है कि अविश्वास अभी भी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। दोनों देशों के बीच दशकों पुरानी दुश्मनी किसी एक दस्तावेज पर हस्ताक्षर से समाप्त नहीं होगी। इस पूरे घटनाक्रम में इजराइल का रुख भी महत्वपूर्ण है। समझौते की घोषणा से ठीक पहले लेबनान में की गई बमबारी और इजराइली नेताओं की तीखी प्रतिक्रिया इस बात का संकेत है कि क्षेत्रीय राजनीति अभी भी जटिल बनी हुई है। ऐसे में यदि अमेरिका और ईरान के बीच रिश्तों में नरमी आती है तो यह इजराइल की रणनीतिक चिंताओं को बढ़ा सकती है। यही वजह है कि शांति प्रक्रिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती केवल वाशिंगटन और तेहरान नहीं, बल्कि पूरे पश्चिम एशिया की जटिल भू-राजनीति है। इस समझौते का सबसे बड़ा सकारात्मक प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। होर्मुज़ जलडमरूमध्य से दुनिया के तेल व्यापार का बड़ा हिस्सा गुजरता है। वहां तनाव बढ़ने पर तेल की कीमतों में उछाल और महंगाई का खतरा लगातार बना हुआ था। यदि समुद्री मार्ग सामान्य होते हैं और क्षेत्रीय स्थिरता लौटती है तो ऊर्जा बाजार को राहत मिलेगी। इसका लाभ उन देशों को भी मिलेगा जो पहले से महंगाई और आर्थिक सुस्ती से जूझ रहे हैं। फिलहाल इतना कहा जा सकता है कि इस दौर में कूटनीति ने हथियारों पर बढ़त बनाई है और ईरान ने यह साबित किया है कि दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति और रणनीतिक धैर्य के बल पर बड़ी से बड़ी महाशक्ति को भी बातचीत की मेज तक लाया जा सकता है।



राष्ट्रभक्ति
महेन्द्र तिवारी

# सैन्य परंपरा-पोशाक में ऐतिहासिक बदलाव

> वर्तमान समय में भारतीय सेना अपनी इस ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में एक युगांतरकारी और अत्यंत महत्वपूर्ण परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। सेना द्वारा अपनी वेशभूषा नीति, औपचारिक परंपराओं और सदियों पुराने रीति-रिवाजों में किए जा रहे बदलाव इस बात के जीवंत प्रमाण हैं कि अब देश अपनी औपनिवेशिक विरासत को पीछे छोड़ने के लिए मानसिक रूप से पूरी तरह तैयार हो चुका है। इन महत्वपूर्ण और दूरगामी सुधारों का मुख्य उद्देश्य भारतीय सेना को विदेशी प्रभाव से मुक्त कराकर विशुद्ध रूप से भारतीय संस्कृति, सभ्यता और अपनी ऐतिहासिक जड़ों से गहराई से जोड़ना है। यह संपूर्ण प्रक्रिया भारत सरकार के उन 5 महासंकल्पों का एक अनिवार्य हिस्सा है, जिन्हें पंच प्रण के नाम से जाना जाता है।

भारतीय सेना का इतिहास पराक्रम, शौर्य और अप्रतिम बलिदान की गाथाओं से समृद्ध है। स्वतंत्रता के बाद से ही हमारी सेना ने देश की सीमाओं की रक्षा करने और राष्ट्रीय संप्रभुता को अक्षुण्ण बनाए रखने में अभूतपूर्व भूमिका निभाई है। हालांकि, स्वतंत्रता के कई दशकों बाद भी सेना की कुछ आंतरिक व्यवस्थाओं, नियमों, पोशाक और प्रतीकों में ब्रिटिश काल की स्पष्ट छाप दिखाई देती थी। वर्तमान समय में भारतीय सेना अपनी इस ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में एक युगांतरकारी और अत्यंत महत्वपूर्ण परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। सेना द्वारा अपनी वेशभूषा नीति, औपचारिक परंपराओं और सदियों पुराने रीति-रिवाजों में किए जा रहे बदलाव इस बात के जीवंत प्रमाण हैं कि अब देश अपनी औपनिवेशिक विरासत को पीछे छोड़ने के लिए मानसिक रूप से पूरी तरह तैयार हो चुका है।

इन महत्वपूर्ण और दूरगामी सुधारों का मुख्य उद्देश्य भारतीय सेना को विदेशी प्रभाव से मुक्त कराकर विशुद्ध रूप से भारतीय संस्कृति, सभ्यता और अपनी ऐतिहासिक जड़ों से गहराई से जोड़ना है। यह संपूर्ण प्रक्रिया भारत सरकार के उन 5 महासंकल्पों का एक अनिवार्य हिस्सा है, जिन्हें पंच प्रण के नाम से जाना जाता है। इन संकल्पों में से एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रण गुलामी की हर सोच और उसके प्रत्येक प्रतीक से पूर्ण मुक्ति पाना है, जिसे भारतीय सेना अब धरातल पर पूरी निष्ठा के साथ उतार रही है। ब्रिटिश शासनकाल से ही यह व्यवस्था निरंतर चली आ रही थी कि जब भी कोई वरिष्ठ सैन्य अधिकारी किसी सैनिक कदमताल या विदाई समारोह की सलामी लेता था, तो वह समीक्षा अधिकारी के रूप में अपने साथ एक विशेष औपचारिक तलवार रखता था। यह तलवार ब्रिटिश काल में औपनिवेशिक शासकों द्वारा अपनी शक्ति, सर्वोच्च कमान और भारतीय सैनिकों पर अपने प्रभुत्व का प्रदर्शन करने का एक मुख्य माध्यम मानी जाती थी। स्वतंत्र भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था और संप्रभु राष्ट्र में इस तरह के सामंती प्रतीकों की कोई आवश्यकता नहीं रह गई थी।

इसी ऐतिहासिक तथ्य को ध्यान में रखते हुए अब समीक्षा अधिकारी द्वारा सैन्य मार्च के दौरान या किसी भी अन्य औपचारिक निरीक्षण में तलवार रखने की इस पुरानी प्रथा को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है। इसके साथ ही, वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों द्वारा अपनी कमान और नेतृत्व के प्रतीक के रूप में ले जाई जाने वाली विशेष छड़ी के इस्तेमाल को अब बेहद सीमित कर दिया गया है। यह निर्णय स्पष्ट करता है कि भारतीय सेना में नेतृत्व और सम्मान का आधार कोई बाहरी वस्तु या औपनिवेशिक दिखावा नहीं, बल्कि अधिकारी की अपनी योग्यता, कर्तव्यपरायणता और अपने देश के प्रति अटूट निष्ठा है।

इस वैचारिक परिवर्तन का सीधा और गहरा असर सैन्य अधिकारियों के पहनावे और पोशाक से जुड़े नियमों पर भी दिखाई दे रहा है। एक लंबे समय से यह देखा जा रहा था कि सैन्य अधिकारियों के भोजनालयों और अन्य महत्वपूर्ण औपचारिक आयोजनों में पश्चिमी देशों के कोट, औपचारिक वस्त्रों और गले के बंध का ही प्रचलन अनिवार्य बना हुआ था। भारतीय जलवायु और यहां की गौरवशाली संस्कृति के सर्वथा विपरीत इस तरह के विदेशी पहनावे को ढोना भी एक प्रकार की मानसिक परतंत्रता का ही हिस्सा माना जा सकता है। इस पुरानी व्यवस्था को बदलते हुए अब अधिकारियों की औपचारिक



पोशाक में पहली बार 'बंदी' नाम के पारंपरिक भारतीय परिधान को आधिकारिक तौर पर स्थान दिया गया है। यह बिना आस्तीन का एक विशेष वस्त्र है, जिसे आम बोलचाल में पारंपरिक कुर्ता या भारतीय नेहरू वेशभूषा के रूप में भी जाना जाता है। अब सैन्य अधिकारी इसे अपनी कमीज और पतलून के साथ अत्यंत गर्व से धारण कर सकते हैं। यह कदम न केवल भारतीय वस्त्र उद्योग और स्थानीय शिल्पकला को नया सम्मान देता है, बल्कि सैन्य जीवनशैली में एक विशिष्ट भारतीय पहचान का समावेश भी करता है। इसके माध्यम से यह दृढ़ संदेश दिया गया है कि हमारे अपने पारंपरिक परिधान भी दुनिया के किसी भी उच्च स्तरीय आधिकारिक आयोजन के लिए पूरी तरह से गरिमापूर्ण और सर्वश्रेष्ठ हैं। इस प्रकार, सैन्य व्यवस्था और उसकी जीवनशैली में किए गए ये सभी बदलाव केवल ऊपरी या सतही परिवर्तन नहीं हैं, बल्कि यह भारतीय समाज और राष्ट्र की सोच में आ रहे एक व्यापक गुणात्मक सुधार को रेखांकित करते हैं। सेना के सभी संगीत दल अब विदेशी धुनों की बजाय भारतीय शास्त्रीय संगीत, लोक संगीत और देश की माटी से जुड़ी देशभक्ति की धुनों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे हैं। यह युगांतरकारी बदलाव भविष्य की पीढ़ियों को भी अपनी अनूठी संस्कृति पर गर्व करने की निरंतर प्रेरणा देता रहेगा। परंपराओं के इस शुद्धिकरण के अंतर्गत केवल पहनावा ही नहीं बदला गया है, बल्कि अधिकारियों की विदाई के तौर-तरीकों में भी बड़े सुधार किए गए हैं। पूर्ववर्ती नियमों के अनुसार, जब भी सेना के शीर्ष पदों पर आसीन अधिकारी, जैसे थल सेनाध्यक्ष या सैन्य कमान प्रमुख अपनी लंबी सेवा के बाद सेवानिवृत्त होते थे, तो उन्हें विदाई देने के लिए घोड़ों से खिंचने वाली एक पुरानी पारंपरिक बग्घी का उपयोग किया जाता था। यह घोड़ों वाली बग्घी प्रथा पूरी तरह से ब्रिटिश राजसी ठाट-बाठ और आम जनता तथा साधारण सैनिकों से दूरी बनाए रखने की औपनिवेशिक मानसिकता से प्रेरित थी, जो एक लोकतान्त्रिक देश की सेना में उचित नहीं जान पड़ती थी। अब सेना ने इस सामंती विदाई प्रथा को भी हमेशा के लिए बंद करने का ऐतिहासिक फैसला किया है। अब अधिकारियों की विदाई बेहद सादगीपूर्ण, अनुशासित और भारतीय मूल्यों के अनुरूप की जाती है। यह बदलाव सैन्य अधिकारियों और उनके अधीन काम करने वाले जवानों के बीच की दूरी को कम करने तथा सेना के भीतर एक समतावादी और आत्मीय वातावरण स्थापित करने में बहुत सहायक सिद्ध हो रहा है।

सैन्य संस्कृति का एक और बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण हिस्सा उसका संगीत होता है, जो सैनिकों के भीतर अदम्य साहस का संचार करता है। युद्ध के मैदान से लेकर शांति काल के समारोहों तक, सैन्य संगीत दल हमेशा से जवानों में जोश और देशप्रेम की भावना भरते रहे हैं। लेकिन स्वतंत्रता के इतने वर्षों बाद भी हमारे विभिन्न सैन्य संगीत दल पुरानी अंग्रेजी और स्कॉटिश धुनों को बजाने के लिए विवश थे। गणतंत्र दिवस उत्सव के समापन समारोह के अवसर पर आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रम में वर्षों तक एक विदेशी प्रार्थना धुन बजाई जाती थी, जिसका भारतीय जनमानस से कोई भी भावनात्मक जुड़ाव नहीं था। अब इस व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन करते हुए उस पुरानी विदेशी धुन के स्थान पर 'ऐ मेरे वतन के लोगों' जैसी अमर, लोकप्रिय और हृदयस्पर्शी भारतीय देशभक्ति धुन को शामिल किया गया है। जब सैन्य वाद्यों से भारतीय राग और लोक धुनें निकलती हैं, तो वे न केवल सैनिकों का मनोबल बढ़ाती हैं बल्कि पूरे देश को एक सांस्कृतिक सूत्र में पिरोने का काम करती हैं। इन सुधारों के माध्यम से सेना ने यह साबित कर दिया है कि वह आधुनिकतम तकनीकों और घातक हथियारों से लैस होने के साथ-साथ वैचारिक रूप से पूरी तरह भारतीय मूल्यों, सिद्धांतों और राष्ट्रभक्ति के प्रति समर्पित है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## डिजिटल पंचायत

बलकार सिंह



# ई-गवर्नेंस पुरस्कार से दिखी गांवों की बदलती तस्वीर

भारत के लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति उसकी पंचायतों में निहित है। संविधान के 73वें संशोधन ने जिस पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक आधार प्रदान किया था, आज वही व्यवस्था डिजिटल तकनीक, डेटा आधारित निर्णय और नागरिक-केंद्रित सेवाओं के माध्यम से विकास की नई इबारत लिख रही है। राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2026 के परिणाम इस परिवर्तन के सशक्त प्रमाण हैं। इन पुरस्कारों ने न केवल पंचायतों की उपलब्धियों को राष्ट्रीय पहचान दी है, बल्कि यह भी सिद्ध किया है कि विकसित भारत 2047 का सपना गांवों की भागीदारी के बिना साकार नहीं हो सकता। पंचायती राज मंत्रालय की चार पहलों का राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2026 के लिए चयनित होना अपने आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह केवल तकनीक के उपयोग का सम्मान नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनाने के प्रयासों की स्वीकृति है। यह पहल देशभर की ग्राम पंचायतों के विकास प्रदर्शन का वैज्ञानिक और डेटा-आधारित मूल्यांकन करती है। स्थानीय सतत विकास लक्ष्यों के नौ विषयों पर आधारित यह सूचकांक पंचायतों को केवल योजनाओं के क्रियान्वयन तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उन्हें परिणामोन्मुख शासन की ओर प्रेरित करता है। यह पहली बार है जब ग्राम पंचायतों के विकास को इतने व्यापक और तथ्यपरक तरीके से मापा जा रहा है। डेटा आधारित शासन की यह संस्कृति आने वाले समय में ग्रामीण प्रशासन की दिशा और दशा दोनों बदल सकती है। राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2026 में महाराष्ट्र के सांगली जिले की कादेपुर ग्राम पंचायत का स्वर्ण पुरस्कार जीतना विशेष रूप से प्रेरणादायक है। यह पंचायत आज डिजिटल भारत की वास्तविक तस्वीर प्रस्तुत करती है। यहां 4,300 से अधिक लाभार्थियों को 1,355 से अधिक सेवाएं पूर्णतः ऑनलाइन उपलब्ध कराई जा रही हैं। पूरी पंचायत कागज रहित ई-ऑफिस प्रणाली पर कार्य कर रही है। आठ एआई-संचालित प्रशासनिक अनुप्रयोग, ब्लॉकचेन आधारित रिकॉर्ड प्रबंधन और जीआईएस आधारित संपत्ति जियो-टैगिंग जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग यह दर्शाता है कि तकनीकी नवाचार केवल महानगरों तक सीमित नहीं है। कादेपुर देश की एकमात्र ग्राम पंचायत है जिसके पास कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ब्लॉकचेन, नैनो तकनीक, जैव प्रौद्योगिकी और रोबोटिक्स पर औपचारिक रूप से स्वीकृत नीतियां हैं। यह उपलब्धि बताती है कि यदि नेतृत्व दूरदर्शी हो तो गांव भी वैश्विक स्तर की तकनीकी प्रयोगशाला बन सकते हैं। इसी प्रकार त्रिपुरा की बिजॉय नगर ग्राम पंचायत ने रजत पुरस्कार प्राप्त कर यह सिद्ध किया है कि डिजिटल परिवर्तन केवल तकनीक का प्रश्न नहीं, बल्कि सामाजिक भागीदारी का भी विषय है। इस पंचायत ने सहभागी शासन, वित्तीय जवाबदेही और डिजिटल समावेशन का उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत किया है। पंचायत उन्नति सूचकांक में इसका स्कोर 88.55 तक पहुंच गया है, जो पिछले संस्करण की तुलना में 38 प्रतिशत अधिक है। सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि महिलाओं में 100 प्रतिशत डिजिटल साक्षरता प्राप्त करना है। यह उदाहरण बताता है कि जब तकनीक समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचती है, तभी उसका वास्तविक उद्देश्य पूरा होता है। महाराष्ट्र के नंदुरबार जिला परिषद की 'ई-आरोग्य धामनी' पहल को मिला स्वर्ण पुरस्कार ई-गवर्नेंस की सामाजिक उपयोगिता को रेखांकित करता है। आदिवासी और दूरस्थ क्षेत्रों में डिजिटल माध्यमों से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना आसान कार्य नहीं है। इस पहल ने सिद्ध किया है कि तकनीक का सर्वोत्तम उपयोग तभी है जब वह उन लोगों तक पहुंचे जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। पंचायत उन्नति सूचकांक, कादेपुर, बिजॉय नगर और ई-आरोग्य धामनी जैसी पहलें दिखाती हैं कि गांवों में परिवर्तन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। महात्मा गांधी ने ग्राम स्वराज का जो सपना देखा था, वह आत्मनिर्भरता, पारदर्शिता और जनभागीदारी पर आधारित था। आज डिजिटल तकनीक उस स्वप्न को आधुनिक स्वरूप प्रदान कर रही है। यदि देश की पंचायतें इसी प्रकार तकनीक को जनकल्याण का माध्यम बनाती रहीं, तो विकसित भारत 2047 केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि एक साकार होती हुई वास्तविकता बन जाएगा। राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2026 ने यह साबित कर दिया है कि भारत की विकास यात्रा की सबसे मजबूत नींव गांवों में ही रखी जा रही है और डिजिटल पंचायतें ही भविष्य के भारत की नई पहचान बनने जा रही हैं।

( लेखक इग्नू में सहायक प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# भजन ही शरीर का प्राण



संकलित
## दर्शन

काकभुशुंडि जी कहते हैं, मेरे इस भाव परिवर्तन से मेरे परमकृपालु सदाशिव विश्वनाथ मुझ पर और भी अधिक प्रसन्न हो गए। उन्हें लगा कि मेरे इस भक्त (काकभुशुंडि) का प्रवेश मेरे हृदय में हो गया है और इसने देख लिया कि मेरे इष्ट तो बालक राम हैं, जो अयोध्या में दशरथ के अजिर में मालपुआ लेकर घूमते रहते हैं। काकभुशुंडि जी हमें और आपको यह बताना चाहते हैं कि जब उन्होंने कौआ होकर भी भगवान को पा लिया तो हम लोगों के भाग्य के लिए तो शब्द ही नहीं हैं। प्रभु श्रीरामचंद्र जी ने स्वयं भी समस्त चराचर के कल्याण के लिए मनुष्य का ही शरीर धारण कर लिया है। वे कहते हैं कि इस शरीर को पाने का मात्र एक ही लाभ है कि व्यक्ति भगवान का भजन करे। भक्त काकभुशुंडि ने मनुष्य शरीर से भजन करने के प्रताप और फल को बताते हुए कहा कि ज्ञानी ऋषि लोमश ने मेरे अंदर भक्ति के प्रति पक्षपात देखकर भले ही मुझे अपनी दृष्टि से कौआ बनने का शाप दिया था, पर वह मेरे लिए वरदान हो गया। महत्व इसका नहीं है कि हम किस शरीर, किस देश, किस जाति और धर्म के हैं। काकभुशुंडि जी कहते हैं कि महत्वपूर्ण यह है कि हम भगवान की भक्ति और भजन कर रहे हैं या नहीं? भजन ही शरीर का प्राण है। गोस्वामी जी ने इस बात पर जोर दिया है कि जिसने इस धरा पर जन्म लेकर भगवान का भजन कर लिया, बस वही धन्य है। उसी की विजय होती है, वही संसार में सबके प्रति विनयी होता है, वही गुणों की खान होता है और सारे विश्व में उसी का यश त्रैलोक्य में उजागर होता है।

# ईश्वर बहुत दयालु है



संकलित
## प्रेरणा

एक राजा का एक विशाल फलों का बगीचा था, उसमें तरह-तरह के फल होते थे और उस बगीचा की सारी देखरेख एक किसान अपने परिवार के साथ करता था। वह किसान हर दिन बगीचे के ताज़े फल लेकर राजा के राजमहल में जाता था। एक दिन किसान ने पेड़ों पे देखा नारियल, अमरुद, बेर, और अंगूर पक कर तैयार हो रहे हैं, किसान सोचने लगा आज कौन सा फल महाराज को अर्पित करूँ। फिर उसे लगा अँगूर करने चाहिए, क्योंकि वो तैयार हैं। इसलिए उसने अंगूरों की टोकरी भर ली और राजा को देने चल पड़ा! किसान राजमहल में पहुंचा, राजा किसी दूसरे ख्याल में खोया हुआ था और नाराज भी लग रहा था। किसान रोज की तरह मीठे रसीले अंगूरों की टोकरी राजा के सामने रख दी और थोड़े दूर बैठ गया। अब राजा उसी ख्यालों-ख्यालों में टोकरी में से अंगूर उठाता एक खाता और एक खींच कर किसान के माथे पे निशाना साधकर फेंक देता। राजा का अंगूर जब भी किसान के माथे या शरीर पर लगता था तो किसान कहता था, ईश्वर बड़ा दयालु है। राजा फिर और जोर से अंगूर फेकता था, किसान फिर वही कहता था, ईश्वर बड़ा दयालु है। थोड़ी देर बाद राजा को एहसास हुआ कि वो क्या कर रहा है और प्रत्युत्तर क्या आ रहा है, वो सम्भल कर बैठा। उसने किसान से कहा, मै तुझे बार-बार अंगूर मार रहा हूँ और ये अंगूर तुम्हे लग भी रहे हैं, फिर भी तुम यह बार-बार क्यों कह रहे हो कि ईश्वर बड़ा दयालु है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बढ़ती असहिष्णुता

राजधानी रायपुर में मामूली विवाद से शुरू हुआ झगड़ा हत्या तक पहुंच रहा है। ऐसी घटनाएं समाज में बढ़ती असहिष्णुता, गुस्से और संवाद की कमी की गंभीर समस्या को उजागर करती है। आज देशभर में छोटी-छोटी बातों पर हिंसा, मारपीट और हत्याओं की घटनाएं बढ़ती दिखाई दे रही हैं। इसके पीछे घटता धैर्य, बढ़ता तनाव, नशे का दुरुपयोग, सोशल मीडिया पर भड़काऊ सामग्री और न्याय प्रक्रिया में देरी जैसे कई कारण जिम्मेदार माने जा सकते हैं। हालांकि कानून कमजोर नहीं है। भारतीय न्याय संहिता हत्या, दंगा और हिंसा के लिए कड़े दंड का प्रावधान करती है। चुनौती कानूनों की कमी नहीं, बल्कि उनके प्रति सम्मान और सामाजिक मूल्यों को मजबूत करने की है।

*– सुधीर यादव, रायपुर*

## ट्रेंड

### भारत-स्लोवाकिया दोस्ती

प्रधानमंत्री फिको के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। भारत-स्लोवाकिया दोस्ती के लिए यह एक बहुत खास पल है। ऑटोमोबाइल, रेलवे, एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग और ग्रीन टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा हुई।

**-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री



### जीवन में ठोस सुधार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में,पिछले 12 वर्षों में टैक्स में राहत, मेट्रो नेटवर्क के विस्तार, आधुनिक कनेक्टिविटी और 'ईज़ ऑफ़लिविंग' (जीवन को आसान बनाने) पर लगातार ध्यान दिए जाने से भारत के मध्यम वर्ग के जीवन में ठोस सुधार आए हैं।

- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली



### ईडी पार्टी जिम्मेदार

ईडी पार्टी के अधिकारी खुद पंजाब में ड्रग्स बेचते हुए पकड़े गए। क्या उसके तार ड्रग्स से जुड़े हैं? आज पंजाब में 70% ड्रग्स गुजरात के रास्तों से आ रही है। पंजाब के युवाओं को बर्बाद करने के लिए ईडी पार्टी और 'चिट्टा पार्टी' ज़िम्मेदार हैं।

**-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली



### मातृभूमि की नई कहानी

नफरत के कांटे बहुत बढ़ गए हैं, अब 'फूलों का मौसम' लाने का समय आ गया है। 'प्यार, करुणा और अपनापन' लेकर हमें हर गांव और गली तक पहुंचना है। मिलकर, हम सभी को अपनी मातृभूमि की एक नई कहानी लिखनी है।

**-अखिलेश यादव,** सांसद, सपा



## करंट अफेयर

# पिचाई के भाषण में छात्रों ने लहराए फलस्तीन झंडे


अमेरिका के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में गूगल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुंदर पिचाई के संबोधन के दौरान फलस्तीन समर्थक कई छात्रों ने बहिर्गमन किया और झंडे लहराए। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से 'मैटीरियल साइंस एंड इंजीनियरिंग' में मास्टर ऑफ साइंस (एमएस) की डिग्री प्राप्त कर चुके पिचाई रविवार को वर्ष 2026 की कक्षा को संबोधित करने के लिए अपने पूर्व शिक्षण संस्थान लौटे थे। 'स्टैनफोर्ड रिपोर्ट' के अनुसार विश्वविद्यालय के 135वें दीक्षांत समारोह में 3,600 छात्रों सहित 20,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। 'एसएफगेट' की एक खबर में कहा गया है कि पिचाई द्वारा छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों और अन्य उपस्थित लोगों को संबोधित किए जाने के दौरान लगभग 200 छात्र समारोह स्थल से बाहर चले गए। खबर के अनुसार, दर्शक दीर्घा में मौजूद कुछ समूहों ने बैनर और फलस्तीनी झंडे लहराए तथा सीटी बजाई। बाद में वे भाषण के बीच में ही बाहर निकल गए। खबर में कहा गया कि फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने इजराइल सरकार के साथ गूगल के संबंधों, विशेष रूप से वर्ष 2021 में हुए 1.2 अरब अमेरिकी डॉलर के क्लाउड कंप्यूटिंग समझौते 'प्रोजेक्ट निम्बस' का विरोध किया।



## ऑफ बीट

# भोजन के साथ आपके संबंध कैसे हैं

क्या आप अपने शरीर के संकेतों को समझते हैं, जिसका अर्थ है कि आपको पता है कि आपको कब भूख लगी है, कब नहीं और कब पेट भरा हुआ महसूस हो रहा है? सभी खाद्य समूहों में नियमित अंतराल पर उचित मात्रा और विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ खा रहे हैं ताकि आपकी पोषक तत्व, स्वास्थ्य और कल्याण संबंधी ज़रूरतें पूरी हों? दूसरों के साथ खाना और अकेले खाना भी आरामदायक है? क्या आप भोजन का आनंद लेने में सक्षम हैं, यदि आपको अधिक जवाब हां में नहीं मिले, तो आपको भोजन के साथ अपने रिश्ते को बेहतर बनाने पर काम करने की आवश्यकता हो सकती है। समस्या यह है कि यह मस्तिष्क के पुरस्कार केंद्र को ट्रिगर करता है, जिसका अर्थ है कि यद्यपि आप बेहतर महसूस करते हैं, यह व्यवहार प्रबल हो जाता है, इसलिए नकारात्मक भावनाओं के जवाब में आपके खाते रहने की संभावना अधिक होती है। भावनात्मक खान-पान और अनियंत्रित खान-पान की प्रवृत्ति खाने के विकार के लक्षणों और खराब गुणवत्ता वाले आहार से जुड़ी होने की अधिक संभावना है, जिसमें सब्जियों का कम सेवन और कम पोषक तत्वों वाले खाद्य पदार्थों का अधिक सेवन शामिल है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# भारतीय नाविकों की हत्या, कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस ने तीन भारतीय नाविकों की कथित हत्या के मामले में अमेरिका की कड़ी निंदा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर गंभीर सवाल उठाए हैं। पार्टी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार इस मामले में न तो पर्याप्त कूटनीतिक दबाव बना रही है और न ही देश की संप्रभुता तथा सम्मान की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठा रही है।

सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रवक्ता और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म विभाग की अध्यक्ष सुप्रिया श्रीनेत ने मृतक भारतीय नाविकों आदित्य शर्मा, शिवानंद चौरसिया और पतनाला सुरेश के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया तथा उनके परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर द्वारा अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ इस मुद्दे को उठाए जाने के बावजूद अमेरिका की ओर से न तो कोई खेद व्यक्त किया गया और न ही मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना जताई गई। श्रीनेत ने कहा कि इसके विपरीत अमेरिकी पक्ष की प्रतिक्रिया से यह संदेश गया कि भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई दोहराई जा सकती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की कि वे इस मुद्दे पर अपनी चुप्पी तोड़ें और आगामी जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समक्ष यह मामला मजबूती से उठाएं।

## हमारी सरकार ने नहीं जताया कड़ा विरोध

कांग्रेस नेता ने कहा कि इस मामले में या तो विदेश मंत्री की बात सही है या फिर अमेरिकी विदेश मंत्री की। उन्होंने दावा किया कि यदि भारत सरकार ने वास्तव में कड़ा विरोध दर्ज कराया होता तो अमेरिकी बयान का तत्काल खंडन किया जाता। उन्होंने कहा कि भारत को अमेरिका से औपचारिक माफी, मृतकों के परिवारों के लिए मुआवजा और भारतीय नाविकों की सुरक्षा को लेकर ठोस आश्वासन की मांग करनी चाहिए थी। सुप्रिया श्रीनेत ने सुझाव दिया कि इस घटना को देखते हुए भारत-अमेरिका व्यापार वार्ताओं से जुड़े कार्यक्रमों पर भी पुनर्विचार किया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि जब पूरे देश में भारतीय नागरिकों की मौत को लेकर आक्रोश है, तब अमेरिका के साथ सामान्य कूटनीतिक और व्यापारिक गतिविधियों को जारी रखना उचित संदेश नहीं देता।

# कांग्रेस ने बोला हमला

# टीएमसी सांसद मामले में केंद्रीय गृह मंत्री शाह पर लगे गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस महासचिव एवं पार्टी के संचार प्रभारी जयराम रमेश ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि भारतीय लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए राजनीतिक तौर पर अनैतिक और असंवैधानिक तरीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस के 20 सांसदों को अलग कर एक नए राजनीतिक दल में शामिल कराया जा रहा है, जिसका उद्देश्य लोकसभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की ताकत बढ़ाना है। बाद में उक्त पार्टी का विलय भाजपा में करा लिए जाने का अंदेशा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जयराम रमेश ने कहा कि गृह मंत्री का यह कदम भारतीय लोकतंत्र को नए निम्न स्तर पर ले जाने वाला है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी के 20 सांसदों के कथित रूप से अलग होकर एक छोटे और अपेक्षाकृत अपरिचित राजनीतिक संगठन नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) में विलय की योजना बनाई गई है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि यह राजनीतिक दल लगभग तीन वर्ष पहले बना था और इसकी राजनीतिक पहचान तथा जनाधार बेहद सीमित है। उन्होंने कहा कि यदि इस तरह का विलय होता है तो एनसीपीआई एनडीए के भीतर दूसरी सबसे बड़ी सहयोगी पार्टी बन सकती है, जिससे लंबे समय से गठबंधन का हिस्सा रहे दलों को पीछे धकेला जा सकता है। जयराम रमेश ने विशेष रूप से के नेतृत्व वाली और के नेतृत्व वाले का उल्लेख करते हुए कहा कि इन दलों को भी इस घटनाक्रम पर आपत्ति जतानी चाहिए, क्योंकि इससे गठबंधन में

## व्यापक राजनीतिक रणनीति का हिस्सा

कांग्रेस महासचिव ने आरोप लगाया कि यह पूरा घटनाक्रम लोकसभा में एनडीए के लिए दो-तिहाई बहुमत सुनिश्चित करने की व्यापक राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है। उनके अनुसार, संसद में संख्या बल बढ़ाने के लिए लोकतांत्रिक परंपराओं और संवैधानिक मूल्यों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने गृह मंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस पद को कभी जैसे नेता ने सुशोभित किया था, आज उस पद की गरिमा को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि शालीनता, लोकतांत्रिक मर्यादाएं और संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता लगातार खतरे में हैं।

ममता समर्थक धड़ा भी मिला बिरला से, बागियों की पहल को बताया 'अवैध'

# बागी सांसदों ने टीएमसी के सिंबल पर ठोका दावा, अब कोर्ट जाने की तैयारी

*तृणमूल के बागी सांसदों का 'नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी' में 'विलय' करने का प्लान सिर्फ एक अस्थायी उपाय है। उनका मकसद पार्टी के नाम और चुनाव चिह्न पर कब्जा करना है, ठीक वैसे ही जैसे शिवसेना या नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के मामले में हुआ था। पार्टी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कभी करीबी रहे सुदीप बंदोपाध्याय, बागी सांसद अरूप चक्रवर्ती ने सोमवार को यह बात साफ की। वहीं, ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी ने इस कदम को संविधान की 10वीं अनुसूची (दल-बदल विरोधी कानून) के तहत अवैध बताया है।*

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

टीएमसी के 20 बागी सांसदों ने 14 जून को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की थी और घोषणा की थी कि वे त्रिपुरा स्थित पंजीकृत लेकिन गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल 'नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया' (एनसीपीआई) में विलय कर रहे हैं। सुदीप बंदोपाध्याय ने यह बताते हुए कि इस गुट के पास पार्टी के 28 में से दो-तिहाई सांसद हैं, कहा कि ऐसी स्थितियों में यही तरीका अपनाया जाता है। उन्होंने कहा कि हालांकि दलबदल विरोधी कानून के तहत कार्रवाई से बचने के लिए संख्या बल की जरूरत होती है, लेकिन इसके आधार पर तुरंत पार्टी का नाम नहीं मांगा जा सकता। बंदोपाध्याय ने कहा कि जब आप पार्टी के दो-तिहाई सदस्यों के साथ अलग होते हैं, तो आप पहले ही दिन उस पार्टी का नाम नहीं मांग सकते... जुलाई में हम तृणमूल (नाम) हमें सौंपने की मांग करेंगे क्योंकि हमारे पास तृणमूल का दो-तिहाई बहुमत है। फिर अदालत इस पर फैसला करेगी।



## डरी हुई हैं ममता : चक्रवर्ती

बागी सांसद चक्रवर्ती ने सोमवार को कहा कि अलग हुआ गुट पार्टी छोड़कर नहीं गया है, बल्कि वह पार्टी को सुधारने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि उनका गुट टीएमसी के चुनाव चिन्ह पर भी दावा करेगा। हमारे पास 20 सांसद हैं, तो हम चुनाव चिन्ह के लिए लड़ाई क्यों नहीं लड़ सकते?' उन्होंने कहा, 'एक नया खेल शुरू हो गया है।.. खेला होबे.' चक्रवर्ती ने दावा किया कि उनके कदम से पश्चिम बंगाल में विकास और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, 'वह डरी हुई हैं। पार्टी की बैठक तक नहीं बुला पा रही हैं। चुनाव से पहले वह अपने निर्वाचन क्षेत्र में भी बैठक नहीं कर सकीं।'

## असली तृणमूल कांग्रेस के दावे की ठोस वजह

तृणमूल के बागी विधायकों ने काफी पहले ही दावा किया था कि वे ही असली तृणमूल हैं। एकनाथ शिंदे के उलट- जिन्होंने शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे की वैचारिक विरासत को आगे बढ़ाने का दावा किया था। इन बागियों ने इसके लिए कोई ठोस वजह नहीं बताई थी। बीजेपी सूत्रों का दावा है कि बागी गुट कई तरह के तर्क देते हुए खुद को असली तृणमूल बताने का दावा करेगा।

## ममता समर्थक भी मिले बिरला से

असली पार्टी वाले फॉर्मूले के लिए विलय की जरूरत नहीं होती। लेकिन तृणमूल के मामले में, संसद के मॉनसून सत्र से पहले कानूनी पेचीदगियों से बचने के लिए विलय का फैसला लिया गया। बागी नेताओं की स्पीकर से मुलाकात से ठीक पहले, तृणमूल के कीर्ति आजाद और सागरिका घोष ने ओम बिरला से मुलाकात की और अभिषेक बनर्जी का पत्र सौंपा। इस पत्र में मांग की गई थी कि वे अलग गुट बनाने की बागियों की मांग को खारिज कर दें। इसमें सुप्रीम कोर्ट के उन फैसलों का हवाला दिया गया था जिनमें लेजिस्लेचर पार्टी (विधायक दल) के मुकाबले पार्टी को ज़्यादा अहमियत दी गई थी।

भारत-बांग्लादेश सीमा पर फिर तनाव

# 9 बांग्लादेशी नागरिकों को बीजीबी ने वापस लेने से किया इंकार

## फ्लैग मीटिंग रही बेनतीजा



एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम के मनकाचर सेक्टर में भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर तनाव की स्थिति बनी हुई है। नो-मैन्स लैंड (दोनों देशों के अधिकार क्षेत्र से बाहर की भूमि) में 9 बांग्लादेशी नागरिक फंसे हुए हैं। बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) इन नागरिकों को वापस लेने से इनकार कर रहा है। इस मुद्दे को सुलझाने के लिए बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) और बीजीबी के बीच कई दौर की फ्लैग मीटिंग भी हुई। सूत्रों के अनुसार बैठक बेनतीजा रही। बीएसएफ सूत्रों ने बताया कि आज फिर से दोनों पक्षों के बीच नई बैठक होगी, जिसमें इस गतिरोध को खत्म करने की कोशिश की जाएगी। रविवार को मनकाचर इलाके में जब 9 व्यक्ति नो-मैन्स लैंड में फंसे पाए गए, तो तनाव बढ़ गया। एक वायरल वीडियो में उनमें से एक व्यक्ति साफ तौर पर कहता सुनाई दे रहा है, हम बांग्लादेशी नागरिक हैं। काम के सिलसिले में भारत आए थे। हमारे पास दस्तावेज हैं। भले ही हमें मार दिया जाए और नदी में फेंक दिया जाए, हम भारत नहीं जाएंगे।'

# डीआरडीओ ने किया लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने सोमवार को ओडिशा तट पर डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से स्वदेश में विकसित लंबी दूरी की सतह पर हमला करने में सक्षम क्रूज मिसाइल (एलआरएलएसीएम) का सफल परीक्षण किया है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि परीक्षण में मिसाइल ने सभी तय किए गए लक्ष्यों को सफलता के साथ पूरा किया। यह एक 100% देश के अंदर विकसित की गई क्रूज मिसाइल है। तमाम प्रमुख उप-प्रणालियां डीआरडीओ की विभिन्न प्रयोगशालाओं और भारत के रक्षा उद्योग साझेदारों द्वारा विकसित की गई हैं। जबकि एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट (एडीई) इस परियोजना की नोडल प्रयोगशाला है।

- परीक्षण में शामिल हुए संगठन के वरिष्ठ अधिकारी, नौसेना और वायुसेना के प्रतिनिधि

# एनसीसी ने आंध्र प्रदेश झारखंड में बनाए दो नए राज्य निदेशालय

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) मुख्यालय ने युवाओं को सशक्त बनाने और कोर तक पहुंच का विस्तार करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए देश के दो राज्यों (आंध्र-प्रदेश और झारखंड) में स्वतंत्र राज्य निदेशालयों के गठन को मंजूरी प्रदान कर दी है। जिससे भारत में एनसीसी के राज्य निदेशालयों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है। जो कि पूर्व में 17 थी। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि इन दोनों नए निदेशालयों की मदद से कोर के कैडेटों और शिक्षण संस्थान आपस में जुड़ सकेंगे। साथ ही इससे अधिक केंद्रित समन्वय, बेहतर पर्यवेक्षण और प्रशिक्षण-विकासात्मक कार्यकलापों के लिए बेहतर समर्थन संभव हो सकेगा। बेहतर प्रशिक्षण अवसंरचना तथा सहायता तंत्र के माध्यम से दोनों राज्यों के युवाओं के लिए पहले के मुकाबले अधिक अवसर भी उपलब्ध होंगे।

# आवारा कुत्तों के हमले में मासूम बच्ची की मौत, मानवाधिकार आयोग ने लिया स्वतः संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

**पंजाब का मामला**

पंजाब के रूपनगर जिले में आवारा कुत्तों के हमले में आठ वर्षीय बच्ची की दर्दनाक मौत के मामले को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने गंभीरता से लिया है। आयोग ने मीडिया में प्रकाशित खबरों के आधार पर स्वतः संज्ञान लेते हुए पंजाब सरकार से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। एनएचआरसी ने इस मामले में पंजाब के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। आयोग ने घटना को अत्यंत गंभीर बताते हुए कहा कि यह नागरिकों, विशेषकर बच्चों की सुरक्षा और स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। विदित हो कि रूपनगर जिले में आठ वर्षीय बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी, तभी आवारा कुत्तों के एक झुंड ने उस पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। उसकी चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह उसे कुत्तों के चंगुल से छुड़ाया। घटना के बाद परिजन और स्थानीय निवासी बच्ची को तत्काल इलाज के लिए चंडीगढ़ स्थित पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (पीजीआईएमईआर) ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह मामला सार्वजनिक सुरक्षा और प्रशासनिक जवाबदेही से जुड़ा हुआ प्रतीत होता है।

# राष्ट्रीय खेल बोर्ड के लिए बनी खोज-सह-चयन समिति

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को राष्ट्रीय खेल शासन अधिनियम, 2025 के अंतर्गत राष्ट्रीय खेल बोर्ड (खोज-सह-चयन समिति) नियमावली, 2026 के तहत राष्ट्रीय खेल बोर्ड के लिए खोज-सह-चयन समिति का गठन किया। चयन समिति की अध्यक्षता कैबिनेट सचिव डॉ. टी.वी. सोमनाथन करेंगे और इसमें खेल सचिव हरि रंजन राव, खेल प्रशासक लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) हरपाल सिंह (भारतीय ओलंपिक संघ) और दो राष्ट्रीय खेल पुरस्कार विजेता गगन नारंग और एन. कुंजुरानी देवी शामिल होंगे। उपर्युक्त समिति को अध्यक्ष और बोर्ड के दो सदस्यों के पदों के लिए ऐसे व्यक्तियों के नामों की एक सूची की सिफारिश करने का कार्य सौंपा गया है।

# ब्रिटेन में 16 साल से कम उम्र के बच्चे नहीं चला पाएंगे सोशल मीडिया

एजेंसी ▶▶ लंदन

बच्चों को डिजिटल दुनिया के खतरों से बचाने के लिए ब्रिटेन सरकार ने एक बहुत बड़ा कदम उठाने का ऐलान किया है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने सोमवार को घोषणा की कि देश में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया चलाने पर पूरी तरह से पाबंदी लगाई जाएगी। इसके साथ ही गेमिंग और लाइवस्ट्रीमिंग सेवाओं पर भी कड़े प्रतिबंध लागू किए जाएंगे। प्रधानमंत्री स्टार्मर ने अभी उन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के नामों का खुलासा नहीं किया है।


**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821

NO.021-10/PUBLICATION/2729 Korba West, dtd. 11.06.2026

**e-Bidding TENDER NOTICE No. 1418/2026.**

**Online tenders** are invited from Experienced & Prospective firms for the following Work/Supply :

| S. No | Rfx No. | Particulars | Cost of tender doc. | E.M.D. (Rs.) | Last date of submission & opening |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Rfx No. 8100052145 | Deployment of Vehicle Cat-SUV for S.E. (CHP: MM), HTPS, Korba West. | 590/- | 6,845/- | 10.07.2026 |
| 2. | Rfx No. 8100052182 | Deployment of ITI Worker at Workshop of WS&G Division, HTPS, Korba West. | 590/- | 8,215/- | 07.07.2026 |
| 3. | Rfx No. 8100052174 | Supply of Computer spare parts for Desktop PC sets installed at various locations of HTPS, Korba West. | 590/- | 14,984/- | 06.07.2026 |
| 4. | Rfx No. 8100052163 | Pocking of Bunkers, Feeders to maintain the normal coal flow through raw coal feeders of Unit No. 1 to 5 round the clock or as and when required, predominantly during rainy season at HTPS, Korba West. | 590/- | 8,435/- | 01.07.2026 |

NOTE:- 1. Payment of Tender cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website **https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal.2.** Quantity as per tender schedule.3.Any Extension/ Corrigendum / Amendments if required, shall be displayed on our websites only.

SUPERINTENDING ENGINEER (C)
O/o THE ADDL. CHIEF ENGINEER (S&P)HTPS, CSPGCL, KORBA WEST
SAVE ENERGY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,मोहला-मानपुर-अं.चौकी(छ.ग.)**
E-mail - eemohla-phe@cg.gov.in

**// निविदा निरस्तीकरण सूचना //**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा, निविदा सूचना / दिनांक / सिस्टम क्रमांक 21/18-05-2026/191147 (जी क्रमांक 262700818) में पात्रता निर्धारण पश्चात शुन्य निविदा होने के कारण निरस्त किया जाता है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,**
**मोहला-मानपुर-अं.चौकी(छ.ग.)**

G-262701443/4

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर**
Email - sepwdkanker.2010@rediffmail.com/ se.kanker@nic.in, Fax No. 07868-221010

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित सड़क कार्य हेतु दिनॉक 25.06.2026 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | एन.आई.टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 26 | 193169 | जिला नारायणपुर के कोचवाही से जम्हरी पहुँच मार्ग लंबाई = 2.00 किमी. पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य । | 180.93 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञिप्त, से निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेव पोर्टल एवं विभागीय बेवसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की व देखी जा सकती है।

**नोटः-** ठेकेदार का हॉट मिक्स प्लांट होना अनिवार्य

( निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा एवं निविदाकारों द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारों का मोबाईल नं. एवं ई-मेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें ।)

डाउनलोड करने की अंतिम तिथि - 25.06.2026 है ।

नोटः- तृतीय आमंत्रण

**अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, कांकेर**
**मण्डल कांकेर**

G-262701432/4

**कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता,** Annexure-i
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सुकमा, जिला-सुकमा (छ.ग.)**

**// ई-प्रोक्योरमेंट द्वितीय बार निविदा सूचना क्रमांक- 09 //**

क्रमांक / 358 / निविदा / ग्रा.यां.सेवा / 2026-27,
सुकमा दिनांक-12/06/2026

1. एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा दिनांक 22/06/2026 तक आमंत्रित की जाती है :-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | कार्यालय में निविदा की मैनुअल दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| जिला पशु चिकित्सालय निर्माण कार्य भवन नयापारा सुकमा। | 58.09 लाख | 24/06/2026 शाम 5.30 बजे । |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेब साईट http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 12/06/2026 से देखी/ डाऊनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियन्ता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग**
**सुकमा जिला- सुकमा (छ.ग.)**

G-262701425/3

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION Co. Ltd.**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN-U40108CT2003SGC015820
O/o Chief Engineer (Sub-station), Raipur Address-Shed No.-04, Danganiya, Raipur-492013 Website-www.cspc.co.in,
E-Mail-CE.TnC@cspc.co.in, Phone-0771-2574256, Fax No.-0771-2574267

No. 02-07/Tender/P-1954/298 Raipur, Dtd. 12.06.2026

**NOTICE INVITING TENDER (Through E-bidding module of SAP-SRM)**

Sealed tenders are invited from experienced eligible bidders for following work on labour contract basis :-

| S. No. | Particulars of works | Qty. | EMD (Rs.) | Last date/ time for submission of tender |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Loading of 132/33KV, 63 MVA Technical Associates make X-mer, Sl No.SP -1350-5 Tank (oil filled up to core level) with all accessories including available balance oil drum at 132KV S/s Gudhiyari and its transportation to 132KV S/s Birgaon (Approx. 10 Kms.) and thereafter its unloading at suitabl e place in substation switchyard of 132KV s/s Birgaon (At both end dragging may be done, if required. Hence, bidder may visit the site before submitting the offer). **The Details of X-mer are given here under :- Sr.No.: SP -1350-5, YOM :2025, Mass of oil : 24000/29250 Ltr., Total weight of X -mer – 103000 Kg** including accessories and complete oil. | 01 Job | 9,500/- | 22/06/2026 14:00 Hrs. |

NOTE :- (I) Other terms & condition details etc. regarding tender can be seen on our website www.cspc.co.in

Superintending Engineer
O/o Chief Engineer (Sub-Station)CSPTCL: Raipur(C.G.)

SAVE ELECTRICITY

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता,**
**जल संसाधन संभाग, छुईखदान**
**जिला खैरागढ़ - छुईखदान - गण्डई (छ.ग.)**

क्रमांक 2483 / व.ले.लि. / 2026 छुईखदान, दिनांक 11/06/2026

**निविदा निरस्तीकरण आदेश**

निविदा सूचना क्रमांक 02 / व.ले.लि. / 2025-26 दिनांक 11.08.2026 निविदा सिस्टम क्रमांक- 173473 ( प्रथम आमंत्रण ) खैरागढ़ - छुईखदान - गणडई जिले के विकासखण्ड खैरागढ़ के अन्तर्गत लमती फीडर लघु जलाशय योजना के मुख्य बांध का 990 मी. लंबाई में (अनुमानित) मिट्टी बांध का डिजाइन, ड्राइंग एवं निर्माण स्पीलवे लंबाई 167 मी. (अनुमानित) स्पील चैनल लंबाई 1050 मी. (अनुमानित) से संबंधित सभी निर्माण कार्य, 01 नग हेड स्लूस डबल गेट के साथ, फीडर नहर के निर्माण से संबंधित सभी कार्य, पुर्नबसाहट कार्य ( बिल्डिंग कार्य इत्यादि) तथा रोड का निर्माण कार्य, बंड - लाईन में ड्रिलिंग के साथ मिट्टी स्ट्रेटा का अन्वेषण, डुबान क्षेत्र, बंड लाईन एवं स्पीलवे के साथ स्पील चैनल एवं नया कार्य का भू-अर्जन प्रकरण तैयार करना एवं कम्पलायंस कराना, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय नई दिल्ली से वन भूमि प्रकरण एवं पर्यावरण क्लीयरेन्स कराना और सभी प्रकार के अन्य संबंधित कार्य, बांध कार्य पूर्ण होने के पश्चात पांच साल वर्षाऋतु तक पूरे कार्यों का संचालन एवं मरम्मत का कार्य हेतु लम्प- सम निविदा कार्य, ( लागत राशि रु.137.23करोड़) के लिये आमंत्रित निविदा जिसका जी. नं. - 252602762 है, को कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, सेक्टर - 19 नार्थ ब्लाक, नवा रायपुर, अटल नगर रायपुर (छ.ग.) पत्र क्रमांक 4263739 / TC / 25 / 4790 नवा रायपुर दिनांक 11/06/2026 में दिये गये निर्देश के परिपालन में उक्त आमंत्रित निविदा निरस्त की जाती है।

**कार्यपालन अभियता**
**जल संसाधन संभाग, छुईखदान**
**जिला - केसीजी (छ.ग.)**

G-262701440/3

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**मिनीमाता बांगो नहर संभाग क्रमांक-6 नंदेलीभाटा-सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)**

**ई.प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(प्रथम आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 193054 निविदा सूचना क्र. 01 / व.ले.लि. /
ई-प्रोक्योरमेंट / 2026-27, दि. 12-06-2026

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 03-07-2026 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

**कार्य का नाम-** सक्ती शाखा नहर में 01 नग स्लेब पुलिया का निर्माण एवं सकरेली माईनर 01, सकरेली माईनर 02, सरवानी माईनर 01, सरवानी माईनर 02 एवं भुरसीडीह माईनर का सी.सी. लाईनिंग, पक्के कार्यों का मरम्मत एवं सुधार कार्य ।

**अनुमानित लागत - रू. 304.83** Lakhs **(जी.एस.टी. छोड़कर)**
(विभाग के एस.ओ.आर. दिनांक 01.08.2010 एवं संशोधित दर दिनांक 23.04.2026 पर आधारित)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट http://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 19-06-2026 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोट :** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। अन्य निविदा संबंधी शर्ते विभाग के साईट http://eproc.cgstate.gov.in में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

**कार्यपालन अभियंता**
**मिनीमाता बांगो नहर संभाग क्र.6,**
**नंदेलीभाटा-सक्ती**

G-262701430/4



# एआई-171 हादसे की दर्दनाक कहानी पर्दे पर उतारेंगे मिलन

**मुंबई।** एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 के क्रैश में अपनी बड़ी बहन को खोने वाले निर्माता ने इस हादसे पर आधारित एक फीचर फिल्म बनाने की योजना पर बात की। उन्होंने इसे अपना निजी मिशन बताया है। उनका कहना है कि यह उनके कॅरियर का आखिरी प्रोजेक्ट हो सकता है। मूल रूप से हरियाणा के कुरुक्षेत्र के रहने वाले और वड़ोदरा में काम करने वाले फिल्ममेकर मिलन शर्मा बताया कि पिछले साल 12 जून को हुए इस क्रैश के कुछ ही दिनों बाद उन्होंने यह फिल्म बनाने का फैसला किया था। उन्होंने भारत के सबसे भयानक एविएशन हादसों में से एक में अपने रिश्तेदारों को खोने वाले परिवारों का दुख देखा था। इस हादसे में मिलन ने अपनी 56 साल की बहन अंजू शर्मा को खो दिया।

लाइफ Style

# मृणाल

## शिकागो की सड़कों पर सैर करती आई नजर



'है जवानी तो इश्क होना है' की चर्चा के बीच मृणाल ठाकुर अमेरिका के शिकागो गई हैं। यहां से उन्होंने अपनी शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। मृणाल ठाकुर इन दिनों अपनी नई फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' को लेकर चर्चा में हैं। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ठीक ठाक कमाई कर रही है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस बीच मृणाल ठाकुर शिकागो की सैर पर गई हैं। यहां से उन्होंने अपनी कई तस्वीरें शेयर की हैं। मृणाल ठाकुर ने इंस्टाग्राम पर अपनी जो तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें देखा जा सकता है कि उन्होंने शिकागो की सड़कों पर पोज दिए हैं। उन्होंने अलग-अलग आउटफिट भी पहने हैं। यही नहीं उन्होंने यहां से वर्कआउट करते हुए भी तस्वीर शेयर की है। तस्वीरें शेयर करते हुए मृणाल ठाकुर ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा 'बैग पैक कर रही हूं और इस शहर को गुड बाय कह रही हूं। ये वाकई जानलेवा है।' इसके साथ उन्होंने रोने वाला और दिल टूटने वाला इमोजी भी लगाया है। फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' 5 जून को रिलीज हुई है। इसके निर्देशक डेविड धवन हैं। इसे टिप्स फिल्म्स और मैक्सिमिलियन फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है। इसमें मृणाल ठाकुर के अलावा वरुण धवन और पूजा हेगड़े अहम किरदारों में हैं। मुख्य कलाकारों के अलावा इसमें सहायक कलाकारों में मौनी रॉय, चंकी पांडे, राकेश बेदी, कुब्रा सैत और अन्य शामिल हैं। फिल्म की कहानी जस (वरुण धवन) के इर्द-गिर्द घूमती है। वह अपनी पत्नी बानी (मृणाल ठाकुर) से इसलिए तलाक लेने की कोशिश करता है क्योंकि वह बच्चा चाहता है।

टीवी मसाला



# लॉक अप 2 में शिवांगी, शिल्पा, आसिम कुशा सहित 12 नामों पर ठप्पा!

**नई दिल्ली।** एकता कपूर के डिजिटल रियलिटी शो 'लॉक अप' का प्रीमियर सबसे पहले 2022 में ऑल्ट बालाजी पर हुआ था, जिसमें 16 विवादित कंटेस्टेंट्स को जेल जैसे सेट पर 72 दिनों के लिए बंद किया गया था। पहले सीजन को कंगना रनौत ने होस्ट किया था और कॉमेडियन से एक्टर बने मुनव्वर फारूकी इसके विनर बने थे। चार साल बाद, इस शो का दूसरा सीजन 27 जून को नेटफ्लिक्स पर शुरू होने के लिए तैयार है। नए सीजन को फराह खान और रितेश देशमुख होस्ट करेंगे। इस सीजन के संभावित कंटेस्टेंट्स को लेकर बढ़ती चर्चाओं के बीच कुछ नामों की पुष्टि हो चुकी है। इस साल 'लॉक अप' सीजन 2 में 14 सेलिब्रिटीज शामिल होंगे। शो के प्रोमो के मुताबिक, कंटेस्टेंट्स सर्वाइवल के लिए मुकाबला करेंगे और अपने सबसे गहरे राज भी खोलेंगे। सूत्रों के मुताबिक, शो के लिए गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा, पॉपुलर टीवी एक्ट्रेस शिवांगी जोशी और एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे का नाम कन्फर्म हो गया है। 'लॉक अप' सीजन 2 में जिन दूसरे कंटेस्टेंट्स के शामिल होने की खबर पक्की है, उनमें 'स्प्लिट्सविला' के कंटेस्टेंट्स योगेश रावत और आकांक्षा चौधरी, और बिग बॉस के पुराने कंटेस्टेंट्स प्रियंका शर्मा, विकास गुप्ता, रश्मि देसाई, पुनीत सुपरस्टार, अर्चना गौतम, उर्वशी ढोलकिया, प्रणीत मोरे, आसिम रियाज, कुशा कपिला और हर्षद चोपड़ा शामिल हैं। 'लॉक अप' सीजन 2 के प्रोमो में, होस्ट फराह खान ने इशारा किया कि कंटेस्टेंट्स में एक ऐसा सेलिब्रिटी शामिल होगा जिसने हाल ही में अपना वजन काफी कम किया है। इसके बाद, ऐसी खबरें आईं कि एक्टर राम कपूर इस रियलिटी शो में शामिल हो सकते हैं। सूत्रों ने 'स्क्रीन' को यह भी बताया कि इन्फ्लुएंसर रणवीर अल्लाहबादिया, जो हाल ही में 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के एक स्पेशल एपिसोड में दिखे थे, उन्हें भी इस शो के लिए कंसीडर किया जा रहा है।

# धमाल-4 का गाना फुलौरी बिना... रिलीज

**मुंबई।** अरशद वारसी, रितेश देशमुख, जावेद जाफरी, अंजलि आनंद, अजय देवगन और रवि किशन से सजी फिल्म 'धमाल 4' का पहला गाना 'फुलौरी बिना चटनी कैसे बनी' रिलीज हो गया है। इसे नीलकमल सिंह ने गाया है। इस गाने में शानदार



बीट्स और थिरकने पर मजबूर कर देने वाले रिदम हैं, जो इसे फिल्म की हंसी-मजाक और मस्ती भरी दुनिया के लिए एकदम सही बनाते हैं। यह गाना कलाकारों की मजेदार केमिस्ट्री और 'धमाल' फ्रैंचाइजी की खास पहचान बन चुकी मस्ती-मजाक को बखूबी दिखाता है। अरशद वारसी, रितेश देशमुख, जावेद जाफरी, अंजलि आनंद, अजय देवगन और रवि किशन जैसे कलाकारों वाले इस गाने में ढेर सारे मजेदार पल हैं, और रवि किशन इस जबरदस्त गाने में अपने खास भोजपुरी अंदाज का तड़का लगाते हैं। फैंस ने गाने की खूब तारीफ की है, खासकर नीलकमल सिंह की। 'धमाल 4' 10 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस गाने को नीलकमल सिंह और ममता शर्मा ने गाया है।

# महेश की फिल्म नाम-टू लिव इज वॉर का ऐलान, अहम भूमिका में नजर आएंगे वीर

**मुंबई।** फिल्म 'नाम-टू लिव इज वॉर' का एलान कर दिया गया है। इसमें वीर पहाड़िया अहम भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म को दिग्गज निर्माता-निर्देशक महेश भट्ट पेश कर रहे हैं। वहीं, निर्देशन की कमान सिद्धांत सचदेव के कंधों पर है। फिल्म में वरुण शर्मा भी अहम भूमिका में नजर आने वाले हैं। अभिनेता वरुण शर्मा ने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें महेश भट्ट, सिद्धांत सचदेव और वीर पहाड़िया नजर आ रहे हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'जब शहर बीमार हो जाए, तो दवा और जहर में फर्क करना मुश्किल हो जाता है'। आगे लिखा है, 'नाम - टू लिव इज वॉर' यह फिल्म निश्चित रूप से एक रोमांचक होने वाली है। महेश भट्ट सर के मार्गदर्शन में बनी इस फिल्म का निर्देशन सिद्धांत सचदेव ने किया है। वहीं इसे रिद्धि चावड़ा और उत्सव उपाध्याय ने प्रोड्यूस किया है। एक पोस्ट वीर पहाड़िया ने भी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा किया है। वीर ने लिखा है, 'कहते हैं सबसे छोटा जीव भी सबसे बड़ी शक्ति का प्रमाण होता है। जब बप्पा का आशीर्वाद साथ हो, तो हर 'नाम' एक तूफान होता है। गणपति बाप्पा मोरया'। 'नाम' एक डार्क एक्शन थ्रिलर फिल्म बताई जा रही है। इसमें वीर दमदार और रफ-टफ अवतार में नजर आने वाले हैं।

# कनिका ने एकता को कहा 'मदर ऑफ ड्रैगन'

**नई दिल्ली।** लगभग छह महीने तक दर्शकों का मनोरंजन करने के बाद ' नागिन 7 ' खत्म हो गया है। शो के खत्म होने



पर, स्टार कास्ट ने सोशल मीडिया पर इमोशनल पोस्ट शेयर किए। राधिका का किरदार निभाने वाली कनिका मान ने शो के खत्म होने पर रोते हुए अपना एक इमोशनल वीडियो शेयर किया। पोस्ट में लिखा था, 'राधिका अब विदा ले रही है। लेकिन ड्रैगन कभी सच में नहीं मरते। चैनल, मेरी सबसे पसंदीदा एकता कपूर, पूरी टीम और उन सभी लोगों का शुक्रिया जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया। एकता कपूर ने पोस्ट पर रिएक्शन देते हुए कहा, 'मुझे यकीन नहीं हो रहा कि ड्रैगन रो रहा है। आग उगलने वाला ड्रैगन तो कमाल का है ही, लेकिन इमोशनल ड्रैगन ने तो हमें हैरान कर दिया। आपकी परफॉर्मेंस एक खोज की तरह रही है।' इसके बाद कनिका मान ने एकता के कमेंट का जवाब देते हुए कहा, 'माफ कीजिएगा, 'मदर ऑफ ड्रैगन्स'।

# पेद्दी के शानदार प्रदर्शन की वजह से टली लेनिन की रिलीज

**मुंबई।** अखिल अक्किनेनी की आने वाली फिल्म लेनिन पहले 26 जून को सिनेमाघरों में आने वाली थी, लेकिन अब इसे आगे बढ़ा दिया गया है। मेकर्स ने इसकी नई रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी



है। इस बार फिल्म टालने की सबसे बड़ी वजह राम चरण की फिल्म 'पेद्दी' का शानदार प्रदर्शन बताया जा रहा है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई कर रही है और दुनियाभर में लगभग 400 करोड़ रुपए के करीब पहुंच रही है। मेकर्स का कहना है कि 'पेद्दी' अभी सिनेमाघरों में अच्छा चल रही है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा स्क्रीन उसी को मिल रही हैं। ऐसे में 'लेनिन'को थोड़ा आगे बढ़ाना सही फैसला लगा। अखिल अक्किनेनी की मच अवेटेड फिल्म लेनिन का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। लेकिन मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट को फिर से आगे बढ़ा दिया है। अब फिल्म 10 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके साथ मेकर्स ने वजह का भी खुलासा किया है। फिल्म के प्रोड्यूसर नागार्जुन ने एक्स पर नई रिलीज डेट का ऐलान करते हुए लिखा कि टीम ने उनसे थोड़ा और समय मांगा था ताकि फिल्म को और बेहतर बनाया जा सके।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

टीचर

REQUIREMENT- KENT INTERNATIONAL SCHOOL JHEET PATAN (CBSE ENGLISH MEDIUM) Walk in interview on 15, 16, 17 & 18 June 2026, time: 10 am to 2 pm PGT (PHYSICS, CHEMISTRY, BIOLOGY, ENGLISH, ECONOMICS, ACCOUNTANCY, BST, HISTORY, POLITICAL SCIENCE, P.E.) TGT (HINDI, SANSKRIT, ENGLISH) MUSIC TEACHER, ACCOUNTANT, RECEPTIONIST, TRANSPORT INCHARGE. contact: 7880111062. (RO-087)

आवश्यकता है- लेडी वाईस प्रिंसीपल (फ्रेशर बीएड), लेडी इंचार्ज, कम्प्यूटर टीचर, एवं अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम- मैथ्स, इंग्लिश, एसएसटी, एकाउंट, कॉमर्स, साइंस पढ़ाने हेतु शिक्षक/शिक्षिकाओं की आवश्यकता हैं। साक्षात्कार 19.06.2026 प्रात: 9:30 बजे, रायपुर कॉन्वेंट हा.से. स्कूल, पानीटंकी के पास खमतराई, 9826198065, 0771-2252855.(RO-086)

आवश्यकता है- रायपुर कॉन्वेंट हा. से. स्कूल अश्वनीनगर एवं सत्तीबाजार- अंग्रेजी माध्यम 6वीं से 10वीं- इंग्लिश, साइंस, सोशल साइंस, संस्कृत, पहली से पांचवीं- कम्प्यूटर, पर्यावरण, 6वीं से 8वीं कॉमर्स, इंग्लिश, 11वी-12वी बी.एस.टी., हिंदी, फिजीक्स, मैथ्स, पीपी.2 हेतु शिक्षिकाओं, क्लर्क, कम्प्यूटर ऑपरेटर, आयाबाई, चपरासी, साक्षात्कार 19.06.2026, प्रात: 10 बजे अश्वनीनगर: 0771-2241548. (RO-088)

NALANDA ENGLISH MEDIUM HR. SEC. SCHOOL, KURUD, BHILAI
WE ARE HIRING
Applications are invited from eligible candidates for the following posts in Nalanda Eng. Med. Hr. Sec. School, Kurud, Bhilai
Candidates who studied in English Medium can only apply.
PGT
Sub.- MATHEMATICS-1
M.Sc. (Maths) B.Ed
Exp.- Min. 3 years of exp. in a CBSE School
PGT
Sub.- CHEMISTRY-1
M.Sc. (Chemistry) B.Ed
Exp.- Min. 3 years of exp. in a CBSE School
TGT
Sub.- MATHEMATICS-1
B.Sc./M.Sc.(Maths), B.Ed
Exp.- Min. 2 years of exp. in a CBSE School
TGT
Sub.- SOCIAL SCIENCE-1
B.A./M.A(So.), B.Ed
Exp.- Min. 2 years of exp. in a CBSE School
PRT
MATHEMATICS EVS, SO. SCIENCE, ENGLISH-1
B.Sc./M.Sc./B.A./M.A, B.Ed
Exp.- Min. 2 years of exp. in a CBSE School
MOTHER TEACHER (Primary)
ALL SUBJECTS
BA/B.Sc./B.Com, B.Ed
Exp.- Min. 2 years of exp. in a CBSE School
PRT
(Sub.-PTI) B.P.ED. / M.P.Ed.
Exp.- Min. 2 years of exp. in a CBSE School

ड्रायवर

आवश्यकता है- चाय पत्ती के फैक्ट्री में ड्राइवर की आवश्यकता है संपर्क- जैन ट्रेडर्स आकृति विहार अमलीडीह रायपुर मों.- 74699-80000, 0771-4075490. (RO-864)

गोडाऊन कीपर

आवश्यकता है- सी एंड एफ में कार्य करने हेतु गोडाउन कीपर की आवश्यकता है । सोना ट्रेडिंग कंपनी, सांता स्वीट्स के पास,भनपुरी, रायपुर। संपर्क - 6260655803. (मिलने का समय - 10 से 6) (RO-606)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- रायगढ़ एवं रायपुर की फैक्ट्रियों हेतु सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर एवं फील्ड ऑफिसर की आवश्यकता है। वेतन : 15,000 - 18,000 प्रतिमाह।PF, ESIC रहने - खाने की व्यवस्था उपलब्ध 9201958117, 8109080600. (RO-855)

मार्केटिंग

आवश्यकता है- कुशालपुर कोरियर में पार्सल बांटने एवं मार्केटिंग हेतु पढे लिखे लडके चाहिए। श्रीमारुती कोरियर, कार्नर हाऊस, कालीमाता मंदिर के आगे, रिंगरोड 1, कुशालपुर रायपुर, काल-वाटशप 9399676408.(RO-133)

आवश्यकता है- मार्केटिंग कार्य हेतु लड़को की आवश्यकता हैं। वेतन -15000 + इंसेंटिव ऑफिस का पता - शंकरनगर, चौपाटी हाउसिंग बोर्ड कॉम्प्लेक्स, चौथी मंजिल, कार्यालय संख्या 414, 415 संपर्क- 9039827355, 9179907797. मिले - सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक (RO-138)

दुकान कार्य

आवश्यकता है- किताब दुकान में कार्य हेतु परमानेंट पार्ट/ फूल टाइम युवक युवतियों, लड़कों (8वीं, 12वीं, स्नातक) की आवश्यकता है। वेतन पांच अंको में योग्यतानुसार। जैन बुक डिपो, सदर बाजार, रायपुर संपर्क करें- 8109535868. (RO-398)

वार्डन/ड्रायवर/गार्ड

आवश्यकता है- जैन हॉस्टल रायपुर में वार्डन पुरुष- 1 पद, ई- रिक्शा ड्राईवर- 1 पद, गार्ड- 2 पद, नशा मुक्त, शाकाहारी व्यक्ति एवं ज्वेलरी शॉप के लिए सेल्स गर्ल्स की आवश्यकता! संपर्क करें:- रहने खाने की सुविधा 8959906595.(RO-7398)

क्लासीफाईड

इलेक्ट्रीशियन/हेल्पर

आवश्यकता है- विद्युत सबस्टेशन में /अन्य कार्य हेतु आईटीआई/ डिप्लोमा/बीई,( इलेक्ट्रिकल ब्रांच) एवं हेल्पर कार्य हेतु दसवीं पास शासकीय दैनिक वेतन मान पर पता आकाशगंगा सुपेला भिलाई 7646844291. (आरो न - 295)

आया/चौकीदार/ड्रायवर

आवश्यकता है- Civil लाइंस एवं संतोषी नगर स्थित स्कूल के लिए आवश्यकता है आया-4, घर के लिए-2, चौकीदार-2, ड्राइवर-3, बढ़ाई -2, Model school civil lines raipur Whatsapp 9183253335, 9425214413, 9827890431.(RO-134)

ड्रायवर

आवश्यकता है- दुर्ग, भिलाई, रायपुर स्कूल, स्टाफ बस हेतू महिला कंडक्टर ,ड्राइवर की आवश्यकता आधारकार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस (हैवी व्हीकल) watsup करें पता बस स्टैंड दुर्ग:- 9343322450, 7385600786, 9424125786.(आरो न - 10496)

हाउसकीपिंग/सुपरवाइजर

आवश्यकता है- हाउसकीपिंग- पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने के लिए), ड्राइवर- केवल रायपुर लोकल के लिए, ऑफिस बॉय- केवल रायपुर लोकल के लिए, हाउस सुपरवाइजर, संपर्क करे- 6232022676.(आरो-460)

सेल्समैन/ऑपरेटर

आवश्यकता है- विरदी साड़ी शोरूम हेतु पुरुष और महिला, सेल्समेन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सभी रायपुर निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता, पता:- विरदी साड़ी कंकालीपारा रोड, रायपुर (संपर्क समय 10:30 से 9:00,) 9425522577, 9425522576. (RO-035)

कुक

आवश्यकता है- अनुभवी महिला कुक की आवश्यकता घरेलू कार्य एवं खाना बनाने हेतु। समयः सायं 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक। स्थानः गुरुद्वारे के पास, नेहरू नगर, भिलाई। वेतनः 10,000 प्रतिमाह। संपर्क:- 9826708233. (आरो नं.- SPD/0059)

अन्य

आवश्यकता है- जिलास्तरीय कंपनी में भर्ती परमानेंट बेसेस पर पद- फॉरेस्टगार्ड, क्लर्क, वनपाल, चपरासी , हेतु आवेदन कर 10वी+12वी पास लड़के लड़कियां, उम्रसीमा (18 -42 ) सैलरी- 26500/- 45500/- आवेदन हेतु - मार्कशीट, आधारकार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो , व्हाट्सएप / कॉल करे - 9129993295.(RO-081)

Education शिक्षण

प्रवेश प्रारंभ- फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करेः- B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech, (अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क Bharti Education Academy Sector - 6 Bhilai 9826196515, 9826896515 (आरो -4154)

Finance फायनेंस

फाइनेंस - बंधना फाइनेंस द्वारा दुकानदार, होलसेल, कृषि लोन, ग्रुपलोन, बिजनेस लोन 2 प्रतिशत ब्याज में। 25. हजार से 30 लाख तक लोन वीकली या मंथली आसान किश्तों में। संपर्क:- 9770833099. (RO-4560)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

फाइनेंस- कुबेर फाइनेंस मुद्रा योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर - (50,000/- से 15 लाख तक ) (1% ब्याज वार्षिक ) प्रॉपर्टी, पर्सनल, ग्रुपलोन, सिविल ख़राब लोन पाए, संपर्क - 8882627857.(RO-4347)




आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।




विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152



## जैकेट के शेष

### नक्सल आतंक का अंत...

गांव तक पहुंचने में कोई दिक्कत नहीं आएगी और कोई ताकत इसे रोक नहीं सकती। बीजापुर जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने सोमवार को शारदा सिनेमा हॉल में आयोजित जिला संवाद में यह बात कही। उन्होंने कहा कि बीजापुर जिले में नक्सलवाद समेत कई बड़ी चुनौतियां थीं। सबसे बड़ा रोड़ा नक्सलवाद का खात्मा होने से जिले के सभी क्षेत्रों में विकास की गंगा बहेगी। विष्णुदेव साय की सरकार किसी भी क्षेत्र के साथ भेदभाव नहीं करती। यहां के विधायक कांग्रेस के हैं बावजूद विकास के हरेक काम जिले के सभी क्षेत्रों में होंगे।

प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी के प्रत्येक सवालों को उन्होंने पूरे आत्मविश्वास के साथ जवाब देते हुए कहा कि इस जिले के युवा ऊर्जावान हैं जिसका परिणाम इस साल के बोर्ड परीक्षा के परिणाम से दिख रहा है। 10वीं में 96 और 12वीं में 95 प्रतिशत परिणाम रहा। युवाओं को उनकी प्रतिभा के अनुसार उच्च शिक्षा के लिए अवसर देने का काम हमारी सरकार कर रही है। यही कारण है कि बड़े पदों में इस अंचल के गरीब आदिवासी बच्चे पहुंच रहे हैं। विष्णुदेव सरकार ने यह संकल्प दोहराया है कि कोई भी गरीब बच्चा पैसे के अभाव में डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस और अन्य बड़े पदों में जाने से वंचित नहीं रह सकता। यही सोचकर गरीब बच्चों की पढ़ाई का पूरा खर्च और कोचिंग आदि की व्यवस्था की जा रही है।

वनमंत्री केदार कश्यप ने बीजापुर जिले के तेंदूपत्ता को पूरे बस्तर संभाग की तुलना में उच्च क्वालिटी का बताया। नक्सलमुक्त क्षेत्र होने से बीजापुर जिले में 55 प्रतिशत तेंदूपत्ता की तोड़ाई हो सकी। जबकि पिछले सालों में ग्रामीण अंदरूनी क्षेत्रों में जाकर तेंदूपत्ता का संग्रहण नहीं कर पाते थे। बीजापुर जिला भी वनाच्छादित क्षेत्र है इसलिए यहां के ग्रामीणों की आजीविका का प्रमुख साधन वनोपज है। सरकार कुटीर उद्योग लगाकर वन उत्पाद को अच्छे क्वालिटी का बनाकर उससे होने वाला लाभ आदिवासियों को देकर उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा बीजापुर जिले में भी पर्यटन की अपार संभावनाएं है। यहां जंगल सफारी जैसे प्रोजेक्ट शुरू कर फारेस्ट की स्थिति बेहतर करेंगे।

**बोधघाट परियोजना पर गंभीर :** वन मंत्री ने कहा कि 1980 में यदि बोधघाट परियोजना शुरू हो जाती तो पूरा बस्तर सिंचाई के मामले में अव्वल रहता। कांग्रेस और अन्य दलों के विरोध को उन्होंने बस्तर विकास विरोधी बताया। साथ ही कहा कि बस्तर में खनिज और वन संसाधन की कोई कमी नहीं है। ऐसे में यदि उद्योग और बड़ी परियोजना नहीं लगेगी तो बस्तर के युवा रोजगार और अन्य अवसरों से वंचित हो जाएंगे। केंद्र और राज्य में हमारी सरकार होने से विकास कार्य तेजी से हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है बस्तर संभाग आदिवासी क्षेत्र के रूप में सर्वाधिक विकसित बनेगा। इसी संकल्प और सोच को राज्य सरकार गंभीरता से लागू कर पूरे राज्य का सर्वांगीण विकास में लगी है।

### कोई बाहरी जमीन नहीं ...

लेकर आरोप लगा रही है। असल में कांग्रेस भाजपा से सीधे लड़ाई लड़ नहीं सकती इसलिए उद्योगपतियों का नाम लेकर सरकार पर कीचड़ उछालने का काम कर रही है जिसे जनता भली भांति समझ रही है।

### घर की बिजली 30 से ...

यूनिट तक की खपत पर 7.30 रुपए को बढ़ाकर 7.60 रुपए किया गया है। 401 अधिक यूनिट पर 8.70 रुपए को 9.10 रुपए किया गया है। कृषि वर्ग के उपभोक्ताओं की बिजली 5.80 रुपए से बढ़ाकर 6.20 रुपए कर दी गई है। कृषि संबंधी अन्य कार्यों की बिजली को 25 एचपी तक 5.80 रुपए से बढ़ाकर 6.10 रुपए कर दिया गया है। इसी के साथ 25 से 150 एचपी तक के कनेक्शनों के लिए 6.35 रुपए की दर को 6.65 रुपए कर दिया गया है।

**उद्योगों को भी झटका :** निम्न दाब के उद्योगों को 25 एचपी तक के कनेक्शनों के लिए 5.05 रुपए को 5.35 रुपए, 25 एचपी से अधिक की दर 6.80 रुपए से बढ़ाकर 7.10 रुपए कर दी गई है। सरगुजा और बस्तर विकास प्राधिकरण में आने वाले उद्योगों की दरों में भी 30 पैसों का इजाफा किया गया है। एचटी वर्ग के उद्योगों की दरों में भी इजाफा किया गया है। रेलवे की दर को 5.55 रुपए से बढ़ाकर 5.90 रुपए किया गया है। 220 केवी के उपभोक्ताओं के लिए 6.95 रुपए से बढ़कर दर 7.25 रुपए हो गई है। 132 के उद्योगों के लिए अब 7.10 रुपए के स्थान पर 7.40 रुपए, 33 केवी के उपभोक्ताओं के लिए 7.50 रुपए के स्थान पर 7.80 रुपए लगेंगे।

**400 यूनिट की खपत पर 140 रुपए का ज्यादा :** आम उपभोक्ताओं की हर माह की खपत को चार सौ यूनिट तक माना जाता है। ऐसे में वर्तमान टैरिफ में 400 यूनिट की खपत पर टैरिफ में 1950 रुपए लगते हैं। अब इसमें 140 रुपए का इजाफा हो जाएगा और 2090 रुपए लगेंगे। इसमें अन्य प्रभार अलग से लगेंगे। जैसे प्रति किलो वाट के 20 रुपए हर माह लगते हैं। जितने किलो वाट का कनेक्शन रहता है, उतना पैसा लगता है। इसके अलावा प्रति यूनिट पर दस पैसे शेष लगता है। 11 प्रतिशत शुल्क विद्युत प्रभार का लगता है। एफपीपीएएस शुल्क भी हर माह लगता है जो हर माह बदल जाता है।

### लागत में वृद्धि को देखते...

से 600 यूनिट तक खपत करने वालों के लिए 40 पैसे प्रति यूनिट तथा 600 यूनिट से अधिक खपत पर 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि निर्धारित की गई है। राज्य के लाखों परिवारों पर बढ़े हुए टैरिफ का वास्तविक प्रभाव केवल 15 से 20 पैसे प्रति यूनिट के आसपास होगा। टैरिफ वृद्धि करते समय आयोग ने आम जनता और निम्न आय वर्ग के हितों का ध्यान रखा है। सरकार की मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत योजना के तहत 400 यूनिट तक बिजली उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं को 200 यूनिट तक की खपत पर आधा बिजली बिल देने की सुविधा मिल रही है। ऐसे में बड़ी संख्या में निम्न एवं मध्यम आय वर्ग के परिवारों पर वास्तविक अतिरिक्त भार अपेक्षाकृत कम रहेगा। अनुमान है कि इन उपभोक्ताओं के बिल पर प्रभाव औसतन केवल 15 से 20 पैसे प्रति यूनिट के बराबर होगा। इसी प्रकार 201 से 600 यूनिट तक बिजली उपयोग करने वाले कई उपभोक्ता पीएम सूर्यघर योजना के तहत रूफटॉप सोलर संयंत्र लगाकर अपनी ग्रिड आधारित खपत 400 यूनिट के भीतर कर रहे हैं। ऐसे उपभोक्ताओं पर भी बढ़ोतरी का प्रभाव बहुत ही कम होने की संभावना है। गैर-घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं की बिजली दरों में औसतन 20 से 40 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। वहीं कृषि पंपों के लिए दरों में 40 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी घोषित की गई है। हालांकि कृषि उपभोक्ताओं को राज्य सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी के कारण इस वृद्धि का सीधा प्रभाव किसानों पर नहीं होगा। उच्च दाब (एचटी) श्रेणी के औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए भी बिजली शुल्क में संशोधन किया गया है। 220 केवी और 132 केवी श्रेणी में ऊर्जा प्रभार में 30 पैसे प्रति यूनिट तथा डिमांड चार्ज में 25 रुपये प्रति केवीए की वृद्धि की गई है। 33 केवी श्रेणी में 40 पैसे प्रति यूनिट और 11 केवी श्रेणी में 30 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी लागू होगी।

### स्कूल चलें हम...आज से...

बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक बालक-बालिका का विद्यालय में प्रवेश तथा नियमित अध्ययन सुनिश्चित करना है। वहीं, शासकीय विद्यालयों में प्रवेशोत्सव की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। जन प्रतिनिधियों के साथ-साथ पालकों को भी आमंत्रित किया जा रहा है ताकि बच्चों की शिक्षा को लेकर जागरुकता विकसित हो सके।

### इस सत्र से 150 विवेकानंद...

पाठ्यपुस्तकें, गणवेश तथा बालिकाओं के लिए सरस्वती साइकिल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि कोई भी बच्चा आर्थिक कारणों से शिक्षा से वंचित न रहे।

### विधानसभा का मानसून...

करेगी। विपक्ष कई मुद्दों पर सरकार को सदन में घेरेगा। विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा की ओर से जारी आदेश के अनुसार, मानसून सत्र 13 जुलाई से शुरू होकर 17 जुलाई तक चलेगा। सत्र के दौरान प्रश्नोत्तर काल के साथ विभिन्न शासकीय कार्यों पर चर्चा और निर्णय होंगे।

### पक्ष और विपक्ष होंगे...

दाम सहित बिजली के दामों में वृद्धि, राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति सहित कई मुद्दे सदन में उठाएगा।

### हवाई यात्रियों पर लगेज...

यात्रियों को सफर के दौरान 15 किलो तक लगेज फ्री ले जाने की सुविधा होती है और उससे ज्यादा वजन पर शुल्क देना होता है। हवाई यात्रा करने वालों के फेयर में उतार-चढ़ाव होना तो आम बात है, मगर इसके अलावा लिए जाने वाला शुल्क अतिरिक्त बोझ के रूप में सामने आता है। सर्वाधिक घरेलू विमान सेवा का संचालन करने वाली इंडिगो ने अपने लगेज शुल्क में बढ़ोतरी की है। यानी यात्रा के दौरान तय क्षमता से ज्यादा सामान ले जाना यात्रियों की जेब पर सीधे असर डाल सकता है। व्यास ट्रैवल्स के संचालक कीर्ति व्यास ने बताया कि 15 किलो के बाद अतिरिक्त तीन किलो लगेज के लिए 975 रुपए शुल्क देना पड़ता था। अब इसके लिए 1650 रुपए चुकाने होंगे। इसी तरह बैग का वजन बढ़ने के साथ उसके शुल्क की दरों में भी बदलाव होता जाता है। घरेलू विमानों के साथ इंटरनेशनल फ्लाइट में भी यात्रा करने वालों पर भी लगेज शुल्क का भार छह महीने बाद बढ़ा है। रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से इंटरनेशनल फ्लाइट संचालित नहीं होती, मगर घरेलू उड़ानों की संख्या 30 से अधिक है।

## सोमवती अमावस्या पर हरिद्वार में उमड़ा आस्था का सैलाब

# लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी, पूजा की

एजेंसी ▶▶ हरिद्वार

धर्मनगरी हरिद्वार में सोमवती अमावस्या के पावन पर्व पर आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सुबह तड़के से ही हर की पौड़ी समेत गंगा के प्रमुख घाटों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। लाखों श्रद्धालुओं ने मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पूजा-अर्चना की। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा, चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित और एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने खुद ग्राउंड जीरो पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।



### 300 वर्ष बाद दुर्लभ योग बना

अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी ने बताया कि लगभग तीन सौ वर्षों बाद ज्योतिषीय गणना के अनुसार ऐसा दुर्लभ योग बना है। ग्रहों की वर्तमान स्थिति, समवर्ती अमावस्या और अधिक मास का यह संयोग बना है। यह अपने आप में अत्यंत विशेष है। उन्होंने कहा कि जो लोग पूरे मास व्रत रखते हैं, उन्हें सोमवती अमावस्या के दिन अपने पूर्वजों और पितरों का तर्पण करना चाहिए।

दहल उठा यूक्रेन!

# रूस का भयावह हमला, कीव पर बरसाए 600 ड्रोन और 70 मिसाइलें, 11 की मौत



एजेंसी ▶▶ कीव

रूस ने रात के अंधेरे में यूक्रेन पर अब तक का सबसे बड़ा हमला किया। सैकड़ों ड्रोन और दर्जनों मिसाइलें दागीं, जिसमें 11 लोग मारे गए और 1000 साल पुराना एक मशहूर चर्च भी जल गया। 15 जून की रात रूस ने यूक्रेन के दो सबसे बड़े शहरों - राजधानी कीव और दूसरे सबसे बड़े शहर खार्किव पर एक साथ हमला किया। ये हमला रात को हुआ जब लोग सो रहे थे। रूस ने एक साथ 70 मिसाइलें और 611 ड्रोन दागे। यानी कुल मिलाकर 681 हथियार एक ही रात में. यूक्रेन की सेना ने इनमें से 632 को हवा में ही मार गिराया। यानी 50 मिसाइलें और 582 ड्रोन रोके गए। लेकिन फिर भी 20 बैलिस्टिक मिसाइलें और 27 ड्रोन यूक्रेन के 42 अलग-अलग जगहों पर जा गिरे।


**कार्यालय जिला विपणन अधिकारी, छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित कांकेर**
G-Mail- dmokanker0@gmail.com, E-Mail - mf_dmo_kanker@nic.in

क्रमांक/विपणन/निविदा/ 440/2026 **निविदा** कांकेर, दिनांक 12.06.2026

**खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 एवं 2027-28 में धान संग्रहण केन्द्रों में कुशल / अर्धकुशल एवं अकुशल श्रमिक नियोजन हेतु ऑनलाईन ई-निविदा सूचना**

छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित जिला कांकेर द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 एवं 2027-28 में धान संग्रहण केन्द्रों में कुशल / अर्धकुशल एवं अकुशल श्रमिक नियोजन हेतु ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा सूचना जेम पोर्टल की वेबसाईट में जाकर इच्छुक निविदाकारों के द्वारा भरा जा सकता है। निविदा बिड संख्या / Bid Number : GEM/2026/B/7635881 निविदा दिनांक 12.06.2026 से 08.07.2026 समय 6:00 बजे तक ऑनलाईन भरी जा सकती है। बी.जी./डी.डी. की मूल निविदा की अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व जिला विपणन कार्यालय कांकेर में जमा करना अनिवार्य है।

निविदा प्रारूप तथा शर्तों का अवलोकन जेम पोर्टल की वेबसाईट WWW.GEM.GOV.IN पर निविदाकर्ता के अध्ययन हेतु गाईडलाईन के रूप में उपलब्ध है।

जिला विपणन अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

**कार्यालय जिला विपणन अधिकारी छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित कांकेर**
G-Mail- dmokanker0@gmail.com, E-Mail- mf_dmo_kanker@nic.in

क्रमांक/विपणन/निविदा/441/2026 **निविदा** कांकेर, दिनांक 12.06.2026

**खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 एवं 2027-28 में बारदाना परिवहन (गोदाम से समिति) कार्य हेतु ऑनलाईन ई-निविदा सूचना।**

छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित जिला कांकेर द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 एवं 2027-28 में बारदाना परिवहन (गोदाम से समिति) कार्य हेतु ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा सूचना जेम पोर्टल की वेबसाईट में जाकर इच्छुक निविदाकारों के द्वारा भरा जा सकता है। निविदा बिड संख्या / Bid Number : GEM/2026/B/7634876 निविदा दिनांक 12.06.2026 से 13.07.2026 समय 5:00 बजे तक ऑनलाईन भरी जा सकती है। बी.जी./डी.डी. की मूल प्रति निविदा की अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व जिला विपणन कार्यालय कांकेर में जमा करना अनिवार्य है।

निविदा प्रारूप तथा शर्तों का अवलोकन जेम पोर्टल की वेबसाईट WWW.GEM.GOV.IN पर निविदाकर्ता के अध्ययन हेतु गाईडलाईन के रूप में उपलब्ध है।

जिला विपणन अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

**कार्यालय, नगरपालिका परिषद महासमुन्द जिला - महासमुन्द (छ.ग.)**
Tele Phone No-07723-224985, Email ID- nppmahasamund@gmail.com

क्र./ 644 / न.पा./जल.वि./2026-27 महासमुन्द दिनांक 15/06/2026

**जेम पोर्टल बिड आमंत्रण सूचना**

नगरपालिका परिषद् महासमुन्द के अधीन शासन के जेम पोर्टल के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु प्लेसमेन्ट (ठेका पद्धिति) के माध्यम से नगर पालिका परिषद महासमुन्द हेतु उच्च कुशल, कुशल, अकुशल एवं अर्द्धकुशल श्रमिको को उपलब्ध कराये जाने हेतु आनलाईन बिड आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र | बिड संख्या | कार्य विवरण | अनु. लागत राशि | अमानत राशि | बिड की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GEM/ 2026/ B /766/ 7665393 Date 15.06.2026 | Manpower Outsourcing services Minimum wage- Unskilled: Not Required: othrs, Manpower Outsourcing services - Minimum wage - Semi-skilled: Not required others Manpower outsourcing Services - Minimum wage - Skillex High School others Manpower outsourcing Services Minimum wage Highly Skilled graduate Admin Manpower Outsourcing services Minimum wage - Highly skilled High school others. | 28861020.00 | 144305.00 | 06.07.2026 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते एवं जानकारी कार्यालयीन अवधि मे कार्यालय से एवं शासन के अधिकृत जेम पोर्टल के वेब साईट पर देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद महासमुंद


## पेज एक के शेष

### स्कूलों में झरिया का पानी...

है। जिले में कहीं भवन जर्जर हैं, कहीं बिजली नहीं है, कहीं शौचालय नहीं हैं तो कहीं कक्षाएं आंगनबाड़ी सामुदायिक भवन अथवा ग्रामीणों के घरों में संचालित हो रही हैं। 16 जून से जिले के 1417 स्कूलों के 90 हजार से अधिक विद्यार्थी इन्हीं हालात के बीच पढ़ाई शुरू करेंगे। विशेष पिछड़ी जनजाति कमार और भुंजिया समुदाय की बड़ी आबादी वाले गरियाबंद जिले के वनांचल और दूरस्थ क्षेत्रों के विकासखंडों में बुनियादी सुविधाओं का गंभीर संकट बना हुआ है। मैनपुर विकासखंड के 283 स्कूलों में 22 हजार 977 बच्चे अध्ययनरत हैं। इनमें 36 स्कूल अत्यंत जर्जर स्थिति में हैं। प्राथमिक शाला पथर्री, टुहामेटा, नागेश और छोटे गोबरा में आज भी खपरैल युक्त भवनों में कक्षाएं संचालित हो रही हैं। प्राथमिक शाला ताराझार, कुरुवापानी, भालूडिग्गी और मटाल में बच्चों के लिए पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है। प्राथमिक शाला नगरार, कुकरार, पंडरीपानी, रामपुर और गोडलबाय में स्कूल भवन नहीं होने के कारण कक्षाएं ग्रामीणों के घरों अथवा सामुदायिक भवनों में संचालित की जा रही हैं।

### अमेरिका-ईरान में समझौता...

बाजारों ने राहत की सांस ली है। उन्होंने यह भी कहा कि समझौते के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य फिर से खोला जाएगा और ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिकी नाकेबंदी समाप्त कर दी जाएगी। ट्रंप ने कहा, मैं मुक्त आवाजाही के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को तत्काल पूरी तरह खोलने और अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी को हटाने की मंजूरी देता हूं। दुनिया के जहाजों, इंजन चालू करो। तेल का प्रवाह होने दो।"

### कहीं खुले आसमान के...

करने के लिए स्कूल भवन भी नसीब नहीं हो पा रहा है। दुरस्थ वनांचल और पहाड़ी गांव के हवाला देकर अफसर भी इन गांवों तक नहीं पहुंच पाते जिसके कारण पिछले 15 से 18 वर्षों से कई स्कूल भवन का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है और यहां के कमार बच्चे कहीं पेड़ के नीचे तो कहीं झोपड़ी में अपना भविष्य तलाश रहे हैं। कुल्हाड़ीघाट ग्राम पंचायत के पहाड़ी के ऊपर बसे आश्रित ग्राम ताराझर, कुर्वापानी, मटाल, भालूडिग्गी में 15 से 20 वर्ष पहले प्राथमिक स्कूल तो खोला गया है लेकिन भवन का निर्माण आज तक नहीं किया गया है, जिसके कारण खुले आसमान के नीचे या फिर झोपडी में पढ़ने को विवश हैं।

**क्या कहते हैं अधिकारी :** सर्व शिक्षा अभियान राजीव गांधी शिक्षा मिशन के खंड स्त्रोत समन्वयक शिव कुमार नागे ने बताया पहाड़ी ऊपर बसे ताराझर, कुर्वापानी, भालुडिग्गी, मटाल में स्कूल भवन नहीं है। अभी ग्राम पंचायत द्वारा ताराझर मे स्कूल भवन का निर्माण किया जा रहा है सभी जगह झोपड़ी या पेड़ के नीचे स्कूल संचालित हो रही है।

### शाम को साथ ...

का लग रहा है, लेकिन असल सच पोस्टमार्टम रिपोर्ट और गहन जांच के बाद ही बाहर आएगा। दिल को झकझोर देने वाली इस घटना के शिकार बुजुर्ग दंपति की पहचान नंदकुमार साहू (70 वर्ष) और उनकी पत्नी सुशीला बाई साहू (65 वर्ष) के रूप में हुई है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक रविवार की शाम करीब 7 बजे दोनों बुजुर्गों ने घर पर सामान्य रूप से भजिया का नाश्ता किया था और वे पूरी तरह ठीक लग रहे थे।

### सरपंच के बेटे से रिश्वत...

के ग्राम पंचायत लिमतरा में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत निर्मला घाट व नाली निर्माण के लिए 20 लाख रुपए स्वीकृत हुआ है। इस राशि में से 8 लाख का चेक जनपद पंचायत सक्ती से जारी हो चुका है। शेष 12 लाख रुपये का चेक जारी कराने के लिए सरपंच का बेटा अरुण भारद्वाज कई बार जनपद कार्यालय पहुंचा, लेकिन उसे घुमाया जाता रहा। बाद में सीईओ जनपद पंचायत सक्ती निखिल कश्यप और बाबू अविनाश ठाकुर ने चेक जारी करने के एवज में 2 लाख रुपये कमीशन की बात बोलकर रिश्वत की मांग की। अरुण भारद्वाज ने रिश्वत देने की बजाए एसीबी में शिकायत कर दी।

### हाईकोर्ट ने कहा..

भीतर उसे आरोप पत्र नहीं सौंपा जाता है या उसके निलंबन की अवधि को कानूनी रूप से आगे नहीं बढ़ाया जाता, तो ऐसा निलंबन कानूनन स्वतः ही समाप्त माना जाएगा। छत्तीसगढ़ उत्तर बस्तर कांकेर के आरईएस कॉलोनी निवासी एमके. खरे को लोक निर्माण विभाग में पदस्थापना के दौरान राज्य शासन ने 9 जनवरी 2026 को एक आदेश जारी कर निलंबित कर दिया था। एमके खरे ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की और निलंबन समाप्त करने की मांग की। याचिका की सुनवाई जस्टिस बीडी गुरु के सिंगल बेंच में हुई।

### संचिता ने किया सुसाइड...

शॉकिंग बात ये है कि 2020 में इसी तारीख को सुशांत सिंह राजपूत की भी मौत हुई थी। संचिता टीवी और फिल्मों, दोनों में अपने किरदारों के लिए जानी जाती थीं।


**गुमशुदा इंसान की सूचना**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ससुर श्री गोपीराम लहरे पिता स्व. विशालराम लहरे, उम्र 73 वर्ष, सा.ग्राम कचान्दूर (बाजार चौक, वार्ड नं.13) थाना पुलगाँव जिला दुर्ग (छ.ग.) जो मानसिक रोगी है, जिनका हुलिया चेहरा लम्बा, रंग-सांवला, बाल सफेद, कद-5 फिट 7 इंच, शरीर दुबला-पतला, पेन्ट शर्ट पहना हुआ है जो भाषा हिन्दी एवं छत्तीसगढ़ी बोलते है। दिनांक 01.04.2026 से कहीं लापता हो गए है, जिसकी गुमशुदगी रिपोर्ट चौकी जेवरा सिरसा, थाना पुलगाँव जिला दुर्ग (छ.ग.) मे दर्ज कराई गई है। जिस किसी भी व्यक्ति को इस गुमशुदा इंसान की कोई जानकारी मिले तो कृपया थाना पुलगाँव जिला दुर्ग (छ.ग.) अथवा प्रार्थी कौशल्या लहरे सा. ग्राम कचान्दूर (बाजार पारा) जिला दुर्ग (छ.ग.) को मो. 92000-55501 पर सूचित करने का कष्ट करें।

आवेदिका
कौशल्या लहरे, पत्नी नन्द कुमार लहरे
ग्राम कचान्दूर, (बाजार चौक, वार्ड नं. 13)जिला दुर्ग (छ.ग.)
मो. 92000-55501

**आम सूचना का खंडन**

एतद् द्वारा दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर एवं हरिभूमि दिनांक - 12.06.2026 में श्री शंकर जगत, श्री सिद्धार्थ जैन अधिवक्तागण कार्यालय शॉप नंबर 01, ब्लाक नंबर 04, पगारिया कॉम्पलेक्स पंडरी रायपुर द्वारा अपने पक्षकारगण क्रमशः देवनाथ कंसारी, नारायण कंसारी, यशवंत कंसारी, पदमिनी कंसारी, यमुना कंसारी एवं ज्योति कंसारी सभी पिता स्व. श्री दशराथ कंसारी निवासीगण म. न. 166, वार्ड नंबर 11, कुर्मी पारा सिवनीकला धमतरी छ.ग. की ओर से प्रकाशित आम सूचना का खंडन एवं आम सूचना प्रकाशित की जा रही है।

उपरोक्त सामाचार पत्रों में प्रकाशित आम सूचना दिनांक - 12.06.2026 के माध्यम से ग्राम गोबरा नवापारा प.ह.न. 23, रा.नि.मं. व तहसील गोबरा - नवापारा जिला रायपुर छ.ग. भूमि खसरा नंबर 400/2 रकबा 0. 7880 हेक्टेयर भूमि के संदर्भ में मेरे पक्षकार श्री महेश सोनकर पिता श्री केशव सोनकर के पक्ष में निष्पादित एवं पंजीकृत आम मुख्त्यारनामा दिनांक – 19.05.2026 को दिनांक- 09.06.2026 को निरस्त किये जाने संबंधी सूचना प्रकाशित की गई है। जबकि उक्त भूमि स्वामियों के द्वारा दिनांक-19.05.2026 एवं 20.05.2026 को उपर वर्णित भूमि खसरा नंबर 400/2 रकबा 0.7880 हेक्टेयर भूमि का पंजीकृत विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित किया जा चुका है तथा उपरोक्त वर्णित भूमि के संदर्भ मे समस्त राजस्व अभिलेखों मे मेरे पक्षकारगण का नाम दर्ज हो चुका है एवं उपरोक्त विक्रेतागण के द्वारा उपरोक्त वर्णित भूमि का आधिपत्य मेरे पक्षकारगण को सौंपा जा चुका है तथा उक्त भूमि पर मेरा पक्षकार बतौर भूमि स्वामी तार का बाढ़ लगाकर दाखिल व काबिज है। मेरा पक्षकार उपरोक्त वर्णित भूमि पर विक्रय पत्र दिनांक-19.05.2026 एवं 20.05.2026 के अनुसार बतौर स्वामी एवं आधिपत्यधारी है तब उक्त भूमि के संदर्भ मे उक्त विक्रेतागण को किसी भी प्रकार का स्वत्व, अधिकार प्राप्त नहीं है तथा प्रकाशित आम सूचना अपने आप में अवैध एवं विधि शून्य है। उक्त भूमि के संदर्भ मे उक्त विक्रेतागण को कोई भी सूचना एवं कार्यवाही करने का विधिक अधिकार प्राप्त नहीं है। तदाशय का खंडन एतद् द्वारा प्रकाशित की जा रही है।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक

भवदीय
सत्येन्द्र सिंह ठाकुर (अधिवक्ता)
रायपुर (छ.ग.) मो. न. - 9827113223

**पी.एम.श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय पेंटा, सुकमा-1, जिला- सुकमा, छ.ग.(नवोदय विद्यालय समिति का एक इकाई) शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग**
ग्राम : पेंटा, जिला : सुकमा, राज्य : छत्तीसगढ़, पिन - 494122
ईमेल - jnvkontasukma1@gmail.com
CBSE Affil No. 3340024, School No. 19261, UDISE No. 22213410709

F. No.03-15/TENDER/JNVP/2026-27/ Date :15/06/2026

**:: निविदा सूचना ::**

सत्र 2026-27 के दौरान पी.एम. श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय पेंटा, सुकमा-1 हेतु विभिन्न भण्डार सामग्री की आपूर्ति जैसे बिस्तर, फर्नीचर, किराना सामग्री, नॉन वेज आइटम, स्टेशनरी, खेलकूद सामग्री, प्रयोगशाला सामग्री, स्काउट एंड गाइड यूनिफॉर्म आदि तथा कार्य जैसे हेयर कटिंग, धुलाई प्रेस इत्यादि संलग्न करने के लिए अधिकृत पंजीकृत डीलर/ निर्माता/ आपूर्तिकर्ता/ कंपनियों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र/ दस्तावेज रू.200/- प्रति सेट के हिसाब से विद्यालय के कार्यालय से 16.06.2026 से 27.06.2026 पूर्वाह्न 11:00 बजे तक विद्यालय के नियत तिथि के भीतर कार्यालयीन दिवस में खरीदा जा सकता है। इसके अलावा संबंधित विद्यालय की आधिकारिक ईमेलः jnvkontasukma1@gmail.com पर आग्रह करके भी प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र जमा करते समय निविदा प्रपत्र की लागत के रूप में निर्धारित राशि विद्यालय के खाता संख्याः 37243300720, IFSC Code: SBIN0018650 पर रू.200/- प्रति निविदा फॉर्म की राशि जमा करनी होगी। पूर्ण रूप से सीलबंद निविदाएं एवं अर्नेस्ट मनी का डिमांड ड्राफ्ट (प्राचार्य, ज.न.वि. पेंटा, सुकमा -1, छत्तीसगढ़ के पक्ष में) प्राचार्य ज.न.वि. पेंटा, सुकमा -1 के कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 27.06.2026 अपराह्न 05:00 बजे तक होगी। सीलबंद निविदाएं भौतिक रूप से या पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा भी भेजी जा सकती हैं। निर्धारित तिथि/समय के बाद प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदाएं विद्यालय द्वारा दिनांक 29.06.2026 को प्रातः 11:00 बजे क्रय सलाहकार समिति द्वारा प्राचार्य पी.एम. श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय पेंटा, सुकमा -1 के कार्यालय कक्ष में खोली जाएंगी।

प्राचार्य
पी.एम.श्री. स्कूल
जवाहर नवोदय विद्यालय पेंटा, सुकमा -1, छत्तीसगढ़

**सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र**
(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार)
प्लॉट नं.15A, सेक्टर-7, द्वारका, नई दिल्ली – 110075

**संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट व्यक्तियों को अध्येतावृत्ति (फ़ेलोशिप) प्रदान करने की योजना वर्ष 2026-27**

सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संस्कृति से संबंधित प्रदर्शनकारी, दृश्यकला/रूपंकर व साहित्यिक कलाओं तथा नए क्षेत्रों में शोध-उन्मुख परियोजनाओं के परिचालन हेतु कनिष्ठ एवं वरिष्ठ अध्येतावृत्ति के लिए ऑफ़लाइन आवेदन-पत्र आमंत्रित करता है।

कृपया ध्यान दें कि वर्ष 2026-27 हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं, जो दिनांक 15 जून, 2026 से प्रभावी होंगे। इस वर्ष प्रदान की जाने वाली कनिष्ठ अध्येतावृत्तियों की संख्या 200 तथा वरिष्ठ अध्येतावृत्तियों की संख्या भी 200 निर्धारित की गई है। योजना का विस्तृत विवरण, आवेदकों हेतु दिशा-निर्देश, पात्रता एवं शर्तें तथा आवेदन-पत्र का प्रारूप भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय एवं सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र (सीसीआरटी) की निम्नलिखित वेबसाइटों पर उपलब्ध है :-

www.indiaculture.nic.in & www.ccrtindia.gov.in

आवेदन पत्र सिर्फ ऑफ़लाइन माध्यम द्वारा स्वीकार किये जायेंगे।
पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन-पत्र को डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से सीसीआरटी, नई दिल्ली के उपर्युक्त पते पर जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2026 है।

CBC 09127/11/0005/2627


## राशिफल

**मेष:** मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष:** परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क:** क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला:** किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

**धनु:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

**मकर:** क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

## शब्द पहेली - 6258

**बाएँ से दाए**
1. बलगम-2
3. जाप, मंत्र पाठ-2
5. काया, बदन-2
7. ठाठ-बाट-2
9. गिरावट, अवनति-3
11. बुरी आदत-2
13. सदं, अच्छा-2
15. बंदर-3
17. अपशिष्ट पदार्थ-2
19. थोड़ा-2
22. दबाना, कुचलना-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
26. आम जनता-2
28. पिता के पिता-2
30. पक्षाघात, फालिज-3
32. मनमौजी, अलमस्त-2
34. नवीन-2
36. लोच-3
38. गाड़ी, घोड़ागाड़ी-2
41. बीता हुआ दिन-2
43. लेखनी, पेन-3
45. अधर-2
47. रांझा की प्रेमिका-2
49. अप्सरा, परी-2
51. गर्भ, कोख-3
53. दंड, शिक्षा -2
55. पाश, फंदा-2
57. परखना-3
60. वोट, अभिप्राय-2
62. हत्या-2
64. तिरस्कृत-3
66. शराब-2
67. उद्देश्य-2
68. टूंटी, नलका-2
69. आनंद-2

**ऊपर से नीचे**
1. प्याला-2
2. धर्म आदेश-3
4. क्षण, लमहा-2
6. गगन, आकाश-2
8. सरुर, खुमार-2
10. पति की बहन-3
12. अंधकार-2
14. शर्म, लज्जा-2
16. पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18. भाग्य (अंग्रेजी-2)
20. रहस्य-2
21. कुर्बान-2
23. अनुकृति-3
25. जोर, बल-2
27. नाखून-2
29. दक्षिणा-2
31. पढ़ने वाला-3
33. परत-2
35. भैंस जैसा एक प्राणी-2
37. झगड़ा-3
39. भूमि, धरा -2
40. राहगीर-2
42. रक्त-2
44. मां का प्रेम-3
46. दम-2
48. आनंद-2
50. छुट्टी-2
52. झगड़ना-3
54. प्याला-2
56. प्यार-2
58. असफल-3
59. यमराज-2
61. पैंदा-2
63. संपत्ति-2
65. सम्राट-2

शब्द पहेली - 6257 का हल

## सूडोकु नवताल - 6268

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6267 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

## खबर संक्षेप

### पीएनबी, उज्जीवन ने बढ़ाईं एफसीएनआर जमा दरें




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पीएनबी ने प्रवासी भारतीयों ग्राहकों के लिए विदेशी मुद्रा प्रवासी बैंक (एफसीएनआर-बी) अमेरिकी डॉलर जमा पर ब्याज दरें बढ़ा दी हैं। इस कदम का उद्देश्य प्रवासी भारतीयों को विदेशी मुद्रा में अपनी आय बढ़ाने का अवसर देना तथा विनिमय दर में उतार-चढ़ाव के जोखिम से सुरक्षा प्रदान करना है।

### रुपया 47 पैसे चढ़कर 94.71 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया सोमवार को 47 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.71 (अस्थायी) पर रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता होने की घोषणा करने के बाद वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला।

### विदेशी निवेशकों ने बाजार से निकाले 62,853 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, वैश्विक आर्थिक वृद्धि को लेकर चिंताओं और रुपये की लगातार कमजोरी के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जून के पहले पखवाड़े में भारतीय शेयर बाजार से 62,853 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की है। शेयर बाजार से लगभग 2.87 लाख करोड़ रुपये निकाल चुके हैं।

### एडविट ज्वेल्स का आईपीओ 23 जून को खुलेगा, मूल्य दायरा तय




**नई दिल्ली।** आभूषण विनिर्माता कंपनी एडविट ज्वेल्स ने अपने 165 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 130 से 138 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 23 जून को खुलेगा और 25 जून को बंद होगा।

### रीबॉक स्टोर की संख्या 210 से अधिक : एबीएलबीएल




**नई दिल्ली।** खेल के जूते, परिधान और खेल सामग्री बनाने वाले ब्रांड रीबॉक की बिक्री भारत में पिछले तीन साल में दोगुना से अधिक हो गई है। आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी आदित्य बिड़ला लाइफस्टाइल ब्रांड्स लिमिटेड (एबीएलबीएल) ने यह जानकारी दी। कंपनी ने कहा कि इस दौरान रीबॉक के स्टोर की संख्या बढ़कर 210 से अधिक हो गई है।

### स्मार्ट वाहन प्रौद्योगिकी के लिए स्पेक्ट्रम बैंड अब लाइसेंस मुक्त



**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग ने 5.9 गीगाहर्ट्ज और 77-81 गीगाहर्ट्ज फ्रीक्वेंसी बैंड वाले स्पेक्ट्रम को लाइसेंस की अनिवार्यता से मुक्त कर दिया है। इस कदम से वाहनों में यात्री सुरक्षा बढ़ने और स्वचालित वाहनों के विकास को गति मिलने की उम्मीद है। विभाग की तरफ से जारी अधिसूचना के मुताबिक, 5875-5905 मेगाहर्ट्ज (5.9 गीगाहर्ट्ज) बैंड में वाहन में लगे वायरलेस उपकरण को रेडियो फ्रीक्वेंसी आवंटन के बगैर ही उपयोग की अनुमति दी गई है।

# चीन ने मस्क को दिया तगड़ा झटका, पहला कमर्शियल ब्रेन-चिप किया लांच

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस टेक्नोलॉजी को व्यावसायिक बनाने की दौड़ में चीन ने दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क को झटका दिया है। चीन मस्क की 'जीसस-लेवल टेक्नोलॉजी' अपनाने वाली न्यूरालिंक से आगे निकल गया है। चीनी विशेषज्ञों ने सफल क्लिनिकल ट्रायल के बाद दुनिया की पहली व्यावसायिक उपलब्ध ब्रेन चिप को मंजूरी दे दी है। नियो नाम का सिक्कों के आकार का इम्प्लांट, कमर्शियल इस्तेमाल के लिए क्लिनिकल टेस्टिंग पास करने वाला पहला सर्जिकली इम्प्लांट ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस (बीसीआई) डिवाइस बना है। फिलहाल 11 लोगों पर इसका टेस्ट चल रहा है।

- कंपनी फिलहाल इस चिप का 11 लोगों पर इसका टेस्ट कर रही

## पहला सर्जिकली इम्प्लांट ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस डिवाइस बनाई

### मस्क की कंपनी को मंजूरी नहीं

रिसर्चर, टेक्नोलॉजी कंपनियां और इन्वेस्टर ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस को इंसानों के मशीनों के साथ बातचीत करने के तरीके में बहुत बड़े बदलाव की शुरुआत के तौर पर देख रहे हैं। यह डेवलपमेंट ऐसे समय हुआ है, जब मस्क की न्यूरालिंक अमेरिका में ह्यूमन ट्रायल कर रही है लेकिन उसे अभी तक कमर्शियल इस्तेमाल के लिए रेगुलेटरी मंजूरी नहीं मिली है।



### नर्वस सिस्टम पर कंट्रोल पाने में मदद मिलेगी

न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, बीजिंग की सिंघुआ यूनिवर्सिटी और शंघाई की न्यूराकल टेक्नोलॉजी के रिसर्चर्स ने ये (एनईओ) डिवाइस बनाई है। एनईओ का पहला वर्जन स्पाइनल कॉर्ड की चोट और पैरालिसिस से जूझ रहे मरीजों को उनके नर्वस सिस्टम के हिस्सों पर फिर से कंट्रोल पाने में मदद करने के लिए बनाया गया है।

### विचारों का इस्तेमाल कर डिवाइस चला सकेंगे

ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस दिमाग से निकलने वाले सिग्नल को डिजिटल कमांड में बदलते हैं, जिनसे कंप्यूटर, डिवाइस या प्रोस्थेटिक्स को कंट्रोल किया जा सकता है। मस्क ने बार-बार इस टेक्नोलॉजी की जिंदगी बदलने की क्षमता पर बात की है। न्यूरालिंक ने कहा है कि उसके इम्प्लांट से यूजर्स भविष्य में अपने विचारों का इस्तेमाल करके टाइप कर सकेंगे और डिवाइस चला सकेंगे।

### मेडिकल जोखिमों को कम करने में मदद मिलेगी

यह इम्प्लांट दिमाग के सिग्नल को पकड़ता पास के कंप्यूटर पर भेजता है, जहां उन्हें डिजिटल कमांड में बदला जाता है। चीन ने 36 मरीजों पर इस डिवाइस का टेस्ट किया है और अच्छे नतीजे मिले हैं। रिसर्चर्स का मानना है कि कम-इनवेसिव (शरीर में कम छेड़छाड़ वाला) तरीका ब्रेन इम्प्लांट से जुड़े पारंपरिक मेडिकल जोखिमों को कम करने में मदद कर सकता है। न्यूरोलॉजिकल बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को खासतौर से उन लोगों को इसका फायदा होगा, जिन्हें चलने-फिरने और बोलने में दिक्कत होती है। इसका इस्तेमाल लकवा और रीढ़ की हड्डी की चोटों से आगे पार्किंसंस रोग, मिर्गी, स्ट्रोक और डिप्रेशन जैसी स्थितियों में भी हो सकता है।

## कीमतों में बदलाव का अधिक सटीक आकलन संभव होगा

# पहली बार उत्पादक मूल्य सूचकांक के आंकड़े जारी अगले पांच साल में लेगा डब्ल्यूपीआई की जगह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने सोमवार को पहली बार वस्तुओं एवं सेवाओं दोनों के लिए 'उत्पादक मूल्य सूचकांक' (पीपीआई) के आंकड़े जारी किए। इससे कीमतों में बदलाव का अधिक सटीक आकलन संभव होगा और अगले पांच वर्षों में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) को चरणबद्ध ढंग से हटाने की राह तैयार होगी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा कि यह कदम उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के व्यवहार और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की सिफारिशों के अनुरूप है, जिसमें भारत को डब्ल्यूपीआई की जगह पीपीआई को अपनाने की जरूरत पर बल दिया गया था।

### कीमतों में बदलाव को बेहतर तरीके से समझा जा सकेगा

मंत्रालय के मुताबिक, आउटपुट और इनपुट दोनों प्रकार के पीपीआई उपलब्ध होने से उद्योगों में उपयोग होने वाले कच्चे माल (इनपुट) और तैयार उत्पाद (आउटपुट) की कीमतों में बदलाव को बेहतर तरीके से समझा जा सकेगा। इससे यह भी स्पष्ट होगा कि उत्पादकों पर इनपुट लागत में बढ़ोतरी का अंतिम उत्पाद की कीमतों पर किस तरह असर पड़ता है।

## अगले पांच वर्षों में डब्ल्यूपीआई हटाने की राह तैयार होगी

### बदलाव नीति आयोग की सिफारिश के बाद किया गया

यह बदलाव नीति आयोग के पूर्व सदस्य रमेश चंद की अध्यक्षता वाले कार्य समूह की सिफारिशों के बाद किया गया है। इस समूह का गठन 30 दिसंबर, 2024 को किया गया था। चंद ने अपनी रिपोर्ट में कहा था, ''थोक मूल्य सूचकांक के उलट, पीपीआई उत्पादकों के दृष्टिकोण से कीमतों में बदलाव को अधिक सटीक रूप से दर्शाता है और इस तरह यह राष्ट्रीय आय/ सकल घरेलू उत्पाद के आकलन में अधिक उपयोगी है।''



- कदम उन्नत अर्थव्यवस्थाओं व आईएमएफ की सिफारिशों के अनुरूप
- डब्ल्यूपीआई की जगह पीपीआई को अपनाने पर जोर दिया जा रहा

**पीपीआई मुद्रास्फीति भी बढ़कर आई :** मई में थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति दर अप्रैल के 8.26 प्रतिशत से बढ़कर 9.68 प्रतिशत हो गई। इसी के अनुरूप आउटपुट पीपीआई मुद्रास्फीति भी अप्रैल के 8.1 प्रतिशत से बढ़कर मई में 9.4 प्रतिशत हो गई है। सरकार ने डब्ल्यूपीआई और पीपीआई दोनों के लिए आधार वर्ष को संशोधित कर 2022-23 कर दिया है। इसमें कुल 957 वस्तुओं को शामिल किया गया है।

**विनिर्मित उत्पादों का भारांश सबसे अधिक :** आउटपुट पीपीआई (वस्तुएं) में विनिर्मित उत्पादों का भारांश सबसे अधिक 69.93 प्रतिशत है जबकि कृषि, वानिकी एवं मत्स्य का 22.16 प्रतिशत, बिजली का 4.49 प्रतिशत और खनन का भारांश 3.42 प्रतिशत है। पीपीआई के पहले चरण में सात सेवाओं- बैंकिंग, प्रतिभूति लेनदेन, बीमा, पेंशन फंड प्रबंधन, रेलवे, हवाई यात्री सेवा एवं दूरसंचार को शामिल किया गया है।

### पीपीआई 109.6 दर्ज किया गया

मई, 2026 के लिए अखिल भारतीय आउटपुट पीपीआई (सभी वस्तुएं) 109.6 दर्ज किया गया, जो अप्रैल में 108.6 था। वहीं, विनिर्माण क्षेत्र के लिए परीक्षण आधार पर जारी इनपुट पीपीआई मई में 104.9 रहा। मंत्रालय ने बताया कि इनपुट पीपीआई को फिलहाल प्रायोगिक आधार पर जारी किया जा रहा है ताकि आंकड़ों की गुणवत्ता का आकलन किया जा सके और हितधारकों से सुझाव प्राप्त किए जा सकें।

### थोक मुद्रास्फीति मई में बढ़कर 9.68 प्रतिशत पर

*देश में थोक मुद्रास्फीति मई में बढ़कर 9.68 प्रतिशत हो गई, जो अप्रैल में 8.26 प्रतिशत थी। ईंधन व बिजली, विनिर्मित उत्पादों और खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेज वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति का मई का यह आंकड़ा 2022-23 आधार वर्ष वाली वर्तमान श्रृंखला में अब तक का सबसे अधिक स्तर है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने आधार वर्ष को 2011-12 से संशोधित कर 2022-23 करने के बाद थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े सोमवार को जारी किए।*

# खाड़ी में शांति की उम्मीद से बाजार दूसरे दिन भी झूमा

एजेंसी ▶▶ मुंबई



अमेरिका-ईरान शांति समझौते पर सहमति बनने से कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट आने और वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच घरेलू शेयर बाजार सोमवार को लगातार दूसरे सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 736 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 231 अंक की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 736.38 अंक चढ़कर 76,264.33 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,293.12 अंक चढ़कर 76,821.07 अंक तक पहुंच गया था। इसी तरह निफ्टी 231 अंक बढ़कर 23,853.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 388.5 अंक चढ़कर 24,011.40 अंक तक चला गया था।


- सेंसेक्स 736 और निफ्टी में 231 अंक की रही तेजी
- दो सत्रों में निवेशकों की पूंजी 18.15 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

### निवेशकों की पूंजी 18.15 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

पश्चिम एशिया संकट खत्म होने की उम्मीदों से घरेलू शेयर बाजार में दो दिन से जारी तेजी के बीच निवेशकों की संपत्ति करीब 18.15 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। अमेरिका और ईरान के बीच 107 दिन से जारी संघर्ष समाप्त करने के समझौते से वैश्विक बाजारों का मनोबल मजबूत हुआ। तेजी के इन सत्रों में बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 18,15,339 करोड़ रुपये बढ़कर 4,70,49,119.48 करोड़ रुपये हो गया।

# देश का निर्यात मई में आठ फीसदी बढ़ा पर व्यापार घाटे में वृद्धि दर्ज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



देश का निर्यात मई में 18 प्रतिशत बढ़कर छह महीने के उच्च स्तर 45.2 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया।

वहीं कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच पेट्रोलियम उत्पादों के आयात में वृद्धि से व्यापार घाटा 28.21 अरब डॉलर तक बढ़ गया। मासिक आधार पर हालांकि व्यापार घाटा अप्रैल के 28.38 अरब डॉलर से मामूली घटा है। पिछले वर्ष मई में व्यापार घाटा 21.88 अरब डॉलर था। आयात मई में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर तीन महीने के उच्च स्तर 73.41 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जिससे पिछले वर्ष की तुलना में व्यापार घाटा और बढ़ गया। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि वैश्विक भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बावजूद देश का निर्यात अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने कहा कि मई के आंकड़े '' सबसे अधिक मासिक निर्यात आंकड़ों में से एक'' हैं और रुझान को देखते हुए यह वर्ष निर्यात के लिए अच्छा रहेगा।

- निर्यात मई में बढ़कर 45.2 अरब डॉलर रहा
- कच्चे तेल में उछाल से व्यापार घाटा बढ़ा

### सोने का आयात 60 प्रतिशत बढ़ा

चालू वित्त वर्ष 2026-27 के पहले दो महीनों (अप्रैल-मई) में सोने का आयात 60 प्रतिशत बढ़कर 9.04 अरब डॉलर तक पहुंच गया। कच्चे तेल का आयात 16.5 प्रतिशत बढ़कर 41.3 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। अग्रवाल ने कहा कि इस वर्ष मई में पश्चिम एशिया को भारत का निर्यात लगभग पिछले वर्ष के समान स्तर पर पहुंच गया, जबकि उस क्षेत्र में व्यवधान बने रहे।

# टाटा ट्रस्ट परोपकारी खर्च बढ़ाकर 2000 करोड़ रुपए करेगा




**नई दिल्ली।** टाटा ट्रस्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सिद्धार्थ शर्मा ने कहा है कि ट्रस्ट चालू वित्त वर्ष में अपने परोपकारी कार्यों पर खर्च बढ़ाकर लगभग 2,000 करोड़ रुपये करेगा। शर्मा ने उन खबरों पर भी प्रतिक्रिया दी जिनमें 180 अरब डॉलर से अधिक मूल्य वाले टाटा समूह की मूल कंपनी टाटा संस को नियंत्रित करने वाले परोपकारी ट्रस्टों के कथित आंतरिक मतभेदों पर ही ध्यान केंद्रित किया गया है। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'लिंक्डइन' पर एक पोस्ट में कहा कि टाटा ट्रस्ट का मूल उद्देश्य परोपकार है और इसी काम के लिए इसका अस्तित्व है। उन्होंने कहा कि कई बार बिना पर्याप्त सत्यापन और विश्लेषण के कुछ बातों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है, जो आज के समय की वास्तविकता भी है और विडंबना भी।

# सोना 2,500 रुपए चढ़ा और चांदी 5,000 रुपए मजबूत

- सोना बढ़कर 1.59 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम
- चांदी की कीमत 2 .60 लाख रुपए प्रति किलो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमतें 2,500 रुपये बढ़कर 1.59 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जबकि चांदी की कीमत 2.60 लाख रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई।

अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते की रूपरेखा बनने के बाद वैश्विक बाजार में मजबूत रुख का असर इन कीमतों पर दिखा। बाजार के जानकारों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार के 1,56,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद स्तर से 2,500 रुपये बढ़कर 1,59,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई। चांदी की कीमत में भी लगातार दूसरे सत्र में बढ़ोतरी हुई और यह 5,000 रुपये बढ़कर 2,60,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई। पिछले सत्र में चांदी की कीमत 2,55,700 रुपये प्रति किलोग्राम थी।

### वैश्विक बाजार में सोना उछला

*अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना 121.33 डॉलर या लगभग तीन प्रतिशत बढ़कर 4,340.65 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी 2.74 डॉलर या 4.04 प्रतिशत बढ़कर 70.74 डॉलर प्रति औंस हो गई।*

## यूरिया के दो नए संयंत्र जल्द उत्पादन शुरू करेंगे : सरकार...



**नई दिल्ली।** यूरिया के दो नये संयंत्र जल्द ही उत्पादन शुरू कर देंगे, जिनकी कुल सालाना क्षमता 25.4 लाख टन होगी। इनके शुरू हो जाने के बाद आयात पर देश की निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। भारत ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 100 लाख टन से अधिक यूरिया का आयात किया था। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान जारी किया, जिसमें भारत को आत्मनिर्भर बनाने और किसानों को वैश्विक समस्याओं से बचाने के मकसद से इस क्षेत्र में मोदी सरकार के पिछले 12 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। मंत्रालय ने कहा, 'पश्चिम एशिया में संघर्षों के कारण ईंधन की भारी कमी और निर्यात मार्गों में व्यवधान के बावजूद, सरकार ने उर्वरक की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक सक्रिय, युद्धस्तरीय प्रतिक्रिया दी है।'

# वैगन आर का फ्लेक्स फ्यूल लांच, ई85 ईंधन पर चलेगी कार




- कार की शुरुआती कीमत 7.24 लाख रुपए रखी गई
- पेट्रोल कार से 86 हजार रुपए महंगी होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मारुति सुजुकी ने सोमवार को भारत में पहली फ्लेक्स-फ्यूल कार वैगन-आर बायोफ्लेक्स लॉन्च कर दी है। यह ई85 फ्यूल (85प्रतिशत एथेनॉल मिक्स पेट्रोल) से चलेगी। कार की शुरुआती कीमत 7.24 लाख रुपए रखी गई है और यह दो वैरिएंट में मिलेगी।

ई85 वैगन-आर स्टैंडर्ड मॉडल से 86 हजार रुपए महंगी है। वहीं, कॉमर्शियल सेगमेंट में मिलने वाली टूर एच3 के मुकाबले इसकी कीमत 1.35 लाख रुपए से 2.25 लाख रुपए तक ज्यादा है। वैगन-आर टूर एच3 की कीमत 4.99 लाख से 5.89 लाख रुपए के बीच है। फिलहाल इसे टैक्सी और फ्लीट जैसे कमर्शियल सेक्टर के लोग ही खरीद सकेंगे।

### नए ईंधन के लिए कई पार्ट्स में बदलाव हुआ

कार का बाहरी डिजाइन रेगुलर वैगन-आर की तरह ही है, लेकिन ई85 फ्यूल पर चलाने के लिए इसके इंजन और पार्ट्स में तकनीकी बदलाव किए गए हैं। कंपनी ने इसमें अपग्रेडेड फ्यूल इंजेक्टर, नया फ्यूल पंप, नई फ्यूल लाइन्स, री-कैलिब्रेटेड ईसीयू और एक स्पेशल एथेनॉल सेंसर लगाया है।

## वित्त मंत्री सीतारमण ने घोषित उपायों को महज शुरुआत बताया

# विदेशी पूंजी आकर्षित करने और कदम उठाए जाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि विदेशी पूंजी प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक और सरकार के घोषित उपाय महज शुरुआत हैं जबकि अभी आगे और कदम उठाए जा सकते हैं।

निर्मला सीतारमण ने साथ ही कहा कि बदलती वैश्विक परिस्थितियों से उत्पन्न आपात स्थितियों के लिए तैयार रहना जरूरी है, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था प्रमुख कच्चे माल के आयात, साथ ही कच्चे तेल और उर्वरकों के आयात से ''गंभीर दबाव'' का सामना कर रही है।

- अर्थव्यवस्था कच्चे तेल, उर्वरकों के आयात से गंभीर दबाव में

### विदेशी मुद्रा अदला बदली सुविधा दी जा रही

इसके अलावा, विदेशी पूंजी प्रवाह बढ़ाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को बाहरी या विदेशों से वाणिज्यिक उधार (ईसीबी) जुटाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु रियायती विदेशी मुद्रा अदला-बदली सुविधा भी दी गई है, जो 30 सितंबर तक लागू रहेगी। सीतारमण ने कहा कि आरबीआई द्वारा घोषित ढांचे के तहत मुद्रा जोखिम की लागत आरबीआई वहन करेगा, जिससे बैंक बिना बाधा के अपने संसाधन जुटा सकेंगे।



### हमें और अधिक विदेशी पूंजी की आवश्यकता

वित्त मंत्री ने कहा, '' हालांकि फिलहाल यह केवल बॉन्ड बाजार तक सीमित है, लेकिन यह कहानी का अंत नहीं है। आगे और भी कदम होंगे। हम यह मानते हैं कि हमें और अधिक विदेशी पूंजी की आवश्यकता है। भारतीय रिजर्व बैंक ने पांच जून को बैंकों को तीन से पांच वर्ष की अवधि वाले विदेशी मुद्रा गैर-निवासी (बैंक) जमा के लिए अपनी मुद्रा अदला-बदली सुविधा का उपयोग करने की अनुमति दी थी।

### माइंडमाइन समिट में लिया भाग

'माइंडमाइन समिट 2026' में यहां उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और सरकार के विश्लेषण से यह पता चला है कि बॉन्ड बाजार विदेशी पूंजी को आकर्षित करने के लिए एक ''बेहद अच्छा माध्यम'' बन सकता है और इससे विदेशी निवेश को प्रभावी रूप से अवशोषित किया जा सकता है।

### विदेशी निवेशकों का अनुपालन बोझ कम किया गया

इसके अनुरूप ही सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) में विदेशी निवेशकों के अनुपालन बोझ को कम करने के लिए सरकार ने पांच जून को पूरी तरह सुलभ मार्ग (एफएआर) के तहत निर्दिष्ट प्रतिभूतियों की सूची का विस्तार किया और इसमें जी-सेक के नए निर्गमों को भी शामिल किया।

### बेरोजगारी दर मई में मामूली रूप से घटकर 5.5 प्रतिशत रही



**नई दिल्ली।** देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के बीच बेरोजगारी की दर मई, 2026 में मामूली रूप से घटकर 5.5 प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले 5.6 प्रतिशत थी। सोमवार को जारी आधिकारिक श्रम बल सर्वेक्षण से यह जानकारी मिली। बेरोजगारी दर सालाना आधार पर भले ही कम हुई है लेकिन अप्रैल, 2026 में 5.2 प्रतिशत के मुकाबले इसमें कुछ बढ़ोतरी हुई है।

# गोलरहित ड्रॉ की ओर बढ़ रहे मैच में डियालो ने पलटा पूरा खेल



**फिलाडेल्फिया।** अमाद डियालो ने 90वें मिनट में गोल करके पिछले 12 वर्ष में पहली बार विश्व कप फुटबॉल में भाग ले रहे आइवरी कोस्ट को इक्वाडोर पर 1-0 से जीत दिलाई। दोनों टीमों ने मिलकर तीन बार क्रॉसबार पर गेंद मारी, लेकिन गोल करने में नाकाम रही। ऐसे में जब मैच गोलरहित ड्रॉ की तरफ बढ़ रहा था तब मैनचेस्टर यूनाइटेड की तरफ से खेलने वाले स्थानापन्न विंगर डियालो (56वें मिनट में मैदान पर उतरे) ने पेनल्टी क्षेत्र के ठीक अंदर गोता लगाते हुए बाएं पैर से जोरदार शॉट लगाकर गोलकीपर हर्नान गैलिंडेज़ को चकमा देकर गोल कर दिया। विल्फ्रेड सिंगो ने दाहिनी ओर से शानदार दौड़ लगाते हुए इस गोल की नींव रखी थी। इस तरह से विश्व कप में चौथी बार और 2014 के बाद पहली बार हिस्सा ले रहे आइवरी कोस्ट ने नॉकआउट चरण में पहुंचने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाया।

### 68,274 दर्शकों से भरे स्टेडियम में रोमांच

पांचवीं बार विश्व कप में भाग ले रहा इक्वाडोर के लिए लिंकन फाइनेंशियल फील्ड का माहौल घरेलू मैदान जैसा था क्योंकि 68,274 दर्शकों में से अधिकांश ने ला ट्राई (इक्वाडोर की टीम) की पीली जर्सी पहनी हुई थी। डियालो के गोल से पहले इक्वाडोर की टीम मजबूत नजर आ रही थी। उसे हाफ टाइम के बाद सबसे अच्छा मौका 68वें मिनट में मिला जब गोंज़ालो प्लाटा ने लगभग 25 गज की दूरी से जोरदार शॉट लगाया, जिसे गोलकीपर याहिया फोफाना ने रोक दिया।

# ग्रुप ई: हार के बाद भी क्यूरासाओ ने रचा इतिहास, जर्मनी ने दर्ज की बड़ी जीत

एजेंसी ▶▶| ह्यूस्टन

काई हावर्ट्ज के दो गोल की मदद से चार बार के चैंपियन जर्मनी ने विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप ई के मैच में इतिहास रचने वाले क्यूरासाओ को 7-1 से हराकर कड़ा सबक सिखाया। क्यूरासाओ को भले ही करारी हार का सामना करना पड़ा लेकिन वह विश्व कप में भाग लेने वाला सबसे छोटा देश बन गया। यही नहीं उसने एक गोल भी किया, जो उसके लिए बड़ी उपलब्धि है। फेलिक्स नेमेचा ने छठे मिनट में गोल



करके जर्मनी को बढ़त दिलाई। क्यूरासाओ के लिवानो कोमेनेंसिया ने 21वें मिनट में बॉक्स के केंद्र से बाएं पैर से जोरदार शॉट लगाकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इससे इस छोटे से कैरेबियाई देश के प्रशंसक खुशी से झूम उठे। इसके बाद पूरे मैच में जर्मनी का दबदबा रहा। उसने 38वें मिनट में नथानिएल ब्राउन के कॉर्नर किक पर निको श्लॉटरबेक के हेडर से किए गए गोल से फिर से बढ़त हासिल कर ली। जर्मनी की जीत का अंतर विश्व कप के 9 गोल के रिकॉर्ड से काफी कम है। ऐसा तीन बार हो चुका है। आखिरी बार ऐसा तब हुआ था जब हंगरी ने 1982 में अल साल्वाडोर को 10-1 से हराया था। क्यूरासाओ के भी कुछ दर्शक पहुंचे हुए थे, जिन्होंने अपनी टीम का हौसला बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। जर्मनी का अगला मैच शनिवार को टोरंटो में आइवरी कोस्ट से होगा, जबकि क्यूरासाओ शनिवार को कैनसस सिटी में इक्वाडोर से भिड़ेगा।





## स्वीडन की शानदार शुरुआत, ट्यूनीशिया को दी करारी शिकस्त

**मॉन्टेरी।** यासीन अयारी के दो गोल की मदद से स्वीडन ने ट्यूनीशिया को 5-1 से करारी शिकस्त देकर विश्व कप फुटबॉल में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए ग्रुप एफ में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। अयारी ने एस्टाडियो बीबीवीए स्टेडियम में स्वीडन के लिए सातवें मिनट और दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में लंबी दूरी से गोल दागकर स्कोर की शुरुआत और अंत किया। उन्होंने संयमित तरीके से जश्न मनाया और अपने पिता के जन्मस्थान के प्रति सम्मान दिखाते हुए अपने हाथ ऊपर उठाए। अलेक्जेंडर इसाक (30वें मिनट) और विक्टर ग्योकेरेस (59वें) ने एक-एक गोल करने के साथ एक दूसरे के गोल में मदद की। स्वीडन की तरफ से मैटियस स्वानबर्ग (84वें) ने भी गोल किया। स्वीडन विश्व रैंकिंग में 39वें स्थान पर है और आठ साल पहले रूस में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने के बाद 2022 के विश्व कप में जगह बनाने से चूक गया था।

# कामाडा ने 88वें मिनट में दागा गोल समुराई ब्लू के फैंस खुशी से झूमे

### ग्रुप एफ : जापान ने नीदरलैंड को बराबरी पर रोका

**आर्लिंगटन।** दाइची कामाडा ने अंतिम सीटी बजने से कुछ मिनट पहले गोल किया, जिससे जापान ने विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप एफ के मैच में नीदरलैंड को 2-2 से बराबरी पर रोक दिया। जब जापान की हार सुनिश्चित लग रही थी तब कामाडा ने यह महत्वपूर्ण गोल किया, जिसे उनका देश वर्षों तक याद रखेगा। कोकी ओगावा के कॉर्नर किक पर कामाडा ने 88वें मिनट में हेडर से गोल किया, जिससे समुराई ब्लू (जापानी टीम) के प्रशंसक खुशी से झूम उठे। इससे जापान ने अपने से अधिक रैंकिंग वाले नीदरलैंड की जीत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। नीदरलैंड की टीम को भले ही अंक बांटने पड़े लेकिन इस ड्रॉ से उसने विश्व कप के ग्रुप चरण में अपने अजेय अभियान को 17 मैच तक पहुंचा दिया है। कामाडा के गोल से नारंगी रंग की जर्सी पहने नीदरलैंड के प्रशंसक सन्न रह गए। दोनों टीम हाफ टाइम तक गोल नहीं कर पाई थी। दूसरे हाफ की शुरुआत में वर्जिल वैन डाइक (50वें मिनट) और क्रिसेंसियो समरविले (64वें) ने नीदरलैंड के लिए एक-एक गोल दागा, जबकि कीटो नाकामुरा (57वें) ने जापान की तरफ से गोल किया। यह तीनों गोल 14 मिनट के अंदर किए गए।



### अमेरिका युद्ध के कारण विश्व कप का अनुभव सुखद नहीं : ईरानी कप्तान

**इंगलवुड।** ईरान के कप्तान मेहदी तारेमी ने कहा कि विश्व कप फुटबॉल के सह-मेजबान अमेरिका के साथ चल रहे उनके देश के युद्ध के कारण उन्हें अभी तक कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है और उनके लिए अभी तक का अनुभव सुखद नहीं रहा है। ईरान की टीम मैक्सिको के तिजुआना स्थित अपने अभ्यास स्थल से लॉस एंजिलिस पहुंची। तिजुआना अमेरिकी सीमा के ठीक पार है और उस स्टेडियम से लगभग 140 मील (225 किलोमीटर) दूर है, जहां वह न्यूजीलैंड के खिलाफ ग्रुप चरण का अपना पहला मैच खेलेगा। जंग के कारण ईरान के अभ्यास स्थल को अमेरिका से स्थानांतरित कर दिया गया था। तारेमी ने कहा, 'विश्व कप के लिए यहां पहुंचते ही मुझे तनाव महसूस होने लगा था। किसी भी टूर्नामेंट में जब तनाव होता है, तो हमें वह सुखद अनुभव नहीं मिलता, जिसके बारे में हम हमेशा शांति और खुशी से बात करते हैं।' उन्होंने कहा, 'मैं जानता हूं कि ऐसा सिर्फ हमारे साथ ही नहीं हुआ। मुझे पता है कि कई अन्य देशों को भी वीजा संबंधी समस्याओं और अभ्यास शिविरों में बदलाव का सामना करना पड़ा।

## खबर संक्षेप

### गोवा में 21 से एशिया कप ब्रिज चैंपियनशिप

**पणजी।** एशिया ओशिनिया क्षेत्र के 16 देशों के लगभग 350 खिलाड़ी 21 से 27 जून तक यहां होने वाली पांचवीं एशिया कप ब्रिज चैंपियनशिप में भाग लेंगे। भारतीय ब्रिज महासंघ (बीएफआई) के अध्यक्ष प्रसाद केनी ने कहा कि गोवा प्रत्येक चार साल में होने वाले इस टूर्नामेंट की दूसरी बार मेजबानी करेगा। इससे पहले 2018 में यह चैंपियनशिप गोवा में आयोजित की गई थी। बीएफआई के सचिव देबासिस रे ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया, चीन, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कुवैत, हांगकांग, जापान, चीनी ताइपे, फिलीपींस, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, थाईलैंड और मेजबान भारत इस चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे।

# भारत-ए की सुपर ओवर में हार के बाद मैदान पर हंगामा

### सूर्यवंशी ने श्रीलंकाई खिलाड़ी को मारा धक्का

एजेंसी ▶▶| दांबुला

श्रीलंका के दांबुला में खेली जा रही वनडे ट्राई सीरीज के बेहद रोमांचक और विवादित मुकाबले में सोमवार को श्रीलंका-ए ने भारत-ए को सुपर ओवर में पराजित कर दिया। मैच के नतीजे से ज्यादा सुर्खियां मैदान पर हुए जबरदस्त हाई-वोल्टेज ड्रामे और खिलाड़ियों के बीच हुई धक्का-मुक्की ने बटोरीं।

मैच खत्म होने के बाद भारत के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और एक श्रीलंकाई खिलाड़ी के बीच तीखी बहस हो गई, जो देखते ही देखते हाथापाई तक पहुंच गई और वैभव ने विरोधी खिलाड़ी को धक्का दे दिया। बाद में श्रीलंकाई विकेटकीपर निरोशन डिकवेला ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया।

### अंपायरों से भिड़े कप्तान तिलक

इस मुकाबले में पहले मुख्य मैच टाई पर समाप्त हुआ। भारत-ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.2 ओवर में 265 रनों का स्कोर खड़ा किया था। जवाब में श्रीलंका-ए की टीम भी निर्धारित 50 ओवरों में 265 रन ही बना सकी। श्रीलंका को जीत के लिए आखिरी गेंद पर 2 रनों की दरकार थी, लेकिन वे केवल 1 रन ही ले पाए। मैच टाई होने के बाद मैदान पर पहला विवाद तब शुरू हुआ जब अंपायरों ने शाम ढलने का हवाला देते हुए सुपर ओवर कराने से इनकार करने का प्रयास किया। इस बात पर भारतीय कप्तान तिलक वर्मा अंपायरों से उलझ गए और उनके बीच तीखी बहस हुई, जिसके बाद आखिरकार अंपायरों को सुपर ओवर कराने का फैसला लेना पड़ा।



### सुपर ओवर की 'नो बॉल' पर हुआ बड़ा ड्रामा

सुपर ओवर में श्रीलंका-ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 रन बनाए। इस पारी की आखिरी गेंद पर एक और बड़ा ड्रामा देखने को मिला। भारतीय गेंदबाज अरशद खान की एक फुलटॉस गेंद पर श्रीलंकाई बल्लेबाज कैच आउट हो गए। अंपायर ने उन्हें आउट दिया और भारतीय खिलाड़ी जश्न मनाते हुए मैदान से बाहर चले गए। हालांकि, बाद में जब टीवी रिप्ले देखा गया तो पता चला कि गेंद बल्लेबाज की कमर से ऊपर थी और वह 'नो बॉल' थी। इसके बाद अंपायर ने अपना फैसला बदला और बाहर जा चुके भारतीय फील्डर्स को दोबारा मैदान पर बुलाकर आखिरी गेंद फिर से कराई गई।

# 'दोहा में मिलते हैं', नीरज चोपड़ा ने किया वापसी का ऐलान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फिट हो चुके भारत के भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने घोषणा की कि वह 19 जून को होने वाली दोहा डायमंड लीग के जरिए प्रतिस्पर्धा में वापसी करेंगे। 28 वर्ष के चोपड़ा ने 2025 विश्व चैंपियनशिप में निराशाजनक आठवें स्थान पर रहने के बाद प्रतिस्पर्धा में हिस्सा नहीं लिया है। दोहा डायमंड लीग में भाला फेंक की प्रविष्टियों में चोपड़ा का नाम शामिल है जबकि 12 जून को जारी सूची में उनका नाम नहीं था। उन्होंने पिछले साल इसी टूर्नामेंट में 90 मीटर का आंकड़ा पारी किया था। चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर लिखा ,' दोहा में मिलते हैं।'



# वेस्टइंडीज ने पांच विकेट से जीता तीसरा टी20

### रदरफोर्ड-होल्डर ने श्रीलंका से छीनी जीत




एजेंसी ▶▶| जमैका

वेस्टइंडीज ने रोमांच से भरपूर तीसरे टी20 मुकाबले में श्रीलंका को 5 विकेट से हराया। किंग्स्टन के सबीना पार्क में कैरेबियाई टीम ने श्रीलंका से मिले 170 रनों के लक्ष्य को 19.4 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल किया।

श्रीलंका से मिले 170 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही। शाई होप गोल्डन डक पर पवेलियन लौटे। इसके बाद ब्रैंडन किंग को वानिंदु हसरंगा ने 16 रनों के स्कोर पर क्लीन बोल्ड किया। अकीम ऑगस्टे बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और महज एक रन बनाकर आउट हुए। हेटमायर 19 गेंदों में 32 रन बनाकर आउट हुए। 53 रनों के स्कोर पर 4 विकेट खोकर मुश्किल में दिख रही वेस्टइंडीज की पारी को रोवमैन पॉवेल और शेरफेन रदरफोर्ड ने संभाला। दोनों ने मिलकर पांचवें विकेट के लिए 52 गेंदों में 81 रनों की शानदार साझेदारी निभाई। पॉवेल 27 गेंदों में 33 रन बनाए। रदरफोर्ड ने 40 गेंदों में 54 रनों की नाबाद पारी खेली। श्रीलंका की ओर से वानिंदु हसरंगा ने 17 रन देकर 2 विकेट चटकाए, तो दुनिथ वेल्लालगे, चमीरा और महेश तीक्षणा ने एक-एक विकेट निकाला।

इससे पहले, श्रीलंका की पूरी टीम 20 ओवर में 169 रन बनाकर ऑलआउट हुई। टीम की ओर से दुनिथ वेल्लालगे ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 28 गेंदों में 6 चौके और एक छक्के की मदद से 43 रन बनाए। वहीं, कामिल मिशारा ने 28 रनों का योगदान दिया।

## आज से उस्ती नाद ग्रां प्री, भारतीय मुक्केबाज लेंगे हिस्सा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन सहित राष्ट्रमंडल खेलों की टीम में शामिल भारतीय मुक्केबाज बुधवार से चेक गणराज्य में शुरू हो रही आमंत्रण ग्रां प्री उस्ती नाद लाबेम में हिस्सा लेंगे। लवलीना (75 किग्रा) के अलावा एशियाई चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता प्रीति पवार (54 किग्रा), प्रिया घंघास (60 किग्रा), साक्षी (51 किग्रा) और परवीन हुड्डा (65 किग्रा) महिला टीम की सदस्य हैं। दुनिया की नंबर एक



मुक्केबाज जैस्मिन लंबोरिया (57 किग्रा) और अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) टीम के साथ यात्रा नहीं करेंगी क्योंकि वे चोट से उबर रही हैं। पुरुष टीम में जादुमणि सिंह (55 किग्रा), सचिव सिचाव (60 किग्रा), आदित्य प्रताप (65 किग्रा), सुमित (70 किग्रा), अंकुश (80 किग्रा), कपिल पोखरिया (90 किग्रा) और नरेंद्र (90 किग्रा से अधिक) को जगह मिली है। इस टूर्नामेंट से खिलाड़ियों को अपनी तैयारियों को बेहतर बनाने, अलग-अलग संयोजन को आजमाने और यूरोप के प्रतिस्पर्धी माहौल में मजबूत अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का सामना करने का अनुभव मिलेगा।

## इंटरवेटेन ओपन: संयुक्त 17वें स्थान पर तलवार



**ओबरहास।** शीर्ष 10 में जगह बनाने की ओर बढ़ रहे भारत के सप्तक तलवार अंततः अंतिम दौर में दो अंडर 67 के स्कोर से इंटरवेटेन ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 17वें स्थान पर रहे। तलवार का कुल स्कोर 10 अंडर रहा। इससे पहले वीर अहलावत कट हासिल करने में नाकाम रहे थे। तलवार ने अच्छी शुरुआत करते हुए शुरुआती नौ होल में चार बर्डी की। उन्होंने अंतिम 9 होल में भी 12वें होल में बर्डी की लेकिन इसके बाद 13वें होल में ट्रिपल बोगी कर गए। उन्होंने 16वें होल में एक और बोगी की लेकिन 18वें होल में बर्डी के साथ दो अंडर के स्कोर से संयुक्त रूप से 17वां स्थान हासिल किया।

### नेशंस कप : 3 अंकों के साथ पूल ए में दूसरे स्थान पर भारत

# दीपिका के दो गोल, भारत ने अमेरिका के खिलाफ पलटा मैच

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

दीपिका के दो गोल की मदद से भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच नेशंस कप के पूल ए के अपने पहले मैच में शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए अमेरिका पर 3-2 से जीत हासिल की। भारत की तरफ से दीपिका के दो गोल के अलावा नवनीत कौर ने भी एक गोल किया। अमेरिका की ओर से एशले सेसा और मैडलीन ज़िमर ने गोल किए।

नेशंस कप की विजेता टीम अगले सत्र में प्रो लीग में खेलेगी। भारत पिछले सत्र में इससे बाहर हो गया था। जीत के साथ भारत ने 3 महत्वपूर्ण अंक हासिल किए। भारत 3 अंकों के साथ पूल ए में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। शीर्ष पर काबिज जापान के भी तीन अंक हैं लेकिन उसका गोल अंतर भारत से बेहतर है।



### अमेरिका ने की शानदार शुरुआत

अमेरिका ने शानदार शुरुआत की और एशले ने चौथे मिनट में ही मैदानी गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिला दी। इसके महज तीन मिनट बाद अमेरिका ने अपनी बढ़त दोगुनी कर दी जब मैडलीन जिमर (सातवें) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत पर शुरुआती दबाव बना दिया। दो गोल से पिछड़ने के बाद भारत ने आक्रामक रवैया अपनाया और धीरे-धीरे मैच पर अपनी पकड़ बना दी।

### भारत को पेनल्टी कॉर्नर में मिली बढ़त

भारत को आक्रामक अंदाज में खेलने का फायदा दूसरे क्वार्टर के शुरू में मिला जब ड्रैग-फ्लिक विशेषज्ञ दीपिका (17वें) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अंतर को कम किया। भारतीय टीम ने अपना दबदबा बनाए रखा और उसने दूसरे क्वार्टर में फिर से एक और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। दीपिका (24वें) एक बार फिर आगे बढ़ीं और उन्होंने फिर से पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। भारत ने दबाव बनाए रखा और हाफ टाइम से पहले एक और गोल करके मैच का रुख पूरी तरह से पलट दिया।

### दोनों टीमों को मिले छह-छह पेनल्टी कॉर्नर

नवनीत (28वें) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को मैच में पहली बार बढ़त दिलाई। इस तरह से भारत ने हाफ टाइम तक 3-2 से आगे था। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने गोल करने के अच्छे प्रयास किए। मैच में दोनों टीमों ने छह-छह पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, लेकिन आखिरी दो क्वार्टर में गोल करने में नाकाम रही।

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रायपुर

/// नोटिस //

प्र. क्रमांक क्र 90/ब-121/2025-2026/243
रायपुर, दिनांक 10.06.2026

प्रति,
1 श्रीमती हेमलता भरने पति हेमकिशोर
2 श्री हेमकिशोर भरने व. मनुलाल भरने
दोनों निवासी मिनेनियम चौक मिहिनी ब्यूटी पार्लर के पास सुन्दर नगर रायपुर
3 श्री चुन्नीलाल भरने व. प्रेमलाल भरने
निवासी- अलमीरा फैक्ट्री करन नगर, न्यू चंगोराभाठा, रायपुर

आवेदक प्राधिकृत अधिकारी पंजाब नेशनल बैंक एस. ए. एम. सर्कल आफिस नवा रायपुर की ओर से असद उल्लाह शरीफ अधिवक्ता ने आवेदन पत्र / शपथपत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है कि आपने आवेदक कंपनी से 6,00,000.00 रूपये का ऋण प्राप्त कर श्रीमती हेमलता भरने के स्वामित्व की अचल संपत्ति कंपनी के पक्ष में बंधक रखा है । आपके द्वारा ऋण की अदायगी नहीं की जा रही है जिसके कारण कंपनी ने आपको अधिनियम की धारा 13 के तहत नोटिस जारी किया गया कि आप ऋण की अदायगी मय ब्याज एवं अन्य शुल्क रूपया 8,03,843.81 अदा करें अन्यथा बंधक रखी गई सपंत्ति कंपनी अपने हक में प्रदान कर कब्जा दिलाये जाने का निवेदन किया है।
2/ आपने प्राधिकृत अधिकारी पंजाब नेशनल बैंक एस. ए. एम. सर्कल आफिस नवा रायपुर से 6,00,000.00 रूपये का ऋण प्राप्त कर मौजा चंगोराभाठा प.ह.नं. 105/47 तहसील रायपुर स्थित भूमि ख.नं. 212/13 का भाग रकबा 640 वर्गफुट को ऋणदाता कंपनी के पक्ष में बंधक रखा है।
3/ अतः आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में उपरोक्त बंधक रखी गई अचल संपत्ति को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए क्यों न आधिपत्य में लेने की कार्यवाही की जावे । आप स्वयं अथवा अपने नियुक्त अभिभाषक के माध्यम से ऋण से संबंधित एवं बंधक रखी गई संपत्ति से संबंधित दस्तावेज लेकर पक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय में पेशी दिनांक 22.06.2026 को ठीक 3.00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करें । नियत तिथी में उपस्थित नहीं होने की दशा में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण में निर्णय लिया जावेगा।
आज दिनांक 10 जून 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी
रायपुर (छ.ग.)




# दूध में जिंदा मेंढक डाल देते थे लोग, बिना फ्रिज कई दिनों तक रहता था ताजा

**मास्को।** आज जब हर घर में फ्रिज है, तब कल्पना करना भी मुश्किल है कि जब ये नहीं था, तब लोग दूध को कई दिनों तक फ्रेश कैसे रखते थे? एक प्रचलित स्टोरी के मुताबिक़, उस समय लोग बिना फ्रिज के दूध को कई दिनों तक ताजा रखने के लिए जिंदा मेंढक का इस्तेमाल करते थे. रूस और फिनलैंड के ग्रामीण इलाकों में यह प्रथा सदियों से चली आ रही थी। लोग दूध के बर्तन में एक जिंदा ब्राउन फ्रॉग डाल देते थे और दूध खराब नहीं होता था। यह कोई अंधविश्वास या जादू-टोना नहीं था, बल्कि इसके पीछे ठोस वैज्ञानिक कारण था। 2012 में मॉस्को स्टेट यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने इस प्रथा का अध्ययन किया और फिर चौंकाने वाले नतीजे सामने आए। उन्होंने पाया कि इस मेंढक की त्वचा से विशेष प्रकार के पेप्टाइड्स (छोटे प्रोटीन) निकलते हैं जो बैक्टीरिया और फंगस को मारने में बेहद प्रभावी होते हैं। इस वजह से ही दूध फ्रेश रहता था।

## मेंढक की बॉडी से निकलने वाले खास केमिकल से खराब नहीं होता था दूध

### कैसे काम करता है ये साइंस?

मेंढक के ये एंटीमाइक्रोबियल पेप्टाइड्स दूध में मौजूद बैक्टीरिया को बढ़ने से रोक देते थे, जिससे दूध जल्दी खट्टा नहीं होता था। वैज्ञानिकों ने इस मेंढक की त्वचा से 76 से ज्यादा नए पेप्टाइड्स की पहचान की, जिनमें कई ऐसे थे जो स्टेफिलोकोकस और सैल्मोनेला जैसे खतरनाक बैक्टीरिया से लड़ने में सक्षम थे। पुराने समय में जब रेफ्रिजरेशन की सुविधा नहीं थी, तब यह तरीका आम लोगों के लिए वरदान साबित होता था। दूध खराब होने से बच जाता था और परिवार कई दिनों तक ताजा दूध का इस्तेमाल कर पाता था। मेंढक को बाद में निकाल लिया जाता था और उसे नुकसान नहीं पहुंचाया जाता था।



### वैज्ञानिकों ने भी की थी तारीफ़

वैज्ञानिक अब इन पेप्टाइड्स से नए एंटीबायोटिक्स बनाने की कोशिश कर रहे हैं, खासकर उन बैक्टीरिया के खिलाफ जो मौजूदा दवाओं के प्रति रेसिस्टेंट हो चुके हैं। रूस के अलावा फिनलैंड और कुछ अन्य यूरोपीय इलाकों में भी यह तरीका प्रचलित था। लोग मेंढक को दूध के बर्तन में डालकर रख देते थे। मेंढक दूध में तैरता रहता और अपनी त्वचा से लगातार पेप्टाइड्स छोड़ता रहता था। इससे दूध का पीएच बैलेंस बना रहता और बैक्टीरियल ग्रोथ रुक जाती थी। आधुनिक विज्ञान ने इस पुरानी लोक परंपरा को सही साबित किया है। अमेरिकन केमिकल सोसाइटी और अन्य जर्नल्स में इस पर रिसर्च पेपर प्रकाशित हुए हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि इन पेप्टाइड्स का इस्तेमाल भविष्य में फूड प्रिजर्वेशन और मेडिसिन दोनों क्षेत्रों में हो सकता है। हालांकि, आजकल किसी को भी सलाह नहीं दी जाती कि दूध में मेंढक डालें।

# ब्लैक होल नहीं, मरता हुआ तारा बना रहा है एक नई दुनिया!

**वॉशिंगटन।** अंतरिक्ष हमेशा से रहस्यों का समंदर रहा है, लेकिन हाल ही में जो थ्योरी सामने आई है, उसने वैज्ञानिकों के भी होश उड़ा दिए हैं। अब तक हम यही जानते थे कि जब कोई विशालकाय तारा मरता है, तो वह एक खतरनाक ब्लैक होल बन जाता है, जिसमें रोशनी भी समा जाती है। लेकिन क्या हो अगर हम कहें कि तारा मरते-मरते एक नया ब्रह्मांड पैदा कर रहा है? जी हां, गोएथे यूनिवर्सिटी फ्रैंकफर्ट की एक नई स्टडी के अनुसार, ब्लैक होल की जगह अंतरिक्ष में एक 'ग्रेवास्टार' बन सकता है, जिसके पेट में एक पूरी नई मिनी-यूनिवर्स पल रही होती है।

### क्या ब्लैक होल वाकई सच हैं?

जब अंतरिक्ष में किसी बहुत बड़े तारे का ईंधन खत्म हो जाता है, तो वह अपने ही गुरुत्वाकर्षण के कारण सिकुड़ने लगता है। विज्ञान की पुरानी थ्योरी कहती है कि यह सिकुड़न तब तक जारी रहती है जब तक कि पूरा तारा एक छोटे से बिंदु में न समा जाए, जिसे हम 'सिंगुलैरिटी' कहते हैं। यहीं से ब्लैक होल का जन्म होता है। लेकिन, यह बात भौतिकी के नियमों को उलझा देती है। अरबों सूर्यों के बराबर का वजन एक छोटे से बिंदु में कैसे समा सकता है? इसी उलझन को सुलझाने के लिए वैज्ञानिकों ने एक नया रास्ता खोजा है, जिसे 'ग्रेवास्टार' नाम दिया गया है।

## नई स्टडी में खुला सबसे बड़ा राज



### क्या ब्लैक होल का अस्तित्व खत्म हो गया?

प्रोफेसर लुसियानो रेजोला का कहना है कि इस नई खोज का मतलब यह कतई नहीं है कि ब्लैक होल मौजूद नहीं हैं। ब्लैक होल आज भी अंतरिक्ष की सबसे सरल और प्रामाणिक सच्चाई हैं। लेकिन, एक वैज्ञानिक होने के नाते, हमें हर उस संभावना पर काम करना चाहिए जो हमें नहीं पता है। इतिहास गवाह है कि जो बातें कभी काल्पनिक या अजीब लगती थीं, वही बाद में विज्ञान का सबसे बड़ा सच बनीं। यह नई थ्योरी हमें ब्रह्मांड को एक बिल्कुल नए नजरिए से देखने का मौका देती है।

### क्या होता है ग्रेवास्टार और डार्क एनर्जी का खेल?

ग्रेवास्टार देखने में बिल्कुल ब्लैक होल जैसा ही भारी और घना होता है, लेकिन इसके अंदर कोई सिंगुलैरिटी नहीं होती. नई स्टडी के अनुसार, इस अनोखे ऑब्जेक्ट के अंदर 'डार्क एनर्जी' भरी होती है। यह डार्क एनर्जी बाहर की तरफ एक जबरदस्त दबाव बनाती है। जैसे ही तारा अंदर की तरफ गिरता है, यह डार्क एनर्जी उसे रोक देती है और तारे को पूरी तरह नष्ट होने से बचा लेती है।

### तारे के पेट में बिग बैंग और नया ब्रह्मांड

भौतिक विज्ञानी डेनियल जेम्पोल्स्की और प्रोफेसर लुसियानो रेजोला ने अल्बर्ट आइंस्टीन के सिद्धांतों के आधार पर इस गुत्थी को सुलझाया है। उन्होंने बताया कि जब तारा मरने की कगार पर होता है, तो उसके अंदर एक छोटा 'बिग बैंग' होता है। यह बिल्कुल वैसा ही धमाका है जिससे हमारा अपना ब्रह्मांड बना था। इस धमाके से तारे के अंदर ही एक छोटा, नया ब्रह्मांड फैलने लगता है। यह अंदरूनी ब्रह्मांड बाहर की तरफ फैलता है और तारे को ब्लैक होल बनने से रोक देता है।

### 25 साल पुरानी पहेली का मिला जवाब

वैज्ञानिक पिछले 25 सालों से इस बात पर बहस कर रहे थे कि अगर ग्रेवास्टार होते भी हैं, तो वे बनते कैसे हैं? इस नई स्टडी ने पहली बार इसका गणितीय जवाब दिया है। डेनियल जेम्पोल्स्की के अनुसार, जब तारा पूरी तरह ब्लैक होल बनने के बेहद करीब पहुंच जाता है, ठीक उसी आखिरी स्टेज पर नए ब्रह्मांड का जन्म होता है। इतने भारी दबाव में पदार्थ कैसा व्यवहार करता है, यह अभी भी पूरी तरह रहस्य है। यही वजह है कि वहां नए भौतिक विज्ञान के नियम लागू होते हैं।



## इंसानों से अधिक है गाय की संख्या!

# दुनिया का वो देश, जहां गली-गली बिकता है गांजा, नहीं पकड़ती पुलिस!

**मोंटेवीडियो।** अगर कोई देश हो जहां गांजा खरीदना-बेचना पूरी तरह कानूनी हो, पुलिस आपको नहीं पकड़े, बल्कि सरकार खुद दुकानें चलाए। समलिंगी शादी हो, एबॉर्शन हो और भ्रष्टाचार नाम की कोई चीज ना हो, तो आप किस देश की कल्पना करेंगे? यह कोई काल्पनिक जगह नहीं, बल्कि दक्षिण अमेरिका का छोटा सा देश उरुग्वे है, जिसे दुनिया का सबसे शांत और प्रगतिशील देश कहा जाता है।



### गांजा लीगल कैसे हुआ?

वर्ष 2013 में उरुग्वे दुनिया का पहला देश बना, जिसने पूरे देश में गांजा पूरी तरह कानूनी बना दिया। यहां गांजा ना सिर्फ लीगल है, बल्कि फार्मेसी और लाइसेंस्ड दुकानों पर खुलेआम बिकता है। सरकार खुद इसकी खेती, उत्पादन और बिक्री नियंत्रित करती है। इसका मकसद था- अवैध माफिया और ड्रग कार्टल को खत्म करना और टैक्स के रूप में सरकार को राजस्व देना। आज उरुग्वे में 18 साल से ऊपर का कोई भी व्यक्ति कानूनी रूप से गांजा खरीद सकता है।

### बीफ की गुणवत्ता के लिए दुनियाभर में मशहूर

उरुग्वे में लगभग 34 लाख इंसान रहते हैं, जबकि गायों की संख्या 1.2 करोड़ से ज्यादा है। यानी हर इंसान पर औसतन 3-4 गायें हैं। यहां मांस निर्यात बहुत बड़ा उद्योग है। बीफ की गुणवत्ता इतनी अच्छी है कि दुनिया भर में मशहूर है। उरुग्वे कई सामाजिक मुद्दों पर बहुत आगे है। यहां सेम सेक्स मैरिज 2013 में ही लीगल कर दिया गया था। इसके अलावा 2012 से महिलाओं को पहली 12 हफ्तों तक एबॉर्शन का अधिकार है। इस देश में भ्रष्टाचार ना के बराबर है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के अनुसार उरुग्वे लैटिन अमेरिका का सबसे कम भ्रष्टाचार वाला देश है। यहां राजनेता और अधिकारी काफी ईमानदार माने जाते हैं। वहीं, संसद में महिलाओं की अच्छी भागीदारी है।

# समुद्र के भीतर मिला दुनिया का सबसे बड़ा कब्रिस्तान

**बीजिंग।** दुनिया भर में कई ऐसे रहस्य हैं, जिनसे पर्दा उठना अभी भी बाकी है। दुनिया में अलग-अलग जगहों से किसी न किसी बड़ी खोज की जानकारी हमेशा आती रहती है। इस बीच वैज्ञानिकों ने एक बड़ी खोज की है। चीनी वैज्ञानिकों ने हिंद महासागर की तलहटी पर दुनिया का सबसे बड़ा कब्रिस्तान पाया है। यह सबसे बड़ा होने के साथ-साथ सबसे गहरा कब्रिस्तान भी है। दरअसल, यह कब्रिस्तान मानवों का नहीं, बल्कि व्हेल मछलियों का है। चीनी वैज्ञानिकों ने खोज में पाया कि लाखों साल पुराने व्हेल के कंकालों का यह बड़ा इलाका गहरे समुद्र में जीवन और नई प्रजातियों के लिए एक बड़ा ठिकाना बना हुआ है। नेचर में छपी रिसर्च बताती है कि यह धरती पर अभी तक का सबसे गहरा और सबसे बड़ा कब्रिस्तान है।



### कैसे हुई खोज

चीनी वैज्ञानिकों ने इस खोज को अंजाम देने के लिए फेंडोजे नाम की एक छोटी सी पनडुब्बी का इस्तेमाल किया था। बता दें कि चीन की इस खास पनडुब्बी ने साल 2023 में समुद्र में कुल 32 बार गहरी डुबकी लगाई. जिसकी मदद से मिली जानकारी के बारे में विस्तार से अब बताया गया। रिपोर्ट बताती है कि ऑस्ट्रेलिया के पश्चिम में हिंद महासागर के भीतर करीब 12,00 किलोमीटर लंबे क्षेत्र में ये कंकाल फैले हुए हैं।


### हैरान रह गए वैज्ञानिक

वैज्ञानिक उस वक्त हैरान रह गए, जब उन्होंने रोबोटिक आर्म्स की मदद से समुद्र की सतह से करीब 7 किमी की गहराई से 500 के करीब कंकालों के नमूमों के एकत्र किया। वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाते हुए बताया कि  कम एक करोड़ से अधिक व्हेल के कंकाल मौजूद हैं।

# सुपर अल नीनो ने दिखाना शुरू किया कहर अंटार्कटिका में पिघलने लगे बर्फ के पहाड़

**वॉशिंगटन।** जिस अंटार्कटिका का नाम सुनते ही सबसे पहले ऊंचे-ऊंचे पहाड़ और हाड़-कंपाने वाली ठंड दिमाग में आता हो, वहां इस समय कुछ ऐसा हो रहा है, जो दुनिया भर के वैज्ञानिकों की टेंशन बढ़ा दिया है। जून के महीना में भी अंटार्कटिका में कड़ाके की ठंड पड़ती है, लेकिन इस साल एक खौफनाक हीटवेव का सामना कर रहा है। अंटार्कटिका में तापमान सामान्य से पूरे 20 डिग्री सेल्सियस ऊपर जा चुका है। सफेद बर्फ की चादर पिघल रही है और ग्लेशियर पानी की तरह बह रहे हैं। आखिर पृथ्वी के सबसे ठंडे कोने में अचानक मौसम में ऐसा बदलाव क्यों आया है, क्या वजह है और क्यों वैज्ञानिक इसे पूरी मानव सभ्यता के लिए बड़ा खतरा मान रहे हैं?

अंटार्कटिका में वैज्ञानिकों ने 6 जून को तापमान रिकॉर्ड 15.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है। त्रिनिटी प्रायद्वीप पर मौजूद रिसर्चर्स के अनुसार, यह तापमान इस मौसम के सामान्य तापमान से करीब 20 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है, जो कि एक बहुत ही डरावना संकेत है। चिली के ग्लेशियोलॉजिस्ट यानी बर्फ विशेषज्ञ लुइस मुनोज ने बताया कि जब वे कोलिन्स ग्लेशियर के ऊपर पहुंचे, तो तापमान इतना ज्यादा था कि बाहर की हर चीज पिघल रही थी।



### अंटार्कटिका में दिखा एक और खतरा

अंटार्कटिका से एक और हैरान कर देने वाली खबर आ रही है। पश्चिमी अंटार्कटिका का सबसे बड़ा ग्लेशियर, जिसे डूम्सडे ग्लेशियर भी कहते हैं, इस साल अपनी एक प्रमुख बर्फ की शेल्फ खोने वाला है। सैटेलाइट से आई तस्वीरों से पता चला है कि कि थ्वाइट्स ईस्टर्न आइस शेल्फ बहुत ही जल्द मेन ग्लेशियर से अलग हो जाएगी। करीब 120 किलोमीटर चौड़ा यह ग्लेशियर बहुत ही विशाल है। मार्च 2026 में सामने आई एक स्टडी के मुताबिक, यह डूम्सडे ग्लेशियर आने वाले समय साल 2067 तक हर साल 180 अरब से 200 अरब टन बर्फ खो देगा, जिससे समुद्र का जलस्तर बढ़ने का खतरा बहुत ज्यादा बढ़ गया है।

### सुपर अल नीनो का दिख रहा असर

वैज्ञानिकों का मानना है कि इस भयंकर बदलाव के पीछे सुपर अल नीनो का हाथ है। नासा और विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने पहले ही चेतावनी दी थी कि प्रशांत महासागर से उठने वाली ये गर्म लहरें दुनिया भर के मौसम को प्रभावित करेंगी. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार प्रशांत महासागर में अल नीनो अब पूरी तरह से एक्टिव हो चुका है और आने वाले दिनों में यह और भी मजबूत हो सकता है।

# बच्चे पैदा करते-करते मर जाती है ये मां, हर 3 सेकंड में देती है एक बच्चा!

**नई दिल्ली।** प्रकृति ने कुछ जीवों को इतना अनोखा बनाया है कि देखकर यकीन नहीं होता। अगर हम कहें कि एक मां अपने पूरे जीवन में कभी आराम नहीं करती, सिर्फ बच्चे पैदा करती रहती है, तो शायद आप चौंक जाएंगे। लेकिन, यह सच है। हम बात कर रहे हैं रानी दीमक यानी टर्माइट क्वीन की, जो दुनिया की सबसे हैरतअंगेज मां है।

रानी दीमक 25 से 50 साल तक जिंदा रह सकती है। इनमें से ज्यादातर समय वो लगातार प्रेग्नेंट रहती है। मादा टरमाइट यानी रानी दीमक हर तीन सेकंड में एक अंडा देती है। इसका मतलब है कि ये दिन में करीब 30,000 अंडे देती है।



### अकेले बढ़ाती है साम्राज्य

वैज्ञानिकों के अनुसार टर्माइट कॉलोनी की सफलता इसी रानी पर टिकी होती है। कॉलोनी शुरू में छोटी होती है, लेकिन रानी के लगातार अंडे देने से हजारों-लाखों दीमकें तैयार हो जाती हैं। ये दीमकें कॉलोनी को बनाती हैं, खाना जुटाती हैं, सुरक्षा करती हैं और रानी की देखभाल करती हैं। रानी दीमक का शरीर आम दीमक से बिल्कुल अलग होता है। उसका पेट लंबा और फूला हुआ होता है, जो अंडों से भरा रहता है। कुछ प्रजातियों में रानी का वजन इतना बढ़ जाता है कि वो मुश्किल से हिल पाती है।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com